CMYK

तापमान
अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 23°C

सेंसेक्स 82,330.59
निफ्टी 25,019.80

सोना 95,575
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 17 मई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 125 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मिचेल स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## कोचीन हवाई अड्डे से 44.40 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त

**कोच्चि।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण अभियान में 15 मई की रात को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सीमा शुल्क टीम ने फ्लाइट एसजी18 से दुबई जा रही एक महिला यात्री को रोका। उसके चेक-इन बैगेज की गहन जांच करने पर, अधिकारियों ने 2,00,000 सऊदी रियाल (500 एसएआर × 400 नोटों के मूल्यवर्ग में) बरामद किए, जो लगभग 44.40 लाख रुपये के बराबर है। विदेशी मुद्रा को चेक-इन बैगेज के भीतर एल्यूमीनियम पन्नी की परतों के अंदर चतुराई से छिपाया गया था। आगे की जांच जारी है। सीबीआईसी के मुख्य आयुक्त एसके रहमान के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम जोन के अधिकारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

## पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे: हाईकोर्ट

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र बल अगले आदेश तक अशांत शमशेरगंज और धुलियान में तैनात रहेंगे और न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को और अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती करने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि अगर राज्य के पास पर्याप्त बल होते, तो हिंसा को टाला जा सकता था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य दोनों को शमशेरगंज और धुलियान में एक स्थायी सीमा सुरक्ष बल शिविर स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि उन क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जहां गत 11-12 अप्रैल को सांप्रदायिक दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई थी तथा दुकानों और घरों में लूटपाट किया गया था। गुरुवार को आदेश जारी करने के बाद, न्यायाधीशों ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से मुक्त कर दिया और इसे मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम को भेज दिया, ताकि दूसरे खंडपीठ के लिए भेजा जा सके।

## 29 राज्यों में आंधी व बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। बाकी जिलों में हीट वेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों मेंअधिकतम तापमान 44.0 डिग्री के पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है।

### थरूर, ओवैसी, सलमान खुर्शीद व मनीष तिवारी समेत 30 सांसद कई मुल्कों में जाकर बताएंगे हकीकत

# ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर है, दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

अहमदाबाद, वार्ता


**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और -शेष पृष्ठ दो पर

**बोले-ब्रह्मोस ने पाक को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला**



## ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक: अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां नार्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेन्टर के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेन्सियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। मल्टी एजेन्सी सेन्टर को देश में आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सेंटर में खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एनालाइसिस विंग, देश भर के पुलिस खुफिया विंग और अर्द्धसैनिक बलों की खुफिया इकाई एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

## पाक को बेनकाब करने में सरकार का साथ देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने के लिए सरकार अगर बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल भेजती है, तो कांग्रेस इसमें शामिल होगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों की राजधानियों में बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने पर विचार कर रही है। सरकार अगर यह कदम उठाती है, तो कांग्रेस के सांसद भी उसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है।

# शाह के बाद देवड़ा ने दिया बेहूदा बयान

जबलपुर, वार्ता

**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह के बाद अब प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान पर सियासी बवाल हो रहा है।

विपक्ष ने देवड़ा पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। पर्यटकों को उनके परिवार के सामने धर्म पूछकर गोली मारी गई। महिलाओं को अलग ले जाया गया और पुरुषों को उनके परिवार के सदस्यों, उनके बच्चों के सामने गोली मार दी गई। तभी हमने ठान लिया कि इस देश के लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों से बदला नहीं ले लेते।

**कहा: पूरा देश, देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक**



### हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

## रक्षा बजट में होगा 50 हजार करोड़ का इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवम्बर-दिसम्बर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया।

**आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस**

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय आकर रहेगा।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं, तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी।



**कहा: हर कोई अखबार में नाम चाहता है**

### इस्कॉन-बेंगलुरु राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिक: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इस्कॉन) सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। पीठ ने इस्कॉन-बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है।

### जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



**रामपुर (ब्यूरो)।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहन्त मोहन भारती को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने पर हड़कंप मच गया है। श्रद्धालुओं में भी मैसेज के प्रति उबाल है। जूना अखाड़ के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में बने माता बाल सुंदरी के मंदिर के महंत और श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को गुरुवार को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें कहा कि बाबा मोहन भारती जूना अखाड़े का अध्यक्ष क्या बना है। अपने आप को बहुत बड़ा समझ रहा है। मोहन भारती सुरक्षा को लेकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार शाम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के धौला कुआं और फरीदाबाद में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। फरीदाबाद में तेज आंधी और बारिश से सड़कों पर पेड़ टूट गए हैं। वहीं दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम सुहाना हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद के आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चलती रही। इससे पहले दिल्ली के आरके पुरम इलाके में मौसम सुहाना हो गया। जिससे बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली- एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है।

### भगोड़े नीरव मोदी पर कसा शिकंजा

#### पीएनबी से 14500 करोड़ के फ्रॉड का है आरोप

**लंदन।** पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव मोदी को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी।

### बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कश्मीर के बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक आूपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोआर्डिनेशन अच्छा था।

## भारतीय कारोबारियों ने तोड़ा तुर्की व अजरबैजान से रिश्ता

नई दिल्ली, वार्ता

**खुदरा कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है।

### आईआईटी रुड़की ने इनोनू विवि के साथ एमओयू को किया रद्द

**देहरादून।** देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया सेल की प्रभारी श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार आईआईटी रुड़की अपने अतंर्राष्ट्रीय जुड़ाव को राष्ट्रीय हित के साथ जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन रद्द किए

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों का अनुसरण करते हुए निजि विश्वविद्यालय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने भी तुर्की और अजरबैजान के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों को रद्द कर दिया है। एलपीयू की ओर से बताया गया कि इन दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

### मुंबई हवाई अड्डे ने तुर्की की कंपनी से समझौता किया समाप्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने तुर्की की विमानन कंपनी सेलेबी के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। क्योंकि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि सेलेबी को निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं को तुरंत सौंपने का निर्देश दिया गया है।

## नीरज चोपड़ा ने पहली बार पार किया 90 मीटर का आंकड़ा

दोहा, वार्ता

**दोहा डायमंड लीग** में हिस्सा ले रहे नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। नीरज ने तीसरे प्रयास में 90.23 मीटर का थ्रो किया। यह पहली बार है जब नीरज ने अपने करियर में 90 मीटर का थ्रो किया है।

नीरज के करियर का यह सर्वश्रेष्ठ थ्रो भी है। इससे पहले नीरज का करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 89.94 मीटर था जो उन्होंने 2022 स्टाकहोम डायमंड लीग में बनाया था। तीसरे प्रयास में जूलियन वेबर ने 89.06 मीटर का थ्रो किया। वहीं, किशोर जेना तीसरे प्रयास में फाउल कर बैठे। तीन प्रयास के बाद नीरज पहले स्थान पर बने रहे। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज सबसे पहले थ्रो करने आए और उन्होंने पहले ही प्रयास में 88.44 मीटर का थ्रो किया। उनके प्रतिद्वंद्वी एंडरसन पीटर्स ने पहले प्रयास में 85.64, जूलियन वेबर ने 83.82 और जूलियस येगो ने 68.81 मीटर का थ्रो किया। नीरज चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरे प्रयास में लय गड़बड़ा गए और फाउल कर बैठे। हालांकि, वह अभी भी शीर्ष पर चल रहे हैं।

**दो बार के ओलंपिक पदक विजेता के करियर का यह सर्वश्रेष्ठ थ्रो भी**

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच दरगाह जेठ मेले पर रोक में नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ से बहराइच में दरगाह शरीफ के लगने वाले जेठ मेले पर रोक मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद भी याचियों को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 19 मई को नियत की है। याचियों की ओर से कहा गया कि जेठ मेला 18 मई से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की जल्द सुनवाई की जाए। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले की अर्जेंट सुनवाई की अर्जी मुख्य न्यायमूर्ति को देने की याचियों को अनुमति दी है। न्यायधीश एआर मसूदी और न्यायधीश अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष बहराइच की दरगाह शरीफ प्रबंध समिति की ओर से इसके चेयरमैन समेत छह छह लोगों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने याचिका का विरोध किया। जबकि याचियों की ओर से उनके अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र ने मेला आयोजन की अनुमति देने की दलीलें दीं।

### हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर: पाठक

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए बयान पर अब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से स्पष्टीकरण मांगा है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा जातिगत उन्माद फैलाना चाहती है। दलित समाज की बेटी को जाति सूचक शब्द से पुकारना कहां तक उचित है? अखिलेश यादव का इस विषय पर अब तक बयान नहीं आया है। उन्हें अपना और पार्टी का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। समाजवादी पार्टी इस विषय पर अपना स्टैंड स्पष्ट करे और जनता से माफी मांगे। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सपा नेता रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए जाति सूचक बयान की आलोचना की है। राम गोपाल यादव का बयान शर्मनाक है। हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर है और सिर्फ भारतीय है। सेना को जाति और धर्म से जोड़कर राजनीति नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयान मनोबल गिराने वाले होते हैं, इससे बचना चाहिए।

### लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी

**लखनऊ।** अब यूपी के किसान अपने खेतों को समतल कर कम पानी में ज्यादा फसल उगा सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत तक या अधिकतम दो लाख रुपये तक की सब्सिडी देने का ऐलान किया है। इस मशीन से खेत इस तरह समतल होंगे जैसे फुटबाल का मैदान। इससे फसल की सिंचाई में पानी की बचत, उपज में बढ़ोतरी और लागत में कमी जैसे कई फायदे होंगे। खेत का पानी खेत में, यह कहावत अब केवल कहावत नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से इसे जमीन पर उतारा जा सकेगा। खेत समतल होने से सिंचाई का पानी हर हिस्से में बराबर बहेगा, जिससे नमी पूरे खेत में समान बनी रहेगी। इससे बीज अच्छी तरह जमेंगे और फसल एकसाथ पकेगी। सरकार की ओर से बताया गया है कि इस मशीन में जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है।

# मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक

नई दिल्ली, वार्ता



**गुजरात समाचार के संस्थापक को गिरफ्तार किया: खड़गे**

**अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तो लोकतंत्र खतरे में : राहुल**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था– आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है, जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी ने सिद्ध किया है, आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है। जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। गांधी ने कहा कि गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अखबार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है।

### सेना, सैनिकों को अपमानित करने वाले मप्र के दोनों मंत्री हों बर्खास्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देवड़ा तथा शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं। सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। भाजपा मूक–दर्शक बनी नहीं रहेगी और मोदी छिपे नहीं रह सकते। अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा जगदीश देवड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन–सहमति और संरक्षण है।

## दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें

# डा. मिर्जा शफीक हुसैन चौथी बार बनाए गए मजलिसों के कॉर्डिनेटर

जिया अब्बास जैदी, शाह टाइम्स

**22 मई से शुरू होकर 25 तक चलेंगी मजलिसें**



**लखनऊ।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग–अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह–ए–आलिया नजफ–ए–हिन्द जोगीपुरा की मजालिसें 122 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ये अकीदत का मरकज़ है। 351 साल से ज्यादा हो गए, ये दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ–साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली ज़ैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार चौथी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़्वी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासक गुलरेज हैदर के वालिद जहीर हैदर भी दरगाह जोगीपुरा के सेक्रेट्री रह चुके हैं। डा. मिर्ज़ा शफीक ने बताया कि 24 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा।

# सपा ने किया था मायावती का चीरहरण: सूर्य प्रताप

लखनऊ, वार्ता



**राम गोपाल यादव के बयान पर योगी के मंत्री का पलटवार**

यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को अपने निजी आवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को ध्वस्त किए जाने की बात कही थी। उन्होंने सेना को खुली छूट दी, जिसकी वजह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपने शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लगभग एक दर्जन आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और 7 से 8 हवाई अड्डों को सामूहिक रूप से नुकसान पहुंचाया। यह अपने भारत के सैन्य ताकत को प्रदर्शित करता है। सेना के तीनों अंगों को मैं सलाम करता हूं, बधाई देता हूं।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के सेना अधिकारी पर विवादित बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हमेशा जाति और सांप्रदायिक एंगल से हर चीजों को देखा है। आज पाकिस्तान और हिंदुस्तान की जो कठिनाइयां पैदा हो रही है, उसके भीतर ही कांग्रेस का ही गढ़ है। कांग्रेस की वजह से नासूर की तरह देश हमारा 72 वर्षों से भुगत रहा है और अभी भी वह इसके बारे में सचेत नहीं है। देश के भीतर अनावश्यक टिप्पणियां करके सेना के लोगों के हौसले पर सवाल खड़ा करते हैं। उनको जाति के अंतर्गत बांटने का काम करते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। रामगोपाल यादव ने कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नाक के नीचे दलित अल्पसंख्यक और पिछड़ों के साथ अत्याचार हो रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उनके नाक के नीचे तो मायावती जी का चीर हरण किया जा रहा था, उस समय क्या कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के लोगो ने एक अनुसूचित नेता जो प्रदेश की मान्य नेता है, को चीर हरण के लिए कैसा प्रयास किया था, ये सारी दुनिया ने देखा था।

## जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

# 183 अफसरों-कर्मियों पर की गई कार्रवाई

शाह टाइम्स ब्यूरो



**122 अधिकारियों पर जांच बैठाई, 55 पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई छह को निलंबित कर दिया गया है: सीएम**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों–कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि 6 को निलंबित कर दिया गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल 7 मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा 5 अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और 7 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर 4 को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर 2 का निलंबन किया गया है। वहीं 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और 06 का निलंबन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### बरेली समेत पांच शहरों में स्थापित होंगी नई अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब लखनऊ और मेरठ के बाद वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जैसे प्रमुख जिलों में भी माइक्रोबायलॉजी लैब स्थापित की जा रही हैं। यह लैब्स न केवल खाद्य और औषधि पदार्थों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के लिए उपयोगी होंगी, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी त्वरित और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखासिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी में लैब का कार्य पूरा हो चुका है और 31 मई से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह पूर्वांचल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और सूक्ष्म पैथोजन्स से जुड़ी जांच के लिए दूसरे शहरों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ में भी ऐसी ही अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब की स्थापना हेतु एफएसएसएआई द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया है।

### श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक–दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है, जब श्रम कानूनों को प्रो–इंडस्ट्री और प्रो–श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक–हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता



एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4126 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2607 में लिवाली जबकि 1380 में बिकवाली हुई, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2971 कंपनियों में से 1969 में तेजी जबकि 911 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण भारती एयरटेल, एसबीआई और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में कमजोरी रहा। इन शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव बना। वहीं इस गिरावट के बावजूद बाजार को अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से कुछ सहारा मिलने की उम्मीद है। बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि अन्य में बढ़त रही। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 138 अंक की गिरावट लेकर 82,392.63 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 82,514.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह दोपहर से पहले 82,146.95 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस केके मुकाबले 0.24 प्रतिशत टूटकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ।

### इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया। राजधानी में उद्योग भवन में मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित समारोह में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय का कहना है कि नई वेबसाइट को इसके संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करना सहज हो जाता है। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उठाव सुस्त, जिंसों में बना रहा टिकाव

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल–तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट गिरकर 3837 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.16 सेंट गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़–चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल–दलहन : दाल–दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल–दलहन : चना 6100–6200, दाल चना 7100–7200, मसूर काली 7650–7750, मूंग दाल 9850–9950, उड़द दाल 9250–9350, अरहर दाल 8500–8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950–3050 रुपये और चावल 3550–3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी–गुड़: चीनी एस. 4280–4380, चीनी एम. 4500–4600, मिल डिलीवरी 3620–3720 और गुड़ 4400–4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर....**

71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है। राजनाथ ने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता–पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, छसीपी–एसपी, बीजद, सीपीआई–एम के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलीगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी–एसपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22–23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलीगेशन में 5–6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोआर्डिनेट कर रहे हैं। सांसदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल



**दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली**

**श्रीनगर।** जम्मू–कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है, जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग–अलग मुठभेड़ों में लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद के तीन–तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच 'सहज समन्वय' के कारण है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीलफ्ग में सेना के 'विक्टर फोर्स' के जनरल ऑफिसर कमाडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे। बिरधी ने आगे कहा कि कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहनचितन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बिरधी ने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतोपोरा में एक–एक ऑपरेशन सीआरपीएफ, भारतीय सेना और जम्मू–कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनरल जोशी ने आपेरशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन 'नादर' त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग–अलग इलाकों में किए गए थे, एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# शाहपुर मार्ग पर हादसा, दम्पति सहित तीन की मौत

## बाइक व कार की भिड़ंत में कई लोग गंभीर रूप से घायल, परिवार में मचा कोहराम

■ डॉक्टर को दिखाने पत्नी ममतेश के साथ शहर आ रहा था कपिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कहते है जब किसी की मौत आती है तो वो कही भी और किसी भी वक्त आ सकती है ऐसा ही एक मामला शाहपुर के गांव मंधेडा में देखने को मिला। गांव में धारदार हथियारों के कातिलाना हमलों से बचकर शिकायत करने थाने जा रहे कार सवार ग्रामीण सड़क दुर्घटना में मर्णासन हो गए। घायलों की कार व बाइक सवार दम्पत्ति के बीच जबरदस्त भिडंत हो गई और यह हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार दम्पत्ति की मौत हो गई और कार में सवार एक महिला ने भी दम तोड दिया। इस हादसे में कार सवार चार लोग बुरी तरह घायल भी हुए है।

शाहपुर थाना क्षेत्र की चौकी मीरापुर के गांव मंधेडा निवासी 62 वर्षीय सुरेन्द्र पुत्र बलवीर किसान है। और उसके बेटे गांव में ही खेती करते है। सुरेन्द्र का एक बेटा दीपक इंजीनियर है और 26 वर्षीय शुभम खेती के साथ पढ़ाई भी करता है। बताया जाता है कि सुरेन्द्र की पडौस के ही लोगों से नाली के पाने को लेकर रंजिश चल रही है। आरोप है कि नाली में पन्नी व गंदा पानी का विरोध करने पर कई बार कहासुनी हो चुकी है और यह मामला आज इतना तूल पकड गया कि यहां धारदार हथियार व लाठी डंडे निकल गए। यह भी आरोप है कि सुरेन्द्र व उसके परिवार पर धारदार हथियारें से उस पर हमला किया गया। जिसमें सुरेन्द्र, दीपक, 60 वर्षीय रमेशो, शुभम व भतीजा छोटू उर्फ रितिक पुत्र भगत सिंह 25 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में गांव से शिकायत करने सभी लोग कार में सवार होकर थाने के लिए जा रहे थे कि नया किनोनी गेट शाहपुर मार्ग के निकट पहुंचे तो उनकी कार व बुढ़ाना की ओर से आ रही बाइक में जबरदस्त भिडंत हो गई। बाइक पर दम्पत्ति सवार थे। हादसे के बाद जहां दम्पत्ति बाइक सहित हवा में उछलते हुए दूर जाकर पडे और कार ने भी कई पलटियां खाई। इस समय घायल दम्पत्ति खून से लथपथ सड़क पर पडे हुए थे जबकि कार में बचाव के लिए चीख-पुकार मची हुई थी।

ग्रामीण मौके की ओर दौड पडे उन्होने घायलों को एक-एक करके बाहर निकला और जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने रमेशो को मृतक घोषित कर दिया और सुरेन्द्र के भतीजे रितिक को रैफर कर दिया गया। उधर कई घंटे बाद मृतक युवक की पहचान कस्बा बुढ़ाना के गांव खामपुर निवासी कपिल और महिला की शिनाख्त कपिल कीपत्नी 27 वर्षीय ममतेश के रूप में की गई।

बताया जाता है कि ममतेश का काफी समय से शहर के एक डॉक्टर के यहां पैर का इलाज कर चला रहा है और वह अपनी पत्नी का इलाज के लिए शहर आ रहा था। इस घटना से कपिल के परिवार में कोहराम मच गया। मृतक कपिल सब्जी बेचने का काम करता था। उधर कार में सवार दीपक, शुभम व सुरेन्द्र का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बताई गई है। सूचना मिलने के बाद शाहपुर व मीरापुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। शाम तक इस संबंध में कोई तहरीर नहीं दी गई उधर रमेशो की मौत को लेकर दुर्घटना में मौत व हमले में हत्या की चर्चा चलती रही। मंधेडा की महिला रमेशों की मौत दुर्घटना में हुई या हत्या में हुई यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन पुलिस ने तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



सड़क हादसे में मृतक दम्पति के फाइल फोटो।

## बेरोजगार युवक ने फांसी लगाई

**मुजफ्फरनगर।** काम न मिलने से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सिविल लाइंस थाना अतंर्गत चौधरी चरण सिंह मार्केट परिसर में रुहाना खुर्द निवासी 23 वर्षीय अविवाहित अरुण परिवार के साथ रहते है। एसआइ प्रशांत गिरी ने बताया कि गुरुवार शाम को अरुण के स्वजन घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अरुण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसका पता शाम को स्वजन के लौटने पर चला। एसआइ प्रशांत गिरी ने बताया, काम न मिलने के कारण अरुण परेशान चल रहा था और इसी अवसाद में उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है। बेरोजगारी को लेकर घर में परेशानी और इसी को लेकर आत्महत्या करने की घटना ने सभी के दिलों झझगोर करके रख दिया।



मुजफ्फरनगर: पानी की समस्या को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचे महिलाएं।

## लड़खड़ाई पेयजल आपूर्ति बूंद-बूंद को तरसे लोग

■ लद्दावाला, महमूदनगर व मिमलाना रोड पर पानी का संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भीषण गर्मी और उस पर शहरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप्प होने से लोग बूंद बूंद को तरसने लगे तो इसे नगर पालिका के जलकल विभाग की नाकामी ही कहा जाएगा, दो दिन पूर्व ईओ डॉक्टर प्रज्ञा सिंह की चेतावनी के बाद भी जलकल विभाग सुधरने का नाम नहीं ले रहा है।

शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित रहने से लोगों के सब्र का बांध टूट गया मिमलाना रोड पर तो कई दिनों से पानी की आपूर्ति बंद होने से परेशान महिलाओं ने अपने बच्चों को साथ लेकर टाउनहाल पहुंचकर प्रदर्शन किया। शहर में पानी की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। हैंडपम्प और वाटर कूलर भी खराब अवस्था में व्यवस्था का मुंह चिढ़ा रहे हैं। शहर के मौहल्ला लद्दावाला, महमूदनगर, सरवट, मिमलाना रोड, रामपुरी, खालापार सहित कई क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी परेशानी से जूझ रहे लोगों का गुस्सा फूट रहा है।

मिमलाना रोड पर मंदिर वाली गली में निवास करने वाले परिवार कई दिनों से पेयजलापूर्ति नहीं होने से परेशान हैं। शुक्रवार को दर्जनों महिलाएं अपने बच्चों को लेकर टाउनहाल पहुंची और कई जगह जाकर पानी नहीं आने की शिकायत दर्ज कराई, लेकिन उनको यहां कोई भी अधिकारी नहीं मिला। महिलाओं ने रोष जताते हुए बताया कि तीन चार दिनों से गली में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है।महमूदनगर के अरशद अब्बासी ने बताया कि चार दिनों से टंकियों में पानी नही आ रहा। भीषण गर्मी में पानी ना आने से बड़ी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई दिनों तक केवल शाम को ही पानी आ रहा था, लेकिन अब दो दिनों से वो भी बंद है। लद्दावाला निवासी जीशान मलिक ने बताया कि कई दिनों से आपूर्ति बाधित है, शुक्रवार को सुबह से ही पानी नहीं आया, नलकूप संख्या 38 मौहल्ले में सप्लाई होती है, कोई सुनवाई शिकायत के बाद भी नहीं होती है। लोगों ने पालिकाध्यक्ष से समाधान की मांग की। जलकल विभाग के जेई जितेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि क्षेत्र में सभी नलकूपों को पूरी क्षमता के साथ तय समय में चलाया जा रहा है। जनरेटरों का प्रयोग भी विद्युत आपूर्ति बंद रहने पर किया जा रहा है। कुछ स्थानों पर लाइन में प्रेशर कम होने के कारण पानी नहीं पहुंच पाने की शिकायत पर भी लगातार भ्रमण कर समाधान किया जा रहा है। शुक्रवार को भी कई क्षेत्रों से शिकायत आने पर काम किया गया है।

ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि शहर के कुछ इलाकों में पेयजल आपूर्ति बाधित होने के संबंध में उनको भी शिकायत प्राप्त हुई है। इसी को लेकर उनके द्वारा जलकल एई और जेई को टीमों के साथ समस्याग्रस्त क्षेत्रों का भ्रमण कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। बताया गया कि पाइपलाइन में प्रेशर कम रहने तक टेल वाले क्षेत्रों में पानी नहीं पहुंचने की शिकायत बन रही है। उनको प्रेशर ठीक करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी में पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# लुटेरे 12 लाख के सामान सहित दबोचे

## हिमाचल सहित भोपा व ककरौली में कर चुके वारदात, मुठभेड़ में मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिमाचल प्रदेश के कंगना रनौत के क्षेत्र में लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से हिमाचल में पडी डकैती के अलावा भोपा व ककरौली थाना क्षेत्र में हुई चोरी के जेवर बरामद करने का दावा किया है। बरामद सामान की कीमत बारह लाख की बताई गई है और मुठभेड में घायल दोनो बदमाशों को जेल में भेज दिया गया।

पुलिस लाइन स्थित यातायात सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी देहात आदित्य बंसल ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ थाना पुलिस ने गुरुवार को मुठभेड के बाद दो बदमाश सरताज उर्फ भूरा निवासी पलडी गांव थाना शाहपुर, हाल निवासी शफीपुर पट्टी कस्बा बुढ़ाना व सलमान निवासी नसीरपुर थाना नई मंडी को गिरफ्तार किया गया था। दोनं बदमाशों की निशानेदही पर पुलिस ने उनसे 12 लाख रुपये के जेवर बरामद किए थे। एसपी देहात ने बताया, दोनों बदमाश गोवा, हिमाचल समेत अन्य राज्यों में लूट, डकैती व चोरी की वारदातों करने वाले गिरोह के बदमाश है। इस गिरोह के तीन बदमाशों को पुलिस पहले की मुठभेड में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसी गिरोह ने हिमाचल के मंडी में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था और वारदात के बाद वहां से चोरी की बाइक को लेकर भाग आए थ। इस गिरोह की तलाश में हिमाचल पुलिस भी लगी थी। उन्होंने बताया, बदमाशों से बरामद जेवर हिमाचल में पडघी डकैती व भोपा व ककरौली थानाक्षेत्र में हुई चोरी के है। उन्होंने बताया, सरताज पर मुजफ्फरनगर व हिमाचल में सात मुकदमे दर्ज है, जबकि सलमान पर हिमाचल व मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों में छह मुकदमे दर्ज है। उन्होंने बताया, यह गिरोह संगठित होकर अपराध करता है और दूसरा राज्य में वारदात करने के बाद यहां आकर अन्य काम करने लगता है, ताकि पुलिस को इन पर संदेह न हो। सरताज व सलमान हिमाचल की मंडी में पडी डकैती की घटना में भी वांछित चल रहे थे। वहां की पुलिस को दोनों के बारे में जानकारी दे दी गई है। बदमाशों के बरामद बिना नंबर की बाइक के बारे में जानकारी की जा रही है कि वह चोरी की या फिर वारदात के बाद लूटी गई है। गिरोह में शामिल सभी बदमाशों का दूसरे राज्यों से भी आपराधिक रिकार्ड मंगाया जा रहा है। गिरोह में शामिल सभी बदमाशों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी की जाएगी।

# मुस्लिम की सहायता करने पर धमकी

■ समाजसेवी मनीष चौधरी ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शिव चौक के पार साइकिल पर फूल बेचने वाले मुस्लिम व्यक्ति मदद करना समाजसेवी मनीष चौधरी को भारी पड रहा है। उन्हें धमकी मिली की है कि अगर वह मुस्लिम की मदद करेंगे तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहे। उन्होंने मुकदमा दर्ज कराने के लिए नगर कोतवाली में तहरीर दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनीष चौधरी शुक्रवार को नगर कोतवाली में दी तहरीर में बताया है कि शिव चौक पर 35 वर्षो से अफजाल निवासी अम्बा विहार फूल माला बेचने का कार्य करता थे। अब उनका बेटा समीर यह कार्य कर रहा है। कुछ लोगों को उसके फूल बेचने से आपत्ति हो रही है जो समीर व उसके पिता के साथ अभद्रता करते हुए उनको वहां से हट जाने के लिए धमका रहे थे।

मनीष चौधरी ने बताया 14 मई को समीर ने शिव चौक पर उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या बताते हुए मदद की गुहार लगाई थी। उसी दिन उन्होंने यूपी-112 पर काल करके पुलिस को सूचना दे दी थी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है। इसके बाद विरोध करने वालों ने समीर व अफजाल को कुछ नहीं कहा और पिता-पुत्र फिर से शिव चौक पर फूल बेचने लगे लेकिन शुक्रवार दोपहर को मनीष चौधरी के मोबाइल पर एक काल आई। कालर ने बड़े ही सख्त लहजे मे धमकी देते हुए कहा है कि हिन्दू होते हुए मुसलमानों का साथ दे रहा है, या तो इस मामले से पीछे हट जाओ, नहीं तो तुम्हारे साथ कुछ भी हो सकता है।

धमकी भर फोन के बाद से वह मानसिक रूप से परेशान हैं। इस लिए मुकदमा दर्ज कराने के लिए मनीष चौधरी ने भारत लोक सेवक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी के साथ नगर कोतवाली में तहरीर देने के लिए पहुंचे। एसएसआइ नगर कोतवाल नरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है।

## पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पानी की किल्लत

**मुजफ्फरनगर।** शहर के मुख्य मार्ग के रूप में प्रयोग होने वाले अंसारी रोड का चौड़ीकरण कार्य लापरवाही के कारण अधर में लटका पड़ा है और इस दौरान साइड में पथरी डालने के कार्य के दौरान ही ठेकेदार के कर्मचारियों ने कई स्थानों पर पेयजल आपूर्ति के लिए जा रही टंकी लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

इसके चलते अंसारी रोड पर कई अस्पतालों की पेयजलापूर्ति भी बंद हो जाने से वहां पर भर्ती मरीज और तीमारदार पीने के पानी के लिए भी तरस गये हैं। यहां तक की पानी बिल्कुल बंद हो जाने से शौचालय और दूसरी आवश्यकता के लिए भी लोग परेशान हो रहे हैं। इसको लेकर अस्पतालों की ओर से पालिका को शिकायत कर रोष जताया गया तो पालिका प्रशासन हरकत में आया है।

मोती झील: फेज-2 का काम शुरू

## तीन फीट ऊंचा बांध बनाने की कवायद तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोती झील के सौंदर्यकरण के लिए फेज -2 का काम शुरू हो गया है, जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के विशेष प्रयास के कारण अब मोती झील निखरने लगी है। सफाई अभियान पूर्ण हो जाने के बाद अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए अगले चरण के कार्य को प्रारम्भ कराया। इसके लिए झील पर तीन फीट का बांध बनाने, नाले से कूड़ा करकट रोकने के साथ ही सौन्दर्यकरण के लिए डीपीआर बनाने के लिए कवायद तेज कर दी गई है। दरअसल शहर के शामली रोड स्थित काली नदी मोती झील को जनपद में सुसाइड स्पॉट के रूप में भी पहचाना जाता रहा है। अब जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने इस ऐतिहासिक महत्व और रहस्य को संजोने वाली मोती झील को एक पिकनिक स्पॉट के रूप में नई पहचान दिलाने का बीड़ा उठाया है। शुक्रवार को डीएम उमेश मिश्रा के निर्देश पर एडीएम वित्त एवं राजस्व गजेन्द्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप और ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मोती झील प्रोजेक्ट कर पर काम कर रही आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के लोगों के साथ स्थलीय भ्रमण किया। झील में कूड़ा करकट और प्रदूषित जल रोकने के लिए नाले का प्रबंध, जल स्तर बढ़ाने के लिए बांध निर्माण और अन्य कार्यों की आवश्यकता को लेकर विचार किया गया।

## अल्लामा इक़बाल यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड ए.सी.एन हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर में स्मार्ट क्लासेस का शुभारम्भ

**मुजफ्फरनगर।** अल्लामा इक़बाल यूनानी मेडिकल कॉलेज एंड ए.सी.एन. हॉस्पिटल, मुजफ्फरनगर में मेडिकल छात्रों की उच्च एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु मुख्य अतिथि ए.सी.एन. ग्रुप के उपाध्यक्ष एडवोकेट फैजान चौधरी द्वारा फीता काटकर स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ किया गया, जिसमें छात्रों को उच्च तकनीक द्वारा शिक्षा प्रदान कराई जाएगी, जिसमें मुख्य अतिथि ने संकल्प लिया उक्त कॉलेज को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाए जाने हेतु निरन्तर आगे भी प्रयास किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक तसलीम उल हक ने



भी अपने सुझाव रखे। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर डा. मुश्ताक हुसैन, प्रोफेसर डा. एम.एच. अन्सारी, प्रोफेसर डा. महबूब अली, एस.के. गोयल, प्रधानाचार्य मैडम ज्योति एवं कार्यक्रम कोर्डिनेटर सैयद अरीब उल हक ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा अपने अपने विचार प्रकट किए तथा बी.यू.एम.एस. अंतिम वर्ष की छात्राओं में नजीफा खान, रोशन जहां, शगुफ्ता यासमीन त्यागी, अलीना नाज़ एवं ज़ीनत फरहत आदि ने कॉलेज के प्रति अपने विचार एवं अनुभव प्रकट किए। कार्यक्रम सफल संच. ालन जीनत फरहत ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौ. अमजद, मौ. नबील, सुबोध शर्मा, अहमद, मौ. फाज़िल, इकरा मिर्जा एवं अमरीन सलाम का विषेश योगदान रहा।

## नए एडीएम प्रशासन संजय सिंह ने संभाला चार्ज

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को जिले के नवागंतुक एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह ने अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता ही उनकी शीर्ष प्राथमिकता में शामिल है।

मूल रूप से जनपद जौनपुर निवासी संजय कुमार सिंह 2010 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं, प्रशिक्षण के उपरांत मई 2015 को वो प्रशासनिक सेवा में आये और जालौन में उनको डिप्टी कलक्टर बनाया गया। इसके बाद नगर निगम प्रयागराज में मई 2017 से मार्च 2018 तक उपायुक्त के पद पर रहे। यहां से उनका स्थानांतरण सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर बदायूं किया गया। पांच महीने बाद ही संजय सिंह का तबादला प्रमोशन मिलने के कारण एडीएम वित्त के पद पर अगस्त 2018 को हरदोई जनपद में कर दिया गया। यहां



पर उन्होंने तीन साल से ज्यादा समय तक के अपने कार्यकाल में सरकार की मंशा अनुरूप प्राथमिकता वाली योजनाओं को परवान चढाया। हरदोई से संजय सिंह को सितम्बर 2021 में लखीमपुरी खीरी में एडीएम वित्त के पद पर ही तैनाती मिली। यहां से उन्हें अब मुजफ्फरनगर में एडीएम प्रशासन के पद पर नई तैनाती दी गई है।

## कलेक्टर के नए दफ्तर को 2.60 करोड़ का एस्टीमेट तैयार, डीएम ने किया मंथन

**मुजफ्फरनगर।** कलेक्ट्रेट में नए डीएम दफ्तर के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने निरीक्षण करते हुए काम शुरू कराने से पहले नए दफ्तर के डिजाइन और उसके मुख्य द्वार की साइड जगह आदि को लेकर गहन मंथन किया। इसके लिए उन्होंने कार्यदायी संस्था से दो दिनों में दो साइड से अलग अलग नक्शा बनाकर पेश करने के लिए कहा है।

इसके साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष को लेकर अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए चर्चा भी की। नए भवन के निर्माण के लिए प्रभारी अधिकारी नजारत सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप की देखरेख में लोक निर्माण विभाग ने 2.60 करोड़ रुपये का स्टीमेट बनाकर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया था। 29 मार्च 2025 को उत्तर प्रदेश के राजस्व विभाग के सचिव द्वारा नए डीएम दफ्तर के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करते हुए धनराशि जारी कर दी गई। शासन ने नया जिलाधिकारी कार्यालय बनवाने के लिए लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड को कार्यदायी संस्था नामित किया है और 2 करोड़ 24 लाख 57 हजार रुपये की राशि भी विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है।

## इंजीनियर आत्महत्या मामला: रूम पार्टनर व मकान मालिक समेत तीन पर मुकदमा

■ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के आगे कूदकर दी थी जान, जेब से मिला था सुसाईड नोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सिविल इंजीनियर के आत्महत्या मामले में जीआरपी थाने में रुम पार्टनर समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं गमगीन माहौल में सिविल इंजीनियर का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

नई मंडी के क्षेत्र के मोहल्ला आदर्श कॉलोनी निवासी उदित ने गुरूवार को रेलवे स्टेशन के पास शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली थी। उसकी जेब से तलाशी में सुसाइड नोट मिला था, जिसमें नोएडा के तीन लोगों को मौत के लिए जिम्मेदार बताया था। सिविल इंजीनियर उदित के भाई संदीप ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई नोएडा में काम करता था। आरोप लगाया कि बिल्डिंग के मालिक नरेश राणा निवासी सेक्टर 66 नोएडा, शिवम त्रिपाठी निवासी गौतमबुद्धनगर और असजद असरार निवासी मसूरा गली नम्बर 2 गौतमबुद्धनगर ने चोरी का आरोप लगाकर उदित को प्रताडित किया था। यही नहीं 50 हजार रुपये की मांग करते हुए बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की थी। उसे जबरदस्ती शराब पिलाकर लैपटॉप चोरी करना कबूल कराकर वीडियो बनाया। इसी प्रताडना से तंग आकर उसके भाई ने आत्महत्या कर ली। जीआरपी ने रूम पार्टनर व मकान मालिक सहित तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी शिवम त्रिपाठी उसके साथ रुम पार्टनर था। जिसने लैपटॉप चोरी का आरोप उसके भाई पर लगाया था।

# आज निकलेगी राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा

■ मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने भाजपाईयों संग किया जनसंपर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारत शौर्य तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री एवं नगर विधायक कपिल देव अग्रवाल ने शुक्रवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों नुमाइश ग्राउंड स्टेडियम, कंपनी बाग और राजकीय इंटर कॉलेज मैदान का दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य अमजन को तिरंगा यात्रा के प्रति जागरूक करना और इसमें अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

राज्य मंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे 17 मई की सायं 5 बजे टाउन हॉल से आरंभ होने वाली भारत शौर्य तिरंगा यत्रा में पूरे जोश और उत्साह के साथ सम्मिलित हों। उन्होंने कहा यह यात्रा कैवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना, एकता और सौंवधान के प्रति सम्मान को प्रकट करने का एक प्रयाप्त है। तिरंगे का सम्मान हम सभी का परम कर्तव्य है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह यात्रा युवाओं में देश प्रेम की भावना को मजबूत करने, समाज के हर वर्ग को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों की याद दिलाने, और एकजुटता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। इस जनसंपर्क अभियान में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान जिला मंत्री एवं तिरंगा यात्रा के जिला कार्यक्रम संयोजक सुधीर खटीक, मंडल महामंत्री राधे वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष नितिन गर्ग, विवेक चौहान, पूर्व सभासद नवनीत कुच्छल सहित भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे और उन्होंने लोगों से इसमें सहभागिता निभाने का आहवान किया।

डॉ मोहसिन अली
एमबीबीएस एमडी (जनरल मेडिसिन)
फैलोशिप इन डायबिटीज
शुगर बीपी थायराइड एवं बुखार रोग विशेषज्ञ
दीवान हॉस्पिटल एवं यूरोलॉजी सेंटर
सूजरू चुंगी मुजफ्फरनगर यू पी
रविवार और मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए पहले फोन पर नाम लिखवाएं
7906187190
9897011086

# पांच दिन से लापता युवक का सड़ा गला शव मिलने से फैली सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा चौगावां से पांच दिन पूर्व अचानक ही घर से गायब हुए युवक का शव आज सड़ी गली अवस्था में भट्टे के पास एक खेत में पड़ा मिला। शव के पैर जानवरों ने खा रखे थे और घटना के दिन पत्नी व परिवार के अन्य लोग उसकी तलाश कर रहे थे। एक तरफ लोग इसको अपनी मौत होना बता रहे है तो परिवार के लोग सीधा-सीधा कुछ लोगों पर संदेह व्यक्त करते हुए हत्या बता रहे है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। गांव खेड़ा चौगांवा निवासी 40 वर्षीय मनोज पुत्र वेदराम 26 बीघा जमीन का काश्तकार था और उसने अपनी फिलहाल अपनी खेती बटाई पर दे रखी थी और वह तीन बच्चों का पिता था। बताया जाता है कि 12 मई को मनोज अचानक ही किसी काम से कहकर घर से निकला और उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात होने पर उसकी पत्नी व परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन सुबह होने तक भी मनोज नही मिला और यहां के ग्राम प्रधान ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू कर दी लेकिन मनोज का कोई सुराग नही लग सका था। आज शुक्रवार की सवेरे 8.15 बजे ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि गांव के भट्टे के निकट टयूब्वैल से आगे खेत में मनोज का शव पड़ा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। उस समय शव की हालत गंभीर थी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गंदे पानी से दुकानदार को भारी नुकसान

**मीरापुर।** कस्बे के बस अड्डे के निकट स्थित एक खाद की दुकान में गंदा पानी भर जाने के कारण दुकानदार को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अनिल कुमार जैन, जो जैन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से खाद एवं लेडिस सामान की दुकान चलाते हैं, ने बताया कि उनकी दुकान के पास भूम्मा रोड की बस्ती का गंदा पानी लगातार बहता रहता है। निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण यह गंदा पानी स्टेट बैंक से लेकर बस अड्डे तक सड़क किनारे फैला रहता है और हाल ही में यह पानी उनकी दुकान में घुस गया, जिससे दर्जनों खाद के कटे खराब हो गए हैं।

# एडीजी ने लिया ईद उल अजहा की तैयारी का जायजा



**मुजफ्फरनगर।** मेरठ जोन के एडीजी व सहारनपुर रेंज के डीआईजी ने जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ जुमे की नमाज व आगामी ईद उल अजहा की तैयारी को लेकर खालापार थाना क्षेत्र एवं ईदगाह पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। खालापार में कई लोगों से वार्ता कर शांति की अपील की। साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। शुक्रवार को जुमे की नमाज व आगामी छह जून को ईद उल अजहा पर्व को जनपद मुजफ्फरनगर में सकुशल सम्पन्न कराने, आपसी सौहार्द बनाये रखने तथा कानून व्यवस्था सुखढ़ रखने हेतु शुक्रवार को एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर, सहारनपुर रेंज के डीआईजी अभिषेक सिंह व एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत द्वारा पुलिस बल के साथ थानाक्षेत्र खालापार में भ्रमणशील रहते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

अधिकारियों द्वारा द्वारा धार्मिक स्थल व ईदगाह का निरीक्षण करते हुए धर्मगुरुओं एवं स्थानीय लोगों से वार्ता की। अधिकारियों द्वारा डयूटी प्वाइंट पर तैनात पुलिस बल को सतर्क दृष्टि रखते हुए डयूटी करने के निर्देश दिए। साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने व सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट शेयर न करने की अपील की। इस दौरान सीओ सिटी राजू कुमार साव, सीओ मंडी रुपाली राय चौधरी, थाना प्रभारी खालापार महावीर सिंह चौहान सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## दुकान से सिगरेट, गुटखा और नगदी चोरी

**मीरापुर।** कस्बे में हाईवे स्थित मॉडर्न पेट्रोल पंप के निकट एक कन्फेक्शनरी की दुकान में अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। नयागांव निवासी नरेंद्र गिरि, जो दुकान का मालिक है, शुक्रवार दोपहर किसी कार्य से दुकान से बाहर गया था। इसी दौरान अज्ञात चोर दुकान में घुस आए और सिगरेट के दर्जनो पैकेट, दिलबाग, गुटखे के पैकेट तथा नगदी चोरी कर पफरार हो गए। जब नरेंद्र गिरि वापस लौटे, तो दुकान का सामान इधर-उधर बिखरा मिला, जिससे उन्हें चोरी का संदेह हुआ। काफी तलाश के बाद भी चोर का कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने मीरापुर थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# खोखे के ऊपर गिरा पेड़, हजारों का नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** तेज आंधी तूफान में एक भारी भरकम पेड़ एक गरीब के खोखे पर गिर गया। जिसमें गरीब का कारोबार खत्म हो गया। परिवार के पालन पोषण का जरिया ये खोखा ही था।

पीड़ित ने अपने क्षतिग्रस्त खोखे को देखकर मौके पर ही दहाडे मारनी शुरु कर दी तो आसपास के लोगों ने गरीब युवक को सांत्वना दी और संबंधित अधिकारीयों से मुआवजे की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को सायं के समय आए तेज आंधी तूफान में एक गरीब युवक का खोखा पेड़ के नीचे दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। गरीब पर दोहरी मार पड़ गयी। जिसमें उसका हजारों रूपये की संपत्ति का नुकसान हो गया। खोखे का मालिक हैंडीकैप बताया गया है। जिसका नाम सलीम अब्बासी है। वह खोखे पर बैठने के अलावा और कोई भी काम नहीं कर सकता। जिसने एक-एक पैसा जोड़कर सामान बेचने के लिए खोका रखा हुआ है। आज तेज आंधी में बराबर में खड़ा हुआ पेड़ खोके के ऊपर गिरा। जिससे सलीम अब्बासी का हजारों रुपए का नुकसान हो गया। नुकसान होने से सलीम का रो रो कर बुरा हाल है। जिसने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।



# बी.के. भारत भूषण ने कराया योग भट्ठी का अभ्यास

**मीरापुर।** कस्बे के ओम शांति भवन परिसर में रविवार को आनंदमय योग भटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की शुरुआत में बी.के. अनमोल ने गुलदस्ता भेंट कर मुख्य अतिथि बी.के. भारत भूषण (पानीपत) का स्वागत किया। अपने संबोधन में भारत भूषण ने योग भटी के नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि इस साधना के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन में श्रेष्ठता और शांति को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि योग भटी केवल ध्यान नहीं, बल्कि जीवन के संस्कारों को सशक्त करने और आत्मिक उन्नति की ओर बढ़ने का माध्यम है। बी.के. भारत भूषण ने बताया कि जब मनुष्य ईश्वरीय प्रेम को अपनाता है, तो उसका जीवन शुद्ध, सात्विक और शांतिपूर्ण बन जाता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा का प्रेम सर्वोच्च, पवित्र और सच्चा होता है, जो भक्तों को न केवल आध्यात्मिक बल देता है, बल्कि उनके जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। बी.के. भारत भूषण, जो पानीपत स्थित ज्ञान मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के निद.शक और एक प्रसिद्ध इंजीनियर हैं, उन्होंने कई देशों में जाकर ब्रह्माकुमारी संस्थान के आध्यात्मिक संदेशों का प्रचार-प्रसार किया है। इस अवसर पर बी.के. अनमोल, बी.के. रानी, बी.के. युविका, अनीता, अशोक सैनी, दिनेश रस्तौगी, हरेन्द्र, वासुदेव शर्मा, राकेश, संदीप, विजय लक्ष्मी, मंजू और जिज्ञासा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। कार्यक्रम में सभी ने योग भटी का अभ्यास कर आत्मिक अनुभव प्राप्त किया।

# एक्सपोर्ट एकेडमी में मेधावी बोर्ड परीक्षार्थियों का अभिनन्दन

**शाहपुर।** एक्सपोर्ट एकेडमी शाहपुर में सीबीएसई कक्षा 10जी में शिवांक ने 90 प्रतिशत, ईविका ने 77 प्रतिशत, लव ने 76 प्रतिशत और कक्षा 12जी में पीयूष कुमार बालियान और अथर्व ने उत्तम अंक प्राप्त किए। इस खुशी में अभिभावक एक्सपर्ट एकेडमी में आए और प्रबंधक प्रवीण कुमार समस्त स्टाफ व छात्रों को उत्तम रिजल्ट रहने की बधाई दी। एक्सपर्ट एकेडमी के अन्य छात्रों ने इन रिजल्ट होल्डर छात्रों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। और एक्सपर्ट एकेडमी में जलपान की व्यवस्था शानदार तरीके से की गई। छोटे छात्रों ने अपने इन सीनियर छात्रों से प्रभावित होकर प्रबंधक प्रवीण कुमार और अभिभावकों से वादा किया की वे भी आने वाले सत्र में इससे भी उत्तम रिजल्ट लाकर दिखाएंगे। अभिभावको ने बच्चों का मनोबल जोरदार तालियां बजाकर बढ़ाया।




प्रबंधक प्रवीण कुमार ने सभी छात्रों को और उनके अभिभावकों को बधाई दी। और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करने के साथ-साथ अभिभावकों का एक्सपर्ट एकेडमी प्रांगण में आगमन का आभार प्रकट किया। एक्सपर्ट एकेडमी इंचार्ज नगमा सैफी, अध्यापक विशाल धीमान, राजेश कुमार अध्यापिका प्राची बालियान, अलका बालियान आदि ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

# बी फार्मा छात्रों ने परीक्षा परिणामों में रचा कीर्तिमान

**मुजफ्फरनगर।** डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी बिश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा घोषित बी. फार्मा सातवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कॉलेज के छात्र अक्षिका ने 80.57 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं राजन चौधरी ने 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और कादंबरी ने 78.71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया।

इस उपलब्धि पर छात्रों के परिवार. जनों एवं कॉलेज में खुशी का माहौल है। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज की आधुनिक शिक्षा प्रणाली, नियमित अभ्यास और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें निरंतर प्रयोगात्मक और लिखित परीक्षाओं का अभ्यास कराया गया, जिससे यह लक्ष्य प्राप्त करना उनके लिए सहज हो गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. गिरेन्द्र कुमार गौतम ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि स्नातक की पढ़ाई का समय हर छात्र के जीवन में ''स्वर्ण अवसर'' की तरह होता है। समय का सही उपयोग, निरंतर अभ्यास और अनुशासन से न केवल सफलता प्राप्त की जा सकती है, बल्कि कौशल में भी वृद्धि होती है। उन्होंने यह भी बताया कि श्री राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न एक्स्ट्रा करिकुलर गति. विधियां आयोजित की जाती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल भी विकसित होता है। साथ हीं कहा की सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। यह निरंतर अभ्यास, समय का प्रबंधन, आत्मविश्वास और शिक्षक-छात्र के बीच सहयोग का परिणाम है। मैं अपने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने विद्यार्थियों को दिशा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस उपलब्धि पर कॉलेज के समस्त शिक्षकों कृसंदीप कुमार, डॉ. रामदत्त शर्मा, ईशान अग्रवाल, साबिया परवीन, टिंकू कुमार, ज्योति जैन,अवि दुबे, आरती गर्ग, और मुस्सयब खान आदि ने छात्रों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** कस्बे में दयानंद चौक के समीप स्थित शिक्षण संस्था डीएवी पघ्ब्लिक स्कूल बुढ़ाना के भव्य परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में विशेष अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र छात्राओं को उनका हौंसला बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रॉफियां देकर सम्मानित किया गया।



मिली जानकारी के अनुसार डीएवी पब्लिक स्कूल में आज शुक्रवार के दिन मेधावी छात्र छात्राओं के लिए एक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में छात्र अभय वघशिष्ठ, छात्रा मिशिका, छात्र शश्वत गर्ग, छात्र उत्सव गर्ग, छात्रा शगुन और छात्रा हर्षित ने अपने-अपने वर्ग में विशेष अंक प्राप्त किए थे। सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में डीएवी पब्लिक में होनहार छात्र शराफत अली ने पहला स्थान प्राप्त कर सभी शिक्षकों को हर्षित कर दिया जबकि छात्रा सुचिता दूसरे स्थान पर रही और छात्रा अंघशिका तीसरे स्थान पर रही। डीएवी पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर नीतू गर्ग ने यहां पर सभी मेधावी छात्र छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और सभी मेधावी छात्र और छात्राओं के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना की। यहां डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य समेत पूरा स्टाफ मौजूद था।

## शुगर मिल की लापरवाही बनी हादसे का कारण

**खतौली।** जानसठ रोड पर स्थित शुगर मिल से निकलने वाली मैली और चिमनी की छाई लोगों के लिए खतरा बनती जा रही है। सोमवार को भाजपा के खतौली मंडल अध्यक्ष प्रवीण ठकराल और भाजपा नेता संजय भुर्जी उस समय घायल हो गए जब उनकी स्कूटी मैली पर भूड क्षेत्र में स्लिप हो गई थी।बताया जा रहा है कि शुगर मिल से निकलने वाली मैली सड़क पर जमा हो गई थी, जिससे रास्ता फिंसलन भरा हो गया। वहीं, मिल की चिमनियों से उड़ने वाली छाई और जानसठ रोड के ऊपर से गुजरने वाली चेन से लगातार उड़ रही धूल प्रदूषण का कारण बन रहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह प्रदूषण न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि दुर्घटनाओं की वजह भी बन रहा है।घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष फैल गया है। उनका कहना है कि शुगर मिल प्रबंधन की लापरवाही अब जानलेवा बनती जा रही है, और समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम देशबीर तोमर से बदलकर देशबीर सिंह तोमर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

**देशबीर सिंह तोमर पुत्र सुखबीर सिंह निवासी मकान नं. 447, ब्लॉक सी, सेक्टर जू 2, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, उ०प्र० - 201308**

# प्रशासन की सख्ती, नर्सिंग होम सील

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ज़िलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य चिकित्सा अधिक. ारी डॉ. सुनील तेवतिया के निर्देशानुसार जनपद में अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों एवं अस्पतालों के विरुद्ध खतौली में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में खतौली ग्रामीण क्षेत्र के शेखपुरा रोड पर एक अपंजीकृत क्लिनिक/नर्सिंग होम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित क्लिनिक संच. ालक के पास न तो वैध पंजीकरण उपलब्ध था और न ही किसी प्रकार की शैक्षणिक योग्यता से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सके। साथ ही, अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया। इस पर चिकित्सा अधीक्षक खतौली डॉ. अवनीश कुमार सिंह एवं उनकी टीम द्वारा नियमानुसार क्लिनिक को सील करते हुए नोटिस जारी किया गया।



प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति और योग्यता के चल रहे किसी भी स्वास्थ्य संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा, और इस प्रकार की कार्यवाहियाँ आगे भी निरंतर जारी रहेंगी।

## छात्रों के आपसी झगड़े में एक हुआ रक्तरंजित

**छपार।** रामपुर तिराहा स्थित सहारनपुर हाईवे पर एक कालेज में मामुली कहासुनी होने पर तीन छात्रों को एक दर्जन से अधिक छात्रों ने मारपीट कर लहुलुहान कर दिया।पिडीत के चाचा ने चार नामजद व एक दर्जन अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

गांव रामपुर में स्थित सहारनपुर हाईवे पर गुरु बिरजानन्द इन्टर कालेज में शुक्रवार को छात्रों में झगड़ा हो गया जिससे रामपुर तिराहा निवासी सत्यम, शिवम,व शिवांक को हाथों के कड़े, पंच व ईंटों से पीटकर लहुलूहान कर दिया। घायलों के चाचा अनुज ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया उसके भतीजो व अन्य छात्रों में कालेज में पानी पीने को लेकर मामुली कहासुनी हो गई थी।जिसको लेकर एक दर्जन से अधिक छात्रों ने हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित के चाचा ने थाने पहुंचकर तहरीर दी है।

# व्हाट्सएप स्टेट्स पर पीएम विरोधी वीडियो चलाने पर हुई कार्रवाई

**मोरना।** कस्बा भोकरहेडी में व्हाट्सएप स्टेटस पर देश के प्रधानमंत्री विरोधी वीडियो को वायरल कर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने व भावनाओं को आहत करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

भोपा थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि शुक्रताल चौकी प्रभारी रणवीर सिंह को सूचना मिली कि कस्बा भोकरहेडी निवासी मौहम्मद इमरान उर्फ मोटा पुत्र महताब जो गाड़ी चलाने का कार्य करता है उसने अपने मोबाइल के स्टेटस पर प्रधानमंत्री विरोधी वीडियो को प्रसारित किया। जिसमें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरोध की पाकिस्तान की दो वीडियो अपने व्हाट्स एप्प स्टेटस पर मोबाइल पर चला रखी है। पहली वीडियो में प्रधानमंत्री घुटने के बल नीचे झुककर दोनो हाथ जोड़कर पाकिस्तान झंडे के पास खड़े पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से यह कह रहे है कि गलती हो गई है हमारी जान बख्श दो तथा दूसरी वीडियो में प्रधानमंत्री बोल रहे कि मैने बहुत बड़ी गलती कर दी कि पाकिस्तान पर हमला करके, इसी वजह से पाकिस्तान सेना ने हमें दिन में तारे दिखाए हैँ। हम हार गये आप लोग जीत गए। आरोपी वीडियो व्हाट्स एप्प पर प्रसारित करने का अपराध कर रहा है। जिससे साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने व भय पैदा करने व देश वासियों की भावनाएं आहत हुई है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी इमरान को गिरफ्तार कर लिया तथा कार्रवाई की जा रही है।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।** वाद संख्या 10 सन् 2024 1. मौ. इलियास पुत्र शरीफ अहमद निवासी ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी मौहल्ला योगेन्द्रपुरी शहर मु.नगर। ... **वादी बनाम** 1. नसीम अहमद पुत्र शरीफ अहमद 2. मौ. आदिल पुत्र मौ. अख्तर 3.अब्दुल कादिर पुत्र मौ. अख्तर 4.श्रीमती कवर जहां पत्नी मौ. अख्तर समस्त निवासीगण ग्राम जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 5. ग्राम सभा **ग्राम जौली** द्वारा ग्राम प्रधान जौली परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। ..... **प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 144 उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 अधिनियम **ग्राम जौली** परगना जौली जानसठ तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर।

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश बाबत के दायरा की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप **तारीख 29 माह 05 सन् 2025** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाब देही दावा करे ओर उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा।

बस्वत मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज तारीख 16 माह 05 सन् 2025 जारी किया गया।

**आज्ञा से**
**उपजिलाधिकारी**
**जानसठ**

# डि्रप सिंचाई करने वाले किसान को डीएम ने किया पुरस्कृत

**जानसठ।** क्षेत्र के गांव नाईपुरा निवासी किसान जगराज सिंह के द्वारा ड्रिप प्रणाली से खेती की जा रही है। जिसे देखने के लिए डीएम उमेश मिश्रा, उप कृषि निदेशक संतोष कुमार के साथ किसान के खेत में पहुंचे। किसान के द्वारा 16 एकड़ में की जा रही खेती का डीएम ने निरीक्षण किया। जिसमें 5 एकड में मक्का, लगभग-7 एकड तरबूज एंव खरबूज की खेती, 4 एकड़ खेत में हरी मिर्च की खेती की जा रही है। किसान जगराज सिंह के खेत पर उद्यान विभाग द्वारा अनुदानित ड्रिप सिस्टम लगा हुआ है। कृषि विभाग द्वारा पीएम कुसुम योजना के अन्तर्गत 5 एचपी का सोलर पम्प स्थापित है।

किसान ने बताया कि प्रति एकड तरबूज/खरबूज से हमे लगभग 50 हजार का लाभ प्राप्त होता है। इसके बाद इसी खेत में खरीफ मक्का उत्पादन कर लगभग 50 हजार रूपये प्रति एकड बचत होती है। पुन: रबी मौसम में इसी खेत में सब्जी का उत्पादन कर लगभग 50 हजार रूपये की बचत होती है। इस प्रकार वर्ष में एक एकड से 1 से 1.50 लाख रूपये की बचत होती है। इसी प्रकार मक्का, आलू और मेथी का उत्पादन कर प्रति एकड 1.50 लाख रूपये तक का वार्षिक लाभ प्राप्त कर रहे है। उन्होंने बताया गया कि ड्रिप सिचाई के साथ उर्वरक का उपयोग करते है जिससे उर्वरक खपत में बचत होती है। कुल लागत में कमी होती है।

## श्रीराम जनक नंदिनी विवाह पर देवों ने की पुष्प वर्षा

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्यामा श्याम मंदिर में श्री राम कथा में कथा व्यास गो. विंद बृजवासी ने बताया श्री राम-लक्ष्मण दोनों महर्षि विश्वामित्र के आश्रम में थे। मिथिला नरेश जनक ने सीता के स्वयंवर का विचार कर सभी राजा महारा. जाओं ;षिमुनियों के साथ महर्षि विश्वामित्र को भी निमंत्रण भेजा, विश्वामित्र दोनों भाइयों को साथ लेकर मिथिला राज्य में गए। वहां जाकर प्रात: श्री राम महर्षि की पूजा के लिए पुष्प लेने वाटिका में गए। उधर सीता जी वाटिका में माता पार्वती की पूजा करने आई थी। जैसे ही श्रीराम ने जनकनंदिनी को देखा और उधर सीता ने श्री राम को देखा दोनों मंत्र मुग्ध हो गए।

अगले दिन स्वयंवर में दूर दूर से राजा महाराजा पधारे। सभी राजा महारा. जाओं ने ताकत लगाई परन्तु कोई उसको तिल भर हिला भी नहीं सका। श्री राम ने महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा लेकर धनुष को उठाया धनुष को उठाते ही धनुष खंड खंड हो गया। मिथिलापूरी में खुशियां मनाई जाने लगी। अयोध्या पूरी में महाराजा दशरथ को निमंत्रण भेजा गया। श्री हरि विष्णु अवतार, लक्ष्मी स्वरूपा सीता जी का विवाह धूमधाम से मनाया गया। श्री बृजवासी ने बताया कन्यादान महादान है। हर परिवार कन्या जन्म हो जिससे आप पुत्री को लक्ष्मी मान वर को विष्णु मान कन्यादान करे। कथा में ललित अग्रवाल, हरीश गोयल, अमरनाथ प्रजापति, देवांश, एकांश, प्रदीप गर्ग, गोविंद, चंद्रप्रकाश गर्ग, दीप, रोहित शर्मा, राहुल, रिशु, राजीव ठाकुर, संजीव मास्टर आदि का सहयोग रहा।

## सीडीओ ने दिलाया ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में जी.पी.डी.पी. एवं पी.डी.आई. समिति सदस्य,मॉडल ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं सचिव, मीडिया कर्मी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियो का 01 दिवसीय अनावासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि पीएआई इंडीकेटर्स के अनुसार अपने अपने विभाग से सम्बंधित बिंदुओं की निरंतर समीक्षा करने के साथ इंडीकेटर्स को अद्यतन भी करते रहे, उपनिदेशक/प्राचार्य द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य पर रोशनी डाली।

जिला पंचायत राज अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने प्रशिक्षण के अंत के समस्त प्रतिभागियों के धन्यवाद ज्ञापन करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया गया। प्रशिक्षण में डीपीआरसी फैकल्टी आदि उपस्थित रहे।।

**कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक-242/न.पं.बु./2025-26 दिनांक-16/05/2025

**'अल्पकालीन ई-टेंडरिंग/ई-निविदा आमंत्रित सूचना'**

एतद्वारा सभी फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में **राज्यवित्त/न.पं. लेखा** के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्य हेतु दिनांक 17.05.2025 समय दोपहर 2:00 बजे से दिनाक 27.05.2025 समय दोपहर 3:00 बजे तक ई-निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** पर नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा ऑनलाईन आमन्त्रित की जाती है जो दिनांक 27.05.2025 को सांय 04:00 बजे खोली जायेगी। ई-निविदा मूल्य आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा की जायेगी तथा जमा रसीद व निविदा के साथ निर्धारित 10 प्रतिशत धरोहर राशि EPV, FDR, NSE/Tragary Challan/ अन्य के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बुढाना के नाम बन्धक हो को वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यदि ई-निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन होता है तो सूचना समय से वेबसाईट पर प्रदर्शित कर दी जायेगी। ई-निविदादाताओ की ई-निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| **E-Tender Refrence** | 242/न.पं.बु./2025-26 |
| **Publish Date and Time for Ref.** | 17-05-2025 at 02:00 PM |
| **Last Date and Time for submission of E-Bids** | 27/05/2025 upto 03:00 PM |
| **E-Tender Opening Date** | 27/05/2025 at 04:00 PM |
| **Place of Opening of E-Bid** | Office Nagar Panchayat Budhana, Distt. Muzaffarnagar |
| **E-Tender Documents Proceesing** | टेण्डर मूल्य के लिए वेबसाईट पर अपलोड निविदा में देंखे **as per List.** |
| **E-Tender निविदा शुल्क/टेंडर मूल्य** | खाता संख्या- 11733685933 भारतीय स्टेट बैंक शाखा बुढ़ाना IFSCE CODE-SBIN0007434 |
| **E-Tender धरोहर राशि** | के लिए वेबसाइट पर अपलोड निविदा में देंखे। **as per List.** |

नोट: नियम व शर्तो को वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर देखा जा सकता है।

**(आलोक रंजन)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत बुढ़ाना**

**(उमा त्यागी)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत बुढाना**

# सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत से मचा परिजनों में कोहराम

■ पति-पत्नी पूजा करने के लिए जा रहे थे मंदिर

शाह टाइम्स संवाददाता

**मीरापुर।** दिल्ली पौड़ी राजमार्ग पर ग्राम सिकरेरा के निकट पूजा करने जा रहे पति-पत्नी को अज्ञात करने टक्कर मार दी जिस कारण दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों मरतापो के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

शुक्रवार की सुबह 4.30 बजे सिखरेड़ा निवासी बालेंद्र सिंह अपनी पत्नी कमलेश के साथ दिल्ली-पौड़ी राजमार्ग पर सड़क के निकट मंदिर में पूजा करने जा रहा था।

इस दौरान दिल्ली- पौड़ी राजमार्ग को पार करते समय अचानक बिजनौर की ओर से तेज गति से आए एक अनियंत्रित ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। महिला कामेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बालेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

टक्कर की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एम्बुलेंस व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल को उपचार के जिला अस्पताल भिजवाया। उधर गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने बालेन्द्र को मेरठ रैफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान कुछ घंटे बाद मेरठ में बालेंद्र की भी मौत हो गई। एक साथ दो मौत होने से गांव में मातम छा गया।

पुलिस ने बालेन्द्र के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शाम मृतक दम्पति के शव गांव पहुंचे जहां देर शाम करीब सात बजे गमगीन माहौल में दोनों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। बलिंदर सिंह के पिता भोपाल सिंह ने ज्ञात रक्षालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया है। पति-पत्नी की आकस्मिक मौत पर उनके परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां




**शाहपुर।** राज एकेडमी व स्नेहा होम्स शाहपुर के प्रांगण में संस्था का वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर संस्था के छात्र छात्राओं द्वारा मन मोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिनकी सभी उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बच्चों की प्रतिभाओं से प्रभावित होकर एमको बैंक के चेयरमैन डॉ. के. सी. गोयल, पूर्व चेयरमैन एवं भाजपा नेता प्रमेश सैनी, सभासद आदिल खान, प्रसिद्ध एड. रोहताश कर्णवाल ने नकद रूप में धनराशि प्रदान कर बच्चों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य उषा स्थाना ने बताया कि उस समारोह में वरिष्ठ व्यापारी नेता बिवदीप गोयल, नीरज गुप्ता, गीता जैन भाजपा नेत्री, रमा नागर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, सचिन धवन, शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा, शिवचरण गर्ग की गौरवमय उपस्थिति रही तथा इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्रों को भी सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष अजय भार्गव, प्रबंधक अरविंद कुमार गुप्ता, उषा अस्थाना ने सभी सफल छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य सानिया मिर्जा ने सभी अतिथियों का इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अंत में सभी अध्यापिकाओं को प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया तथा संस्था में अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे को भी गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। व्यवस्था बनाने में बुशरा, शीबा सलमानी, सोनम सलमानी, भावना गोस्वामी, सदफ, ममता पाल, फरहा, दीपिका सैनी, फरहीन,डिम्पल, प्रबंधक अरविंद गुप्ता ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया शहरीन मिर्जा आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन फिजा राणा द्वारा किया गया।

# 275 उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण



**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में जिला स्तर पर दिनांक 15, 16 एवं 17 मई 2025 को मुख्य अभियन्ता (वितरण), क्षेत्र,के निर्देशन में विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, नुमाईश ग्राउण्ड के कैम्पस में एक वाणिज्यिक मेगा कैम्पश का आयोजन किया जा रहा है। उप वाणिज्यक मेगा कैम्प के अन्तर्गत उपभोक्ताओं के बिल संशोधन, नये संयोजन निर्गत करना, लोड बढ़ाना, मीटर बदलना, विद्युत बिल जमा कराने एवं अन्य वाणिज्यिक समस्याओं के निस्तारण किया जा रहा है, 16 मई तक उप कैम्प में 275 नं0 उपभोफओं की समस्या का निस्तारण किया गया है।

इसलिए सभी सम्मानित उपभोफओं/ आवेदकों से अनुरोध है कि आप अपनी विद्युत सम्बन्धी समस्याओं /कठिनाईयों का निदान कराने हेतु 17 मई 2025 को कैम्प में पधारने का कष्ट करें। कैम्प का समय प्रात: 10:00 से शाम 05:00 बजे तक होगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता मनोज कुमार यादव द्वारा दी गई है।

# आईटीआई कॉलेज में छात्रों को टेबलेट वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** ककराला मे भोपा मार्ग पर स्थित चौधरी कदम सिंह मेमोरियल आईटीआई कॉलेज में 2023 के प्रवेशित छात्रों को टेबलेट वितरण किए गए जिसमें कुल 33 छात्रों को टैबलेट का वितरण किया गया,

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोरना ब्लॉक प्रमुख अनिल राठी ने छात्रों को कौशल प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर बढ़ने पर जोर देने को कहा , उन्होंने कहा कि आज आईटीआई से छात्रों के भविष्य के अनेकों रास्ते खुले है , टैबलेट वितरण तकनीकी शिक्षा को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाई गई सरकार की महत्वकांक्षी योजना है इसका लाभ लेते हुए छात्रों को तकनीकी कौशल में दक्षता प्राप्त करनी चाहिए,कॉलेज के प्रबंधक चौधरी सचिन सरोहा ने सम्मान चिन्ह भेंट कर माला पहनाकर अनिल राठी का स्वागत किया।




सचिन सरोहा ने कहा कि टेबलेट आज आधुनिक युग में छात्रों के लिए बहुत उपयोगी है जिससे छात्र ऑनलाइन पढ़ाई के साथ साथ नई नई तकनीक की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं, कॉलेज के प्रधानाचार्य विशाल रोशवॉल ने संयुक्त रूप से मनदीप तोमर, अमन, ;तिक, प्रयास,हंस, प्रिंस पाल, सागर रोशवाल, उज्जव ठाकरान, उज्जवल , सन्नी, सावन, हर्षवर्धन, विवेक,सागर सोलंकी, हरिओम ,सागर, कपिल, मयंक सहित सभी 33 छात्रों को टेबलेट वितरित किए गए।

# मेपल्स एकेडमी में तरबूज पार्टी का आयोजन

**बुढ़ाना।** कस्बे के कांधला रोड पर गांव गढ़ी सखावतपुर के समीप स्थित शिक्षण संस्था मेपल्स एकेडमी बुढ़ाना के भव्य प्रांगण में आज शुक्रवार के दिन किंडर गार्डन विभाग के छात्र छात्राओं की एक तरबूज पार्टी का सफल आयोजन किया गया।

इस तरबूज पार्टी का उद्देश्य छात्र छात्राओं को स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक करने के साथ साथ उन्हें गर्मियों में तरबूज के लाभों के बारे में जानकारी देना था। इस तरबूज पार्टी में छात्र छात्राओं ने कैटवॉक भी किया और विभिन्न प्रकार की कविताएं भी प्रस्तुत की। जिससें कार्यक्रम और भी रंगीन वघ यादगार बन गया। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को केवल खेल और मनोरंजन ही प्रदान नहीं किया गया बल्कि उन्हें स्वस्थ आहार के महत्व के बारे में भी पूर्ण रुप से




जागरुक किया गया। यहां पर मुख्यत मेप्लस एकेडमी बुढ़ाना के प्रबंधक राजीव गर्ग, प्रधानाचार्य डॉक्टर गरिमा वर्मा, उप प्रधानाचार्य क्षितिज श्रीवास्तव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को तरबूज किस समय खाना चाहिए और तरबूज खाने के क्या क्या फायदे हैं ये सब विस्तार से बताया अच्छे स्वास्थ्य के बारे में बताया। यहां पर सभी छात्र और छात्राओं ने तरबूज पार्टी का जमकर लुत्फ उठाया। अंत में सब बच्चों के उच्च स्वास्थ्य की कामना करते हुए कार्यक्रम समाप्त किया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला किया गिरफ्तार

**मोरना।** क्षेत्र के कस्बे में पड़ोसी युवक द्वारा देर रात नाबालिग को बहका फुसलाकर मकान की छत पर ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा निवासी महिला ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि बीते चार मई की रात्रि में पड़ोस का ही युवक सागर उसकी 13 वर्षीय बेटी को बहका फुसलाकर पडोसी कप्पन के मकान की छत पर ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। रात्रि में उसकी आंख खुल गई तो वह अपने देवर को लेकर बाहर निकली तो बेटी के रोने की आवाज सुनाई दी तो वह वहां पर पहुंची और किसी तरह सागर के चुंगल से बेटी को बचाया। जिसके बाद सागर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। अगले दिन जब वह आरोपी के परि. जनों से शिकायत करने जा रही थी तो कप्पन व विपिन ने उसे कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी तथा बेटी की अश्लील वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। पुलिस ने आरा. ेपी सागर, कप्पन व विपिन के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपित आरोपी सागर को गिर“तार कर लिया था, जिसके बाद शुक्रवार को उसे जेल भेजा गया है।

### डंफर चोरी के दूसरे आरोपी को चार माह बाद भेजा जेल

**भोपा।** थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव भेडाहेडी निवासी महेशचन्द नोएडा स्थित सेक्टर 16 में कंपनी में गाड़ी चालक है, जिसका सोरखा गांव में बीबा इन्फवेन्चर प्राइवेट लिमिटेड में आना जाना था। वहां पर कम्पनी के दो डम्फर, एक जेसीबी व एक रोड़ रोलर खड़े थे। आरोप है कि महेशचंद द्वारा अपने साथी गौतम राज के साथ योजना बनाकर बीबा इन्फवेन्चर प्राइवेट लिमिटेड का उक्त वाहनों के सम्बन्ध में फर्जी लैटरहेड तैयार कर दो डम्फर दिल्ली निवासी गगन आनन्द नाम के कबाड़ी को बेच दिऐ थे। बीते 14 जनवरी की रात्रि में पुलिस टीम ने महेशचन्द को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी तमंचा व डम्फरों की बिक्री तीन लाख पचास हजार रूपये बरामद किए थे। गुरुवार को पुलिस टीम ने फरार गौतम राज को दिल्ली थाना मयूर बिहार क्षेत्र से गिर“तार कर लिया जबकि तीसरा आरोपी गगन आनन्द, निवासी मायापुरी नई दिल्ली की तलाश की जा रही है।

### करहेड़ा में कबूतर प्रतियोगिता, पुलिस को देख मचा हड़कंप

**मोरना।** गांव करहेड़ा मे कबूतर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रसिद्ध कबूतर बाज अपने कबूतर आकाश मे उड़ा रहे थे। वहीं पुलिस को देख भगदड मच गयी। पुलिस ने कुछ लावारिस बाइको को कब्जे मे ले लिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव करहेड़ा मे शुक्रवार को कबूतर प्रतियोगिता मे भाग लेने के लिये प्रतिभागियो व दर्शको की भारी भीड़ उमड़ आई। ग्रामीण मकान की छतो व चौराहो पर इकठा होकर कबूतरों की ऊँची उड़ान देख रहे थे। प्रतियोगिता मे बड़ी शर्त लगाने की चर्चाएं जारी थी। की अचानक पहुंची पुलिस को देख भगदड मच गयी। पुलिस ने गांव से कुछ लावारिस बाइको को कब्जे मे लेकर पूछताछ शुरू की है।

# किसान मजदूर संगठन का धरना दूसरे दिन भी जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** सरकारी विभागों में पनप रहे भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर किसान मजदूर संगठन का कलेक्ट्रेट में धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरण सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार को बढावा देने वाले अधिकारी और कर्मचारियों को कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक विभिन्न समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक यह धरना ऐसे ही जारी रहेगा।

किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. पूरण सिंह ने कहा कि शहरी और देहात क्षेत्र में बदले गए जर्जर तार और खम्भों में बडा घोटाला किया गया है। कंपनी के साथ विभागीय अफसरों ने मिलीभगत कर अरबों रुपये की बंदरबांट की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा इस मामले की जांच की जाए। जांच में




सभी कुछ साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि शाहपुर बिजलीधर के गढी टाउन फीडर पर कोई कार्य नहीं हुआ, फिर भी 16.8 किलोमीटर का बिल दर्शाया गया। अटाली बिजलीघर के नगवा फीडर पर कार्य शून्य रहा, लेकिन 39.34 किलोमीटर का भुगतान कर लिया गया।

खरड बिजलीघर पर देवी फीडर का न तो सर्वे हुआ और न ही 12 किलोमीटर से अधिक कार्य, लेकिन 31 किलोमीटर का बिल बनाकर भुगतान लिया गया।

इसी प्रकार न्यू रुडकी रोड पर मल्हूपुरा फीडर पर मात्र 10 किलोमीटर कार्य, लेकिन 28 किलोमीटर का बिल, साकेत फीडर पर भी केवल 10 किलोमीटर कार्य, जबकि सर्वे सिर्फ 18 किलोमीटर का हुआ था। परंतु बिल 44 किलोमीटर का पास हुआ है। उन्होंने कहा कि कंपनी और विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से योजनाबद्ध तरीके से अनियमितता, धोखाधडघ और फर्जी बिलिंग की गई। इस दौरान कृष्ण कुमार, शंकर राणा, शहजाद राणा, देवेन्द्र, अनिल राणा, विशाल राणा, नरेन्द्र, प्रशान्त राणा, राहुल, कुलदीप, सोमपाल, रामकुमार, विनोद आदि मौजूद रहे।

# आंधी तूफान में विशालकाय नीम का पेड़ जमीन पर गिरा

**बुढ़ाना।** शुक्रवार की देर सायं लगभग सवा छह बजे के आसपास अचानक से आए भयंकर आंधी तूफान में लोक निर्माण विभाग बुढ़ाना के पुराने कार्यालय में खड़ा नीम का एक विशालकाय पेड़ नीचे खड़ी चार कारों पर गिर गया।

जिसमें 45 लाख रूपये की कीमत की चारों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। जमीन पर पड़े पेड़ को मौहल्ले के लोग काट काटकर अपने घर ले गये उधर बेचारे कार मालिक सिर पीटते रह गये। ये सभी कारें बुढ़ाना निवासीगण मौहम्मद अबरार की टाटा सफारी कार संख्या यूके 07 बी क्यू 8600, शोकीन अहमद की स्कार्पियो कार, नदीम अहमद की डिजायर कार संख्या यूपी 15 सी एम 4083 और पूर्व सभासद पहलवान नौशाद कुरैशी की ब्रेजा कार संख्या यूपी 12 बीआर 6048 हैं। इस घटना से आंधी तूफान बंद होने के बाद कार चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने कारों की हालत देखकर अपने अपने मालिकों को फोन किया। कुछ ही देर बाद चारों कारों के मालिकों ने मौके पर आकर अपनी कारों की हालत को देखकर सिर पीट लिया। जेसीबी मशीन मंगाकर और पेड़ जगह जगह से काटकर चारों कारों को एक एक करके पेड़ के नीचे से निकली गयी। चारों कारों की कीमत लगभग 45 लाख रुपये के आसपास की बताई गयी है। घटना कस्बा पुलिस चौकी के पास की है।

यहां पर सैंकड़ों लोगों का हुजूम लगा गया और आसपास के लोग मोटी मोटी लकडियां आरी से काट काटकर लेकर चलते बने और उधर सभी कार मालिक इस ख्रश्य को देखकर अपना सिर धूनते रहे। मौके पर बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार भी पहुंचे और लोगों को पेड के इर्द गिर्द से हटाकर घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर दी गई मच्छरों से बचने की सलाह

**मंसूरपुर।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश पर आयोजित हुए कार्यक्रम में बीमारी से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया गया। शुक्रवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंसूरपुर थाना क्षेत्र के सरस्वती लाल इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लोगों को बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। सीएचसी चिकित्सा अधिकारी डॉ अवनीश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील तेवतिया के आदेश पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर अलका ने डेंगू बुखार के लक्षण, जांच, इलाज और मच्छर के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कपिल कुमार ने संचारी रोगों व हीट वेव से संबंधित बीमारियों से बचाव को लेकर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। डीवीडी कंसलटेंट अहतेशयाम ने छात्राओं को संचारी रोग से बचाव के लिए जागरूक किया। डॉक्टर शमशेर ने डेंगू के प्रकोप, क्षेत्र में बचाव के उपाय के संबंध में जानकारी दी। मलेरिया निरीक्षक डॉक्टर लोकेश ने मच्छर की पहचान व उसके प्रजनन की रोकथाम के बारे में बच्चों को जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं और शिक्षकों ने डेंगू मुक्त अभियान की शपथ ग्रहण की।

### कश्यप समाज ने पूर्व प्रमुख विनोद मलिक का किया भव्य स्वागत

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के पूर्व प्रमुख और राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक का शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर रायसिंह में कश्यप समाज के सैंकड़ों लोगों ने एक बड़ा कार्यक्रम करते हुए फूल माला और ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य स्वागत किया। अपने सम्मान को देख पूर्व प्रमुख विनोद मलिक बहुत ही गदगद नजर आए और कहा कि वे इस सम्मान को कभी भी भुला नहीं पाएंगे। कश्यप समाज के लोगों ने पूर्व प्रमुख विनोद मलिक को गांव की समस्याओं को गिनवाते हुए कहा कि गांव की सभी वृद्ध वृद्धाओं की पेंशन बनवाई जाए। गांव में कुछ शौचालय भी बनवाए जाएं और नाले की बाउंड्री कराई जाए सहित अन्य समस्याओं के निस्तारण की मांग की। जिस पर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने कहा कि वे इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिका. रियो से बात करेंगे और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान आप सभी देखेंगे। पूर्व प्रमुख विनोद मलिक के सभी लोगों ने जिंदाबाद के नारे लगाए और कहा कि वे अब आगामी चुनावघ के लिए बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र से विधायक का चुनावघ लडने की तै”यारी करें वे वादा करते हैं कि कश्यप समाज की एक एक वोट आप पर जाएगी। यहां पर पूर्व प्रधान सत्यपाल सहरावत सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

### अवैध कब्जे होंगे समाप्त, प्रशासन होगा आपके द्वार

**जानसठ ।** नवागत तहसीलदार ने आज निर्धारित समय पर अपने कार्यालय बैठकर फरियादियों की शिकायते सुनी इस दौरान कई मामले रास्तों पर अवैध कब्जे तथा रास्ता ,नाली ,चकरोड विवाद के आए। शुक्रवार को एक फरियादी अपनी फरियाद लेकर तहसीलदार के सम्मुख पहुंचे पीड़ित का कहना था कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा दबंगों द्वारा किया हुआ है । जिस पर तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता ने तत्काल संबंधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए साफ कहा कि अवैध कब्जे किसी रूप में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे जनता की जो भी समस्या होगी उनका तत्काल समाधान कराया जाएगा उन्होंने निर्देशित करते हुए गुणवत्ता के आधार पर तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए .इनके अलावा बिल्डर द्वारा फ्लोटिंग करने के बाद काफी संख्या में रास्ते विवाद उत्पन्न हो गए हैं सही समय पर रास्ता नहीं दिया गया जिस वजह से बहुत सी समस्या सामने आई है ऐसे विवादों के लिए यह भी आमजन को जागरूक किया है कि संबंधित धाराओं के तहत वाद दायर किए जाएं और समय पर उसका समाधान.हो इनके अलावा रेवेन्यू रिकॉर्ड खसरा खतौनी में नाम दुरुस्ती को लेकर भी पीड़ित पहुंचे जिस पर अवगत कराया गया है कि तत्काल किसी भी त्रुटि का समाधान किया जाएगा प्रशासन आपके द्वार है और शिकातो के बाद तत्काल समाधान कर दिया जाएगा।

### कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्लाट बेचने का आरोप

**मीरापुर।** कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर एक व्यक्ति द्वारा प्लाट दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश के बाद मीरापुर थाने में आरोपी सहित अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मवाना के मोहल्ला मुन्नालाल निवासी शाहनजर पुत्र शरीफ ने नवम्बर 2023 में मीरापुर बिजलीघर के सामने स्थित 496 वर्गगज जमीन का सौदा असलम पुत्र मेहरदीन निवासी मोड़ खुर्द थाना बहसूमा तथा उसके तीन-चार अन्य सहयोगियों से किया था। शाहनजर ने प्लाट के दस्तावेज देखकर विश्वास किया और सौदे की पेशगी के रूप में दस लाख रुपये असलम और उसके साथियों को दे दिए। सौदा करने के कुछ समय बाद ही शाहनजर सऊदी अरब चला गया। कुछ माह बाद जब वह भारत लौटकर मीरापुर आया और उस प्लाट को देखने गया तो पाया कि मौके पर ऐसा कोई प्लाट मौजूद ही नहीं है। इस पर उसने जब असलम से संपर्क किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया। शाहनजर का आरोप है कि असलम ने कूटरचित और पफर्जी दस्तावेजों के आधार पर उसे धोखा दिया और 10 लाख रुपये हड़प लिए। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो असलम ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने इस पूरे मामले की शिकायत न्यायालय में की, जिसके निर्देश पर मीरापुर थाने में असलम सहित अन्य अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और जालसाजी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### डाक्टर आसिफ अली ने कई मैडल झटके

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला के निवासी डॉक्टर आसिफ अली ने बीते दिनों उत्तर प्रदेश के जनपद अलीगढ़ में हुई जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा मेडल लेकर गांव जोला और साथ में अपने जिले का भी नाम रोशन किया। मुजफ्फरनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हरेंद्र मलिक ने उनको अपने आवास पर बुलाया और सम्मान दिया। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से डॉक्टर मोबिन अली, बाबा मुन्ना, हकीम अशरफ और बहुत से नेतागण मौजूद रहे।

### टिकैत संग 27 वर्ष रहे बाबा गुलाम मौहम्मद जौला

**बुढ़ाना।** बाबा गुलाम मोहम्मद जौला का जन्म गाँव जौला में सन 1935 को हुआ था। इन्होने शुरुआत से ही किसान नेता महेंद्र सिंह टिकेट के साथ तमाम आंदोलनों में भाग लिया तथा मिलकर भारतीय किसान यूनियन की स्थापना की। वे अनेकों बार जेल भरो आन्दोलन में जेल भी गए। वे भारतीय किसान मज़दूर मंच के पूर्व अध्यक्ष और गंगा जमुनी तहज़ीब के मज़बूत समर्थक के अलावा चौबीसी कुशवाहा खाप के मुखिया भी रहे। मुज़फ्फरनगर दंगे के बाद दो समाज में पैदा हुई खाई को पाटने के लिए अल्लाहू अकबर -हर हर महादेव का नारा देने वाले किसान हितों के लिए सम्पूर्ण जीवन संघर्ष करने वाले बाबा गुलाम मोहम्मद जौला ने महेंद्र सिंह टिकैत के साथ 27 साल तक काम किया था। 1987 में स्वर्गीय महेंद्र सिंह टिकैत गुलाम मोहम्मद जौला के पास आए थे और उनके कहने पर गुलाम मोहम्मद जौला के साथ मुसलमान किसान भी आंदोलन से जुड़ गए थे। बाबा टिकैत के नाम से मशहूर महेंद्र सिंह के साथ इतने लंबे वक्त तक काम करने के बाद आखिरकार 2013 में बाबा जौला ने भारतीय किसान यूनियन छोड़ दी। उन्होंने अपना गुट बना लिया था। उसके बाद उन्होंने एक संगठन की घोषणा की जिसका नाम भारतीय किसान मजदूर मंच रखा गया। इनकी सरपरस्ती में ही गांव में युवाओ की एक संस्था जौला यूथ क्लब के नाम से वजूद में आई। अंत समय मे बाबा ने किसान आंदोलनों में दिन रात बढ़ चढ़कर भाग लिया। बीती 16 मई 2022 को इन्होंने अंतिम सांस ली। क्षेत्र को ऐसी क्षति पहुंची जिसकी भरपाई कभी नही की जा सकेगी।

### 30 महिलाओ और एक पुरुष की हुई नसबंदी

**बुढाना।** शुक्रवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के परिसर मे महिला और पुरुष नसबंदी कैंप का सपफल आयोजन किया गया। इस कैंप में जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील कुमार तेवतिया के निर्देश अनुसार 30 महिलाओं की नसबंदी और एक पुरुष की नसबंदी की गई। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से एसीएमओ दिव्या वर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अर्जुन सिंह, एमओआईसी, पीयूष गर्ग, एआरओ, आशा कार्यकत्री, संगिनी, केस लाने वाली आशाएं, हरविंदर सिंह बीसीपीएम बुढ़ाना और डॉक्टर शिखा गुप्ता के द्वारा कैंप को सफल बनाने में सहयोग दिया गया और इन सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद व हार्दिक अभिनंदन भी किया गया।

# बच्चों को जरूर दिलाए तालीम: मौलाना

**तितावी।** बघरा स्थित आज दरगाहे आलिया बघरा में मजलिस का दूसरा दिन था । पहली मजलिस मोलाना ने सुबह खिताब फ़रमाई । मौलाना ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन का सबसे अहम हिस्सा है । शिक्षा के बिना मनुष्य जीवन संभव नही । मोला अली ने भी निरक्षरता को अपना सबसे बड़ा शत्रु माना है। मौलाना ने कहा कि हम शिक्षा ग्रहण करे अनुसंधान और विकास में अहम योगदान दे। हमारा देश अपनी जीडीपी का मात्र 0.64 प्रतिशत योगदान करता है जबकि अमेरिका 3.47 प्रतिशत । बाद में मोलाना ने मसाहिब पढ़े ।फिर जुमा की नमाज़ दरगाह की मस्जिद में हुई। उसके बाद दूसरी मजलीस मौलाना फसी हैदर साहब ने पढ़ी । मोलानां ने कहा



कि हमे अधिक से अधिक पेड़ लगाने चहिये । एक पेड़ एक वर्ष में लगभग 100 किलो ऑक्सिजन दे देता है। हम लोगो के इसके प्रति जागरूक करे। देश में कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.57 प्रतिशत पेड़ पौधे है जो 33 प्रतिशत की तुलना में कम है । बाद में मोलाना ने इमाम हुसैन (अ. स.) के मसाहिब पढ़े जिसे सोगवार ज़ार ज़ार रोने लगे। इस मौके पर रियासत अली , सचिव इमरान अली, रिज़वान, शराफत , व ओ नू आदि मौजूद रहे।

### इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर युवती को किया परेशान

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम खेड़ी सराय निवासी एक युवती ने इंस्टाग्राम पर उसके नाम से फर्जी आईडी बनाकर दुरुपयोग करने की शिकायत थाना मीरापुर में दर्ज कराई है। युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह ग्राम खेड़ी सराय की रहने वाली है और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम से इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बना रखी है। उक्त आईडी से उसकी छवि को नुकसान पहुंचाया जा सकता है। युवती ने आशंका जताई है कि आरोपी फर्जी प्रोफाइल का गलत उपयोग कर सकता है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि साइबर सेल की मदद से आरोपी को पहचान कर जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# खतौली के परीक्षा परिणामों पर चिंता, शिक्षा स्तर सुधार हो: राजवीर सिंह

■ टॉपर सूची में स्थान नहीं बना पाए खतौली क्षेत्र के छात्र

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** क्षेत्रीय विकास पार्टी के अध्यक्ष राजवीर सिंह ने इस वर्ष के सीबीएसई परीक्षा परिणामों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि खतौली कस्बे के किसी भी विद्यालय का छात्र जनपद की टॉप सूची में स्थान नहीं बना सका, जो शिक्षा के गिरते स्तर को दर्शाता है।

राजवीर सिंह ने कहा कि केवल सुविधाओं और भव्य भवनों से शिक्षा में सुधार नहीं होता, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, प्रेरणादायक वातावरण और अनुशासनपूर्ण अध्ययन प्रणाली आवश्यक है। उन्होंने इसे क्षेत्र के लिए एक चेता.



वनी संकेत मानते हुए शिक्षा से जुड़े सभी लोगों, संस्थानों और प्रशासन से अपील की कि वे अभी से आने वाले वर्षों के लिए ठोस रणनीति तैयार करें।उन्होंने सुझाव दिया कि नियमित शिक्षक प्रशिक्षण, कमजोर छात्रों के लिए विशेष कोचिंग, और अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी जैसे कदम शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बना सकते हैं। राजवीर सिंह ने कहा कि अगर सभी पक्ष मिलकर काम करें, तो खतौली को शैक्षिक रूप से अग्रणी बनाया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि खतौली के मेधावी छात्रों को उचित मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो वे भी जनपद और प्रदेश स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। इस बयान के बाद शिक्षा क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और कई स्कूल प्रबंधक व शिक्षाविद् इस मुद्दे पर चर्चा के लिए एक संयुक्त बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीआईए टीम ने डेढ़ घंटे तक खंगाला नौमान का मकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** तीन दिन पूर्व पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए नौमान इलाही को लेकर पानीपत क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम कैराना पहुंची। जहां पर टीम ने आरोपी के बंद मकान को खुलवाकर करीब डेढ़ घंटे तक गहन तलाशी ली। इस दौरान आरोपी के आवास से पासपोर्ट, आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। सीआईए टीम के सर्च अभियान के दौरान मोहल्ले में हड़कंप की स्थिति बनी रही।



विगत मंगलवार को हरियाणा राज्य के पानीपत जनपद की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जास.ूसी करने के आरोप में कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही को गिरफ्तार किया था। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। पकड़े गए आरा.ेपी के विरुद्ध पानीपत के सेक्टर-29 में स्थित औद्योगिक क्षेत्र थाने में मुक.दमा दर्ज किया गया है। आरोपी फिलहाल एक सप्ताह के पुलिस कस्टडी रिमांड पर है। शुक्रवार प्रातः सीआईए-1 की दस सदर्स्य टीम एसआई देवराज सिंह के नेतृत्व में आरोपी नौमान को साथ लेकर कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर आमद दर्ज कराने के पश्चात टीम स्थानीय पुलिस के साथ में आरोपी के मोहल्ला बेगमपुरा स्थित बंद पड़े आवास पर पहुंची। टीम ने आरोपी के आवास को खुलवाकर गहन तलाशी अभियान चलाया। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक आरोपी के आवास पर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान आरोपी के आवास से पासपोर्ट, आधार कार्ड, फोटो व अन्य दस्तावेज बरामद हुए है। टीम ने मोहल्ले के लोगो से भी आरोपी के सम्बंध में जानकारी हासिल की। बताया जा रहा है कि सीआईए की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर मोहल्ले के ही एक मकान से भी कुछ दस्तावेज बरामद किए है। हालांकि टीम में शामिल अधिकारियों ने कुछ भी जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद सीआईए टीम आरोपी को साथ लेकर वापस लौट गई। टीम के सर्च अभियान के दौरान मोहल्ले के लोगो में हड़कंप मचा देखा गया। वहीं, कस्बे की किलागेट पुलिस चौकी प्रभारी एसआई आनंद कुमार भी पुलिस टीम के साथ में मौजूद रहे।

### बुधवार को जनसेवा केंद्र पर पहुंची थी सीआईए की टीम

सीआईए-1 की टीम विगत बुधवार को आरोपी नौमान को साथ लेकर मनी ट्रांसफर के एक मामले में पूछताछ के लिए कैराना के एक जनसेवा केंद्र संचालक के यहां पहुंची थी।

यह जनसेवा केंद्र कचहरी के सामने स्थित है, जिसका संचालक कस्बे के मोहल्ला आलकलां का रहने वाला बताया गया है। अगले दिन स्थानीय पुलिस ने भी यहां से दो जनसेवा केंद्र संचालकों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, जिनसे एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर टीम ने संयुक्त रूप से गहन पूछताछ की थी। हालांकि हिरासत में लिए गए दोनों युवकों से पुलिस टीम कुछ खास हासिल नही कर पाई, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

### अलर्ट मोड़ पर है लोकल पुलिस व खुफिया विभाग

आरोपी नौमान की गिरफ्तारी के बाद से स्थानीय पुलिस, एलआईयू, स्टेट आईबी व साइबर विभाग की टीमें अलर्ट नजर आ रही है। मामला देश की सुरक्षा से जुड़ा होने के कारण लोकल खुफिया तंत्र स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर गुप्त तरीके से आरा.ेपी युवक की कुंडली खंगालने में जुटा हुआ है। पुलिस टीम जांच कर रही है कि आरोपी युवक कैराना में किन-किन लोगो के सम्पर्क में रहा है।

## सौ दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम जून से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राजकीय फल संरक्षण केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र राठी ने बताया कि उद्यान एव खाद्य प्रसंस्करण-विभाग लखनऊ उप्र के अधीन राजकीय फल सरक्षण एवं प्रशिक्षण-केन्द्र शामली द्वारा 12वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत 100 दिवसीय उद्यमिता विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 10 जून से कराया जाना प्रस्तावित है। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु बेरा.ेजगार युवक व युवतियों को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के समस्त पहलुओं से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगे। उन्हें अपनी खाद्य प्रसंस्करण-इकाईया स्थापित करने हेतु प्रेरित किया जाएगा ताकि उन्हें आय का स्रोत सुलभ हो सके।

# दो दोस्तों की सड़क हादसे में मौत के मामले में डीएम से मिल आर्थिक सहायता दिलाने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मौहल्ला शां.तिनगर निवासी दो दोस्तों की एक माह पूर्व हुई सडक हादसे में मौत के बाद परिजनों ने जिलाधिकारी से मुलाकात की मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता प्रदान कराने की मांग की है।



शुक्रवार को शहर के मौहल्ला शांतिनगर निवासी मनोज कुमार व अमित कुमार ने जिलाधिकारी अरविन्द कुमार चौहान को दिए पत्र में कहा कि पीडितों के दो बच्चे तुषार पुत्र अमित कुमार, तुषार कुमार पुत्र मनोज कुमार गत 12 अप्रैल को समय करीब 7:45 बजे शामली से मुजफ्फरनगर बाईक से जा रहे थे। इसी दौरान जाते समय लालूखेडी से आगे शेरा ढाबा के पास सामने से रॉग साईड से आ रहे टैक्टर ने जबरदस्त टक्कर मार दी जो टैक्ट्रर ड्राईवर बडी तेजी व लापरवाही से चला रहा था और उसमें लाईट भी नही थी।

टक्कर लगने से दोनों बच्चों की दर्दनाक मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। दोनों लडके परिवार की रीढ थे जिनसे ही घर की आजीविका चलती थी वह भी बन्द हो गई है। उन्होने परिवार की दयनीय स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की।

## कैंसर से व्यक्ति का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी एक व्यक्ति की कैंसर की बीमारी के चलते मौत हो गई। मृतक लंबे समय से कैंसर की बामारी से जूझ रहे थे। शहर के मौहल्ला गुजरातियान निवासी पत्रकार सागर कौशिक के पिता नरेश कौशिक पिछले लंबे समय से कैंसर की बीमारी से पीडित थे। जिनका शामली से लेकर दिल्ली, उत्तराखंड जैसे अस्पतालों में उपचार चल रहा था, लेकिन लगातार कैंसर पेट में फैलता गया। काफी समय से नरेश कौशिक अपने घर पर ही उपचाराधीन थे। शुक्रवार सवेरे उन्होने अपने आवास पर अंतिम सांस ली और उनकी लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। नरेश कौशिक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वही गणमान्य लोगों ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी है।

## एक नजर

### टॉप करने वाली सावी जैन का कांग्रेस ने किया सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सीबीएसई बोर्ड में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। शुक्रवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर सीबीएसई परीक्षा में बारहवीं में भारत वर्ष में शीर्ष रैंक प्राप्त करने पर शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल की छात्र सावी जैन को उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के प्रतिनिधि के तौर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सदस्य ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल सावी जैन के घर पहुंचा। इस अवसर पर ओम प्रकाश शर्मा ने आशीर्वाद स्वरूप प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से एक स्मृति चिह्न और गुलदस्ता भेंट करते हुए सावी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैभव गर्ग, ठाकुर लाखन सिंह, विनोद अत्री, रविन्द्र आर्य, पुनीत शर्मा एवं सोहिल धीमान ने भी बिटिया सावी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

### महिला सहित दो पर चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** हल्का लेखपाल ने ग्राम तिसंग में चरागाह की भूमि पर फसल की बुआई कर कब्जा करने के मामले में दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बृहस्पतिवार को हल्का लेखपाल अकरम अली ने थाने में दी तहरीर में बताया कि गांव तिसंग परगना बिडौली स्थित भूमि खसरा संख्या 98 रकबा 2.174 व खसरा संख्या 84 रकबा 0.655 है0 भूमि चारागाह ग्राम सभा के रूप में दर्ज है। खसरा संख्या 98 में 0.4200 है0 भूमि पर रामपाल पुत्र करताराम निवासी निवासी करनाल द्वारा अवैध रूप से फसल बोकर कब्जा किया गया था, वहीं खसरा सं0 84 पर 0.1840 है पर मुनेश पत्नि बालेन्द्र निवासी घन्सैनी मुजफ्फर नगर द्वारा अवैध धान की फसल बोकर कब्जा किया गया है। लेखपाल ने तहरीर देकर पुलिस से दोनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने महिला सहित एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री राहत कोष हेतू किया गया मैजिक शो का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शासन आदेशानुसार डी-सेंट पब्लिक स्कूल में मुख्यमंत्री राहत कोष हेतू जादूगर सम्राट रिंकू वर्मा द्वारा विभिन्न स्तरीय अद्‌भुत जादुई करतब दिखाकर छात्र छात्राओं सहित समस्त विद्यालय परिवार को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की और से मुख्यमंत्री राहत कोष में 3100 की धन राशि जमा की गई। आयोजन के लिए विद्यालय प्रधानाचार्या सन्तोष तोमर ने जादूगर सम्राट रिंकू वर्मा का आभार व्यक्त करते हुए देश हित में सदैव सकारात्मक सोच के साथ इसी प्रकार सहयोग प्रदान करने के लिए प्रेरित किया।

### बैंक्वेट हॉल में स्ट्रीट लाइट लाइन से बिजली चोरी का मामला, नगर पंचायत ने जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थानाभवन नगर पंचायत क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट के लिए बिछाई गई विद्युत लाइन से अवैध रूप से बिजली लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में नगर के एक बैंक्वेट हॉल स्वामी को नगर पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई है।

नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि नगर में प्रमुख गलियों, मोहल्लों और बाजारों में प्रकाश व्यवस्था हेतु विद्युत लाइन डाली गई है, जिसे जनरेटर के माध्यम से संचालित किया जाता है। हाल ही में जांच के दौरान पाया गया कि एक बैंक्वेट हॉल द्वारा नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट लाइन से अवैध रूप से बिजली ली जा रही थी। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि संबंधित बैंक्वेट हॉल स्वामी को दो दिन के भीतर विद्युत शुल्क और जुर्माना जमा करने का निर्देश दिया गया है।

ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर पंचायत सभी वर्गों के लिए प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करती है और इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि यदि किसी को बिजली चोरी की जानकारी हो तो तुरंत नगर पंचायत को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# बोर्ड बैठक में 22 करोड़ के प्रस्ताव मंजूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत कार्यालय में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के विकास हेतु करीब 22 करोड़ रूपए अनुमा.नित व्यय होंगे। बोर्ड बैठक में अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं अधिशासी अधिकारी सहित लिपिक एवं सभासद मौजूद रहे।

शुक्रवार को नगर पंचायत बोर्ड बैठक का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय में किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल कश्यप एवं संचालन अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने किया।

बैठक में नगर के विकास हेतु आय करीब 24 करोड़ पचास लाख किया गया, वहीं नगर में सड़क निर्माण कार्य, मरम्मत कार्य, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश पथ व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था को सु.ढ बनाने हेतु लगभग 22 करोड़ पचास लाख रूपए बजट स्वीकृत किए गए। आंकलन बचत लगभग 18746337 रूपये का बचत बजट स्वीकृत किया। इस मौके पर मुख्य लिपिक अशोक कुमार, सहायक लिपिक एवं कम्प्यूटर आपरेटर नदीम चौधरी सहित सभासद पिंकी, भवानी सिंह, असलम, संजय, सभासद अनुज गुप्ता, नासिर मलिक, इस्तखार, जीशान, इकराम, हासिम, जहांगीर, तसलीम मौजूद रहे।

# मृतक संविदाकर्मी के आश्रितों को दस लाख की आर्थिक मदद, नौकरी के आश्वासन पर धरना समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना बिजली उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी मोनू कुमार की ट्रांस्फार्मर पर फ्यूज लगाते हुए करंट दौडने से मौत हो गई थी। जिसको लेकर गांव मे आक्रोश फैल गया और गुस्साए लोगो ने पुलिस चौकी पहुॅचकर जेई मोबीन खान व संविदाकर्मी राजेश कुमार पर हत्या का आरोप लगा दिया।इसके बाद ग्रामीण एकजुट होकर बिजलीघर का घेराव करते हुए धरना शुरू कर दिया। रात्रि मे आठ बजे शुरू हुए धरने के बाद तहसीलदार मृदुला दूबे व प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुॅचें और धरनारत लोगो से बातचीत की। देर रात्रि करीब दो बजे एक्सईएन शामली सौरभ पाठक टीम के साथ मौके पर पहुॅचें और पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के बाद धरनारत लोगो के बीच जाकर हादसे पर दुख जताया और मृतक के पीडित परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। धरनारत ग्रामीणो ने पीडित के परिवार को आर्थिक मदद की मांग की। जिस पर एक्सईएन ने दस लाख की आर्थिक सहायता के साथ पीडित परिवार के एक व्यक्ति को संविदा पर



मृतक संविदाकर्मी की पत्नी सोनिया विलाप करती हुई।



चौसाना बिजली उपकेन्द्र पर धरनारत ग्रामीण के बीच पुलिस प्रशासनिक अधिकारी

नौकरी देने,जिला प्रशासन से आवास व खंड व मंडल स्तर से अधिकारियों के वेतन से एक निश्चित राशि बतौर सहायता मृतक की पत्नी को दिलाने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जेई व संविदाकर्मी राजेश पर कार्यवाही की मांग की। जिस पर एक्सईएन ने जेई की विभागीय जांच,राजेश पर उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर धरने को समाप्त कराया। धरना करीब सात घंटे निरंतर चलता रहा।

### बारह बजे धरनास्थल पर पहुंचा मृतक का शव

पोस्टमार्टम के बाद मृतक के शव को ग्रामीण बिजली उपकेन्द्र ले आए और उपकेन्द्र मे रखकर विरोध किया। इस दौरान परिवार की महिलाए भी मौके पर पहुॅच गई और विलाप करती रही। धरना समाप्ति के बाद शव को घर ले जायया गया।

### सुबह होते ही शव का हुआ अन्तिम संस्कार

मृतक संविदाकर्मी मोनू का शव रात्रि करीब दो बजे गांव मे पहुॅचा तो कोहराम मच गया। परिवार की महिलाएं टूट टूट कर विलाप करती नजर आई। जिससे हर किसी की आंखे नम थी। सुबह होते ही शव का अन्तिम सस्कार कर दिया गया।

# जुमे की नमाज के बाद निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक से भारतीय सेना को सलाम एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।



शुक्रवार को शहर के मौहल्ला आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान से जुमे की नमाज के बाद मुफ्ती जुबैर कासमी ने कहा कि हम हर खतरे में अपने वतन के साथ खड़े हैं। अपने बयान में भारतीय सेना की बहादुरी और मुल्क से वफादारी को खघ्रिाज-ए-अकीदत पेश किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में पहलगाम जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की तरफ से किए गए अटैक का जिस मजबूती से जवाब हमारी सेना ने दिया, वह हर हिन्दुस्तानी के लिए फख्र का सबब है। यह कार्रवाई मुल्क की सरहदों की हिफाजत और भारत की अटूट ताकत का साफ पैगाम है।

हमारी फौज सिर्फ वर्दी नहीं पहनती, वो हमारी उम्मीदें, हमारी हिफाजत और हमारी आजादी की हिफाजत का नाम है। अगर दुश्मन ने हमारी तरफ आंख उठाई, तो हम सब मजहब, जात और जबान से ऊपर उठकर एक साथ खड़े हैं। उन्होंने इस्लाम की रोशनी में वतन से मोहब्बत को ईमान का हिस्सा बताया और जोर देकर कहा कि सरहद की हिफाजत करने वाले सिपाही हमारी दुआओं के मुस्तहिक हैं। इसके बाद मस्जिद से तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुस्लिम समाज के लोगों ने बढचढकर हिस्सा लिया।

## समस्याओं के निस्तारण के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास खण्ड कैराना के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रामडा में आयोजित ग्राम चौपाल में पहुंचकर मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने ग्राम के विकास कार्यों को जाना और मौके पर जो भी गांव वासियों द्वारा समस्या बताई गई उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।आयोजित चौपाल में जिला पंचायत राज अधिकारी शामली खण्ड विकास अधिकारी कैराना, सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। आयोजित ग्राम चौपाल में शौचालय, आवास, हैण्ड पंप आदि से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिनका निस्तारण हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# प्रदेश के ग्रामों में सचिवालय के जरिये मिल रहा है योजनाओं का लाभ

**लखनऊ/शामली।** पंचायती राज व्यवस्था उप्र में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, और जिला पंचायत आते हैं। पंचायती राज व्यवस्था आम ग्रामीण जनता की लोकतंत्र में प्रभावी भागीदारी का सशक्त माध्यम है। 73वां संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होते ही प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के पंचायत राज अधिनियमों अर्थात् उप्र पंचायत राज अधिनियम-1947 एवं उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत अधिनियम 1961 में अपेक्षित संशोधन कर संवैधानिक व्यवस्था को मूर्तरूप दिया गया। 73वें संविधान संशोधन के उपरान्त पंचायती राज संस्थाओं को 29 विषयों पर कार्य कराने का अधिकार प्रदान किया गया। प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का संचालन ग्राम पंचायतों के माध्यम से अथवा ग्राम पंचायतों के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही, इस हेतु यह आवश्यक था कि ग्राम पंचायतों एवं उनको सौंपे गए दायित्वों को संचालित तथा क्रियान्वित किए जाने हेतु उनका एक कार्यालय हो। यह देखा गया कि वर्ष 2021 तक कुल 58,189 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष मात्र 33,577 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित थे जिसमें से कई पंचायत भवन उपयोग न होने के कारण जीर्ण-शीर्ण अथवा क्षत्रिग्रस्त हो गए थे। इस प्रकार कुल 24,612 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन उपलब्ध नहीं था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में गांवों और ग्रामवासियों का तेजी से विकास हो रहा है। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन नहीं थे, उनमें पंचायत भवन का निर्माण कराया गया तथा जहां पंचायत भवन निर्मित है उनका आवश्यकतानुसार मरम्मत व विस्तार कराकर कार्यालय के रूप में रूप स्थापित किया गया। सरकार ने ग्राम पंचायतों के कार्यालय का नामकरण ग्राम सचिवालय किया है। ग्राम पंचायतों में निर्मित लगभग 33,000 पंचायत भवनों का जीर्णोधार/मरम्मत कराया गया तथा लगभग 23,916 ग्राम पंचायतों में नवीन पंचायत भवन निर्माण कराकर ग्राम सचिवालय स्थापित किया गया। प्रदेश सरकार ने ग्राम सचिवालय संचालन हेतु प्रत्एक ग्राम पंचायत में एक पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर की तैनाती की कार्यवाही की है, जोकि कार्यालय अवधि में संबंधित ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय में उपस्थित रहते है। ग्राम सचिवालय को कार्यालय के रूप में विकसित किए जाने हेतु ग्राम सचिवालय में कार्यालय उपकरण यथा कम्प्यूटर, प्रिन्टर, इण्टरनेट, कुर्सी, मेज इत्यादि की भी व्यवस्था कराई गई। जिससे कार्यालय कार्यों में कोई बाधा न आए। ग्राम सचिवालय की स्थापना में ग्राम प्रधानों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है तथा प्रदेश में कई ग्राम सचिवालय ऐसे स्थापित कराए गए है जो देखने में सुन्दर एवं सुसज्जित है। ग्राम सचिवालय कार्यालय अवधि में खुले, यह सुनिश्चित करने हेतु पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर की आनलाईन उपस्थिति Geo-Fenced Face Recognition Based Online Attendance System के माध्यम भी कराई जा रही है तथा ग्राम पंचायतों से सीधा संवाद स्थापित करने एवं पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर सचिवध्ग्राम प्रधान की समस्याओं के समाधान हेतु राज्य स्तर पर एक कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है। ग्राम सचिवालयों को प्रभावी रूप से क्रियाशील बनाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा यह अनिवार्य किया गया कि समस्त पंचायतों में ई-ग्राम स्वराज तथा पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर सिस्टम एवं इण्टरनेट के माध्यम से ही किया जा रहा है। जिसके अनुश्रवण हेतु पंचायत गेटवे पोर्टल की व्यवस्था की गई जिसमें पंचायत गेट-वे पोर्टल ग्राम सचिवालय में स्थापित कम्प्यूटर में इंस्टाल कराया गया तथा इसी पोर्टल के माध्यम से ई-ग्राम स्वराज पी.एफ.एम.एस. वेबसाईट पर जाकर भुगतान किए जाने का प्राविधान किया गया है, जिससे ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे भुगतान की पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। इसके उक्त के अतिरिक्त ग्राम सचिवालयों में जनसेवा केन्द्र स्थापित किए जाने की कार्यवाही की गई जिसमें कुल 243 जनसेवाओं यथा आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि को ग्रामीण जनों को प्रदान किया जाता है जिसका उद्देश्य यह था कि ग्रामीणजनों को विकास खण्ड जनपद स्तर पर न जाना पड़ें एवं यह सुविधाएं उन्हें अपनी ग्राम पंचायत पर ही उपलब्ध हो जाए। ग्राम सचिवालयों में तैनात पंचायत सहायक एकाउन्टेन्ट कम डाटा इण्ट्री आपरेटर से योजनाओं के संचालन में अपनी महती भूमिका अदा कर रहे है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा. ) में पंचायत सहायक द्वारा व्यक्तिगत शौचालय के लाभार्थियों का ऑनलाईन फार्म भरा जा रहा है तथा रेट्रोफिटिंग सर्वे, ओ.डी.एफ. प्लस के कार्यों का सत्यापन रिर्पाटिंग, अर्न्तवैयक्तिक संप्रेषण, प्रचार प्रसार, कार्ययोजना में सहायता इत्यादि कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में सहायता की जा रही है।

ग्राम सचिवालयों के कारण ही आज प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों के साथ नवीन संचार माध्यमों से एक साथ वी.सी. करके उनसे संवाद स्थापित कर प्रदेश सरकार की मंशा व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में सभी ग्राम प्रधानों, सचिवों, ग्राम पंचायत के सदस्यों, पंचायत सहायक तथा ग्रामीणजनों तक प्रदेश सरकार के संदेश त्वरित गति से प्रसारित हो रहे है एवं उनका क्रियान्वयन भी त्वरित गति से प्रारम्भ हो जाता है। ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालयों की स्थापना करते हुए प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता तथा निर्बाध जनसेवाओं को सुनिश्चित कराने का प्रयास किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में लगी बदमाश को गोली

## मोटरसाईकिल फिसलने पर घिरे बदमाश, दूसरे को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र में पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि उसका साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर मुठभेड़ की सूचना मिलने पर पुलिस के तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली है।

थानाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह पुलिस के साथ गस्त करते हुए पाडली- सिकंदरपुर नोशेरा मार्ग पहुँचे तो उन्हें सामने से बाइक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। जिन्होंने पुलिस को देखकर बाइक दौड़ा दी। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद बाइक स्लिप होकर गिर गई। दोनों बदमाश बाइक छोड़ आम के बाग में घुस गए और पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। उन्होंने



बताया ने भी अपने बचाव में फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश बुरहान पुत्र फक्कर निवासी रायपुर थाना मिर्जापुर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जबकि उसका साथी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है स पुलिस को मौके से एक बाइक, एक तमँचा कारतूस तथा गोक्शी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए है। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर एंड एनवायरनमेंटल साइंसेज विभाग में जूनियर छात्रों के द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह, कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. शिवानी ने मां सरस्वती व बाबू विजेंद्र कुमार जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति ने कार्यक्रम के आयोजकों व सभी छात्र छात्राओं को अनेक शुभकामनाएं दी और छात्रों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कुलसचिव ने भी कार्यक्रम के आयोजकों को अनेक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंतिम सत्र में फेयरवेल के विजेता मिस्टर फेयरवेल रिंकू सैनी व मिस फेयरवेल प्राची सैनी बी.एस.सी. अंतिम वर्ष से रही। मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल को विभाग की ओर से सम्मानित किया गया।

# डिप्टी कलेक्टर से मिले किसान, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दुनिया का सबसे बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनसंख्या की उन्नति तरक्की व विकास के लिए उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन करें। मेरठ में तत्काल प्रभाव से मिनी सचिवालय और हाई कोर्ट की स्थापना करें। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मेरठ में एम्स की स्थापना कराए। देश के अन्नदाता किसानों के सभी कर्ज समाप्त कराए जो सरकार की गलत नीति के कारण हुए हैं। देश की खेती किसान जल जंगल जमीन को बचाने के लिए देश के अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए। जबकि केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार अन्नदाता किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य भी नहीं दिला पा रही है जिसके कारण किसानों पर कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है।

प्रतिनिधि मंडल में राष्ट्रीय सलाहकार रजत शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश महामंत्री असीम मलिक प्रदेश सचिव डॉक्टर परविंदर मलिक मंडल मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री दीपक चौधरी रहे।

# खेत में ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट के गांव खुर्रमपुर में खेत में एक व्यक्ति शव पड़ा हुआ मिलने से इलाके में सन सनी फेल गई। ग्रामीणों ने शव के पड़े होने की सूचना कोतवाली बेहट पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई तो उसकी पहचान गांव कबीरपुर निवासी व्यक्ति के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की थाने में गुमशुदगी भी दर्ज है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को कोतवाली बेहट के गांव खुरमपुर के एक खेत में काम कर रहे ग्रामीणों ने एक व्यक्ति के शव पड़ा हुआ देखा तो ग्रामीणा ने शव पड़े होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।शव के मिलने से इलाके में सन सनी फेल गई।सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह पुलिस बल को लेकर मौके पर पहुंचे और शव को खेत से उठाकर कब्जे में लेकर आस पास के ग्रामीणों से पहचान कराई तो उसकी पहचान राहुल पुत्र रामपाल (25 वर्ष)निवासी गांव कबीरपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। शव मिलने के संबंध मे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि शव की पहचान राहुल पुत्र रामपाल निवासी गांव कबीरपुर के रूप में हुई है।मृतक व्यक्ति के संबंध में थाने में गुमशुदगी भी दर्ज है।

### सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय द्वारा सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में आल इंडिया टॉप करने पर जिला शामली की सावी जैन को उनके निज निवास पर जाकर उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय की ओर से शिक्षकों के एक दल ने सीबीएसई 12वीं आल इंडिया टॉपर छात्रा सावी जैन पुत्री प्रवीण जैन, फर्नीचर व्यवसायी को उनकी उत्कृष्ठ उपलब्धि पर उनके परिवार सहित मुँह मीठा कराते हुए विश्वविद्यालय स्मृति चिंह्न भेंट कर सावी जैन को सम्मानित किया है।

शिक्षक दल में शिक्षा विभाग के डी. एंड हेड प्रो. डॉ. प्रशांत कुमार व एडमिशन सेल के इंचार्ज डॉ. अनिल रॉयल शामिल रहे। सावी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया।

# शहीदों के लिए हवन-पूजन व प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** भारतीय सेना का मनोबल बढ़ाने और शहीद हुए सैनिकों व पहलगाम की आतंकी घटना में मारे गए लोगो की आत्मा की शांति के लिए सनातन संस्कृति उत्थान समिति द्वारा हवन पूजन और प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

गांव जसमोर मे शिव मन्दिर मेन चौक में प्रार्थना सभा मे पंडित संजय प्रपन्नाचार्य ने कहा कि भारत माता एवं भारत के जन धन की रक्षा हेतू प्रतिकूल परिस्थितियों में हर क्षण प्राणों को बलिदान करने वाले वीर सैनिको की रक्षा के लिए हर भारत वासी को अपने अपने आराध्य से प्रार्थना करनी चाहिए आज देश मौन युद्ध की स्थिति में है ऐसे में हम सब के द्वारा मन से की गई आराधना सैनिकों को संकट की स्थिति में दैवीय रुप से रक्षा करती है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण स्वयं मां दुर्गा ने कर्नल सोफिया कुरैशी व व्योमिका सिंह के रूप में आक्रमण की अगुवाई करके दिया है । उन्होंने कहा हमारी सेना दिन रात जागती है तो हम सुरक्षित



सोते हैं सीमा पर वीरगति को प्राप्त हुए सैनिकों एवं आतंकवादियों द्वारा मारे गए व्यक्तियों की आत्मिक शांति हेतू भी ग्राम वासियों द्वारा आहूति प्रदान कर सामूहिक मौन रखकर प्रार्थना की गई। इस दौरान अंशुल बंसल, संजय चौहान, ब्रिजेश शर्मा, आचार्य संदीप शर्मा, विक्की पाल, गौरव पाल, शाश्वत शर्मा, मनीराम चौहान , सुमित पाल, धर्मपाल चौहान, फैनी सिंह चौहान, अर्पित शर्मा, अशोक कश्यप एवं महिलाए उपस्थित रही।

## याद किए गए पृथ्वीराज चौहान

**सहारनपुर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिर्फ चार दिन में पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों और सैन्य प्रतिष्ठानों को अपने शौर्य और सटीक निशानेबा. जी से तबाह करके विश्व को चौंकाने वाली भारतीय सेना की सफलता का आधार उसका सही गणित, ज्ञान और एकाग्र अभ्यास की साधना है जिसका अनूठा उदाहरण महाराजा पृथ्वीराज चौहान हैं।

आज महाराजा पृथ्वीराज चौहान की जन्मजयंती पर उन्हें याद करते हुए योगगुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण ने अर्जुन, एकलव्य और पृथ्वीराज चौहान को याद करते हुए मोक्षायतन साधकों और नेशन बिल्डर्स एकेडमी के बच्चों के सामने प्रसंग दोहराया कि जब मोहम्मद गोरी ने दिल्ली पर सतरह बार चढ़ाई की थी जिनमें पृथ्वीराज चौहान से हार का सामना करना पड़ा परंतु अंतिम बार पृथ्वीराज चौहान को हराकर बंदी बना लिया और और उनकी आंखें फोड़ दी थी। योग गुरू ने बताया कि पृथ्वीराज चौहान शब्द भेदी बाण चलाना जानते थे। पृथ्वीराज चौहान की इस कला को पहचानने के लिए एक इसलिए अपने दरबार में एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें एक बहुत ऊंचे आसान पर गोरी बैठा था। काफी दूर पृथ्वीराज चौहान को खड़ा किया गया और धनुष बाण दिए गए। सैनिक के घण्टे की आवाज पर शब्द भेदी बाण मारना था, प्रदर्शन शुरू होते ही कवि चंद्र बरदाई ने चौहान को दोहे में संकेत दिया कि- चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमान। ता ऊपर सुल्तान है, मत चुके चौहान। इससे अंधे चौहान को सुलतान के बैठने की जगह का पता चल गया। जैसे ही सुल्तान ने प्रदर्शन शुरू करने की आज्ञा दी, उसी आवाज पर चौहान ने धनुष से बाण छोड़ा जो सीधे सुल्तान के गले में जा लगा जिससे वह वहीं तत्काल मर गया। इसके पहले कि सैनिक कुछ समझ पाए कि चन्द्र बरदायी और पृथ्वीराज चौहान ने तलवार से एक दूसरे का गला काट कर आत्मोत्सर्ग कर दिया था।

# संदिग्ध फूड प्वाइजनिंग मामले से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रुड़की रोड, भैसराऊ स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय में फूड पॉइजनिंग का संदिग्ध मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। बीती रात कई छात्राओं को बुखार और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत के बाद स्कूल कर्मचारियों ने उन्हें साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फतेहपुर पहुंचाया। वहां दीपिका (पुत्री मनीष, चखरेहटी), अनिका (पुत्री महेश सिंह, खुब्बनपुर), और आयुसी (पुत्री नवीश, पिठौरी) की गंभीर हालत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य छात्राओंख्र पलक, शांझी, नाविका, पूजा, इकरा, वंदना आदिख्रको प्राथमिक उपचार के बाद स्कूल वापस भेज दिया गया। इस घटना ने स्कूल प्रबंधन की लाप. रवाही और भोजन की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।



डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में फूड पॉइजनिंग की आशंका जताई है। इलाजरत छात्राओं ने खाने में भारी अनियमितताओं का खुलासा किया, जिससे भोजन आपूर्ति में घपले की संभावना प्रबल हो रही है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की वार्डन ने दावा किया कि कुछ छात्राओं को फुंसी और बुखार की शिकायत थी, और भर्ती बच्चों को उनकी निगरानी में ड्रिप लगवाई गई। हालांकि, वार्डन का इलाज में हस्तक्षेप का दावा डॉक्टरों के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाता है। कुछ छात्राएं वार्डन के डर से बोलने में हिचक रही थीं, जिससे संदेह पैदा होता है कि उन्हें चुप रहने का दबाव बनाया गया।

स्थानीय अभिभावक और समुदाय इस घटना से आक्रोशित हैं। वे मांग कर रहे हैं कि स्कूल प्रबंधन, भोजन आपूर्तिकर्ताओं, और वार्डन की भूमिका की गहन जांच हो। लोगों का कहना है कि बच्चों की सेहत के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन इस मामले की तह तक जाए, तो भोजन आपूर्ति और प्रबंधन में बड़े घोटाले का खुलासा हो सकता है।

जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग से अपील की जा रही है कि दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए, भोजन की गुणवत्ता की जांच हो, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। जनता चाहती है कि दोषी अधिकारियों और आपूर्तिकर्ताओं को कड़ी सजा दी जाए ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। प्रशासन की चुप्पी से असंतोष बढ़ रहा है, और लोग त्वरित जांच की उम्मीद कर रहे हैं।

### समस्याएं बताई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ नागरिको की संस्था सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी से जुड़े प्रति. निधिमंडल आज नगर निगम में नगरायुक्त शिपू गिरि से मुलाकात कर उन्हें जनसमस्याओं से अवगत कराया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए सोसाइटी के संस्थापक के. एल. अरोड़ा नगर निगम से संस्था द्वारा पार्को की देखरेख करने व उनको गोद लेने का प्रस्ताव रखा जिस पर नगरायुक्त ने अपनी सहमति प्रदान की। संस्था के नगर निगम समस्या निवारण समिति के अध्यक्ष आर. के. जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था को हमेशा नगर निगम का सहयोग मिलता रहा है। मंडल अध्यक्ष सी. एम. एंडले ने सड़क पर घूम रहे आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन के बारे में कहा कि पूरी तरह टीकाकरण नहीं किया गया है और जिस कॉलोनी से नगर निगम कुत्ते ले जाता है, उसी कॉलोनी में उससे जयादा कुत्ते छोड़ जाता है जो बड़ी समस्या है। बलराम अहलूवालिया ने शहर में हो रहे अतिक्रमण पर बात कही। कँवर पाल सिंह ने अपने हाउस टैक्स में नाम परिवर्तन को लेकर आग्रह किया की जनता को नाम परिवर्तन आदि कार्यों में असुविधा हो रही है, इसकी प्रक्रिया सरल कराई जाए। नगरायुक्त ने सबकी समस्याएं सुनकर उन्हें समाधान का आश्वासन दिया।

# हवाई साबित हो रही गरीबों के लिए चलाई योजनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत में गरीब एवं पात्र व्यक्तियों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही सारी योजनाएं हवा हवाई साबित हो रही है। अधिकांश गरीब व पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल पा रहा है। हालांकि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए अनेकों योजनाएं चलायी जा रही हैं।

नगर पंचायत सुलतानपुर चिल. काना की अगर बात करें तो अधिकांश गरीब पात्र व्यक्ति आवास योजना, शौचालय, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशनकार्ड आदि सरकारी योजनाओं से वंचित नजर आते हैं। गरीबों के लिए सारी सरकारी योजनाएं हवा हवाई साबित हो रही है। आवास योजना की अगर बात की जाए तो इसका लाभ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग व निम्न आय वर्ग के वह लोग ले सकते हैं, जिनके परिवार के पास पहले से कोई पक्का घर मकान ना हो या उसे पहले से कोई सरकारी आवास सब्सिडी ना मिली हो। लेकिन नगर में तो बिल्कुल इसके विपरीत देखने को मिलता है।



नगर के मोहल्ला कोठीवाला निवासी उमर दराज उर्फ कृष, उमर दीन व दिलशाद पुत्र स्वर्गीय रशीद तीनो भाईयों की अगर बात की जाए तो यह तीन परिवार एक ही घर में रहते है जिस पर न तो छत है और न ही पक्की दीवारें। तीनों परिवार एक अरसे से मात्र सत्तर गज जमीन पर तिरपाल लगाकर रह रहे हैं। यह लोग पहले अन्य लोगों की बकरीयां चराने का कार्य करके अपना गुजर बसर करते थे। धीरे धीरे लोगों ने बकरी रखना बंद कर दिया तो यह तीनों परिवार भूखे मरने की कगार पर आ गये जो कि अब मेहनत मजदूरी करके बामुश्किल अपना व बच्चो का पेट भर पाते हैं।

दिलशाद की पत्नी नगमा ने बताया है कि उन्होंने दो तीन बार प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के फार्म भरे है। लेकिन आज तक भी उनका मकान नही बन पाया है। जबकि आस पास मोहल्ले में ही कई अपात्र लोंगो के मकान बन चुके है। फार्म भरने के बाद मकान का पैसा दिलवाने के नाम पर कुछ लोग उनसे पैसे की मांग करते है जो कि वह पूरी नही कर पाते है। जिसके चलते आज तक उनका मकान नही बन पाया है। जबकि जो अपात्र लोंग पैसा दे देते हैं उनके मकान बन जाते है। इतना ही नही परिवार में अन्य किसी भी व्यक्ति का राशन कार्ड तक भी आज तक नही बना है।

नगमा का कहना है की चुनाव के समय सभी प्रत्याशी राशनकार्ड व पक्का मकान बनवाने का वायदा करके जाते हैं लेकिन चुनाव के बाद कोई भी पलट कर उन गरीबों की बेबसी को नही देखता है।

# बढ़ती गर्मी से बिलबिलाए

**गंगोह।** चिलचिलाती धूप व लगातार बढ़ रहे पारे के चलते लोग बुरी तरह बिलबिला रहे है। तेज धूप बदन में नष्तर से चुभों रही है।

गर्मी भीशण गर्मी के कारण आम जनजीवन भी अस्त-व्यस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार लगातार बढ़ पारे के कारण पड़ रही भीशण गर्मी से लोगों को बुरा हाल हो गया है। चिलचिलाती धूप षरीर में नष्तर से चुभानें का काम कर रही है। सुबह से ही गर्मी का सिलसिला षुरू हो जाता है जो दोपहर होने तक असहनीय हो जाता है। लोग धूप से बचने के लिए घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे है लेकिन गर्मी घर में भी लोगों को बेहाल किए गए है। घरों की छतें तप जाने से अंदर घुटन सी महसूस हो रही है। गर्मी के कारण आम जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है जिसके कारण बाजारों व मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही कम नजर आती है। गर्मी से बचने लोग सिर व मुंह को ढककर ही घरों से बाहर निकल रहे है। ऐसी तेज धूप व गर्मी के कारण आदमी तो क्या पषु भी हल्कान नजर आ रहे है। गर्मी से राहत पाने को लोग स्वीमिंग पूल व नदियों का रूख कर रहे है।

**नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद सहारनपुर में विकास क्षेत्र गंगोह, नकुड, देवबन्द, मुजफ्फराबाद, सढौली कदीम, पुवांरका एवं नगर सहारनपुर में संचालित के.जी.बी.वी. में पुराने सामान (इलेक्ट्रानिक उपकरण, पुराने बिस्तर, लोहे का सामान, लकडी का सामान, एल्यूमिनियम / स्टील के बर्तन), जो प्रयोग किये जाने की स्थिति में नहीं है, की नीलामी की जानी है, इच्छुक फर्मे/व्यक्ति विज्ञप्ति के प्रकाशन के 01 सप्ताह के अन्दर जिला समन्वयक बा.शि., कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहारनपुर से सम्पर्क कर नीलामी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

(श्रेया पटवा)
जिला समन्वयक बा.शि.
समग्र शिक्षा, सहारनपुर।

(कु. कोमल)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सहारनपुर

# श्रद्धालुओं ने भक्ति सागर में लगाए गोते



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** बाला जी धाम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भक्ति के सागर में डुबकियां लगाई। भजन-कीर्तन के अलावा सुंदर कांड का पाठ भी किया गया।

श्री बाला जी संकट मोचन सेवा समिति के तत्वाधान में बाला जी धाम में मूर्तियों के स्थापना दिवस के अवसर पर षुक्रवार की रात राम बाग रोड स्थित बाला जी धाम पर बाला जी संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पूजन से की गई। समिति के अध्यक्ष सुशील शर्मा ने पत्नी सुनीता देवी व सदस्यों ने श्रद्धा भाव से पूजन कराया। पूजन पंडित रोी. हत शर्मा ने संपन्न कराया। बाला जी स्तुति से गणेश व सरस्वती वंदना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सामूहिक सुंदर कांड का पाठ किया गया। भजन गायकों ने बाबा के भजनों की शुरूआत कर ऐसा समां बांधा कि श्रोता भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम का आयोजन काफी देर तक चला। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया।

### तुर्की व चीन के सामान का करें बहिष्कार: तुषार

**सहारनपुर।** सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता तुषार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि आपरेशन सिंदूर के दौरान जिस तरह तुर्की व चीन ने पाकिस्तान का समर्थन किया है। भारत को तुर्की व चीन के सामान का बहिष्कार कर देना चाहिए।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्री अग्रवाल ने यहां जारी बयान में कहा कि विगत 22 अप्रैल को पहलगाम में पाक प्रशिक्षित आतंकवादियों ने निहत्थे सैलानियों को धर्म पूछकर मौत उतार दिया था। इसके विरोध में भारत ने पाकिस्तान में चल रहे आतंकी ठिकानों को खत्म करने के लिए आपरेशन सिंदूर चलाया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ इस कार्यवाही अमेरिका व रूस समेत दुनिया के अधिकतर देश इस कार्यवाही में भारत का समर्थन कर रहे हैं।

# मंत्री सुनील बराला का कस्बे में स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** रुड़की रोड स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता विकास गुप्ता के कैंप कार्यालय पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व श्रम आयोग मंत्री व श्रम आयोग अध्यक्ष (राज्य मंत्री) पंडित सुनील बराला का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी सदस्य अंकित वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वागत समारोह में पंडित सुनील बराला ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सी को स्वतंत्रता देकर 28 नागरिकों के बलिदान का बदला लिया, जो देश के लिए गर्व का विषय है। ऑपरेशन सिंदूर अत्यंत प्रेरणादायक रहा। उन्होंने चीन और तुर्की पर भारत के खिलाफ गुप्त षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा, ष्इन देशों के साथ व्यापार बंद करना चाहिए। जो भारत का अन्न खाते हैं और पीठ में छुरा भोंकते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूरी है।ष उन्होंने बताया कि चीन ने पाकिस्तान को लाखों डॉलर देकर भारत के खिलाफ काम किया।



बराला ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री का धन्यवाद किया। स्वागत समारोह में जिला पंचायत सदस्य दुबे सिंह कंबोज, धर्मपाल सैनी, कंवरपाल राठी, मांगेराम शर्मा, ऋषिपाल सैनी, संदीप रोहिल्ला, सुशील चौधरी, नीरज सैनी, विनय सैनी, शुभम शर्मा, कन्हैया, गगन वर्मा, हर्ष तोमर, अश्वनी सैनी, सत्यम गुप्ता, अंकित गुप्ता, मनोज माहेश्वरी, प्रमोद भारद्वाज, योगेश धीमान, सरवन कश्यप, संजय सैनी, गौरव सैनी, अरविंद धीमान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस आयोजन ने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को राष्ट्रीय गौरव के रूप में देखा गया।

# मुठभेड़ के बाद पुलिस के हत्थे चढ़े वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के दौरान अंतरराज्जीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया जबकि एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पूछताछ के आधार पर नगर से ही एक कबाड़ी को भी गिरफ्तार करने के उपरांत पुलिस ने 10 बाइकें, चार बाइ. कों के पार्ट्स बरामद किये हैं।





कोतवाली पुलिस सुल्तानपुर बास्तम गांव की पुलिया पर वाहनों की चेकिंग के दौरान देर रात स्कूटी से आ रहे दो संदिग्धों को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने रुकने के बजाए पुलिस पर फायरिंग करनी शुरु कर दी। जिसमें कई पुलिसकर्मी बाल बाल बचे। कुछ ही दूरी पर पुलिस ने उनकी घेराबंदी कर ली। जवाबी कार्रवाई में बदमाश सफवान पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गोली लगने से घायल बदमाश को पुलिस ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ के आधार पर नगर से एक कबाड़ी को भी गिरफ्तार किया गया है। एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि गिरफ्तार वाहन चोर मोहल्ला नेचलगढ़ निवासी शाहनवाज और पठानपुरा निवासी सफवान हैं। जबकि उनकी निशानदेही पर मोहल्ला बेरियान निवासी कबाड़ी अजीम को गिरफ्तार किया गया है। सफवान और शाहनवाज पेशेवर चोर हैं, जो अलग अलग राज्यों से बाइकों को चुराने का काम करते हैं और बाद में उन्हें लाकर अजीम को बेच देते हैं। पुलिस ने अजीम के पास 10 बाइकें, चार बाइ. कों के पार्ट्स बरामद हुए हैं। सफवान और शाहनवाज से दो तमंचे, कारतूस और एक स्कूटी भी बरामद हुई है। उन्होंने बताया कि देवबंद कोतवाली समेत दिल्ली और हरियाणा में सात चोरी की एफआईआर दर्ज हैं। चोरों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# गन्ना मूल्य भुगतान कराने मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किसानों का गांगनौली स्थित बजाज शुगर मिल से गन्ना मूल्य भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने उपलिजाधिकारी को ज्ञापन देकर 15 दिन के भीतर भुगतान न होने पर चीनी मिल की डिस्टलरी को बंद कर अनिश्चितकालीन धरने की चेतावनी दी है।



भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के युवा प्रदेशाध्यक्ष राहुल खारी के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे कार्यकर्ताओं और किसानों ने एसडीएम युवराज सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बजाज शुगर मिल गांगनौली ने अब तक 12 दिसंबर 2024 तक का ही गन्ना मूल्य भुगतान किया है। जबकि अन्य चीनी मिलें 14 दिन के अंतराल पर गन्ना भुगतान कर रही हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि गन्ना भुगतान नहीं होने से किसान अपने बच्चों की स्कूल फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं। घर चलाने के लिए राशन और फसल तैयार करने के लिए खाद, बीज व कीटनाशक खरीदने में भी भारी मुश्किलें आ रही हैं। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिन के भीतर बजाज मिल द्वारा गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया गया तो संगठन से जुड़े किसान चीनी मिल की डिस्टलरी बंद कर अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन देने वालों में नवाब अली, सुनील सैनी, दीपक कुमार, अंबुज कुमार, दुष्यंत चौधरी, गुलशेर अली व खुशी चौधरी आदि शामिल रहे।

# मंदिर से शिवलिंग उखाड़ने की सुचना से पुलिस में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शिव मंदिर से शिव लिंग को उखाड़ने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की जैसे ही जानकारी मिली पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनाक्रम की जानकारी ली। घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष बना हुआ है।

क्षेत्र के भायला कलां गांव में स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शरारती तत्व शिव लिंग उखाड़ कर ले गए। देर शाम जब ग्रामीण पूजा पाठ के लिए मंदिर पहुंचे तो शिव लिंग गायब मिला। जानकारी मिलने पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी। ग्रामीण प्रवीण और विशाल राणा ने बताया कि

> श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने घटना की निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का कार्य कर माहौल खराब करने का प्रयास है। जिसे पुलिस प्रशासन को गंभीरता से लेना चाहिए।

शरारती तत्व सचिवालय के सामने स्थित प्राचीन शिव मंदिर से शिव लिंग को उखाड़ कर ले गए। जिससे हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सूचना देने के कई घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। आशंका जताई कि शिव लिंग को उखाड़ कर ले जाने



वाले शरारती तत्व आसपास के ही रहने वाले हैं। प्रधान देवेंद्र राणा का कहना है कि घटना को लेकर अभी ग्रामीण शांत हैं, लेकिन अगर पुलिस ने जल्द दोषियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो सड़क जाम कर प्रदर्शन किया जाएगा। सीओ रविकांत पाराशर का कहना है कि पूरे मामले की जांच शुरु कर दी गई है। मंदिर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी निकलवाई जा रही है। जल्द ही आरो. पियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्काउट गाइड शिविर का हुआ समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** स्काउट गाइड शिविर में छात्रो ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देकर सभी का मन मोह लिए।

देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन में चल रहे स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान छात्रों ने सुंदर रंगोली भी बनाई। स्काउट गाइड के जिला संगठन कमिश्नर अनिल भारद्वाज ने छात्रों को स्काउट गाइड की अलग-अलग विधाओं का प्रशिक्षण दिया। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद आबिद ने कहा कि स्काउट गाइड एक सच्चा नागरिक होता है। इस मौके पर सादिया, शाकिर हसन, आशीष, जावेद, इसरार त्यागी व माजिद खान आदि।

# भारत तुर्कीए से सम्बंध करे समाप्त: त्यागी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पाकिस्तान के आतंकी हमले का जवाब देने के लिए भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने दुश्मन देश का साथ दिया और उसे हथियार मुहैया कराए इसलिए भारत सरकार को तुर्की जैसे देशों से अपने संबंध समाप्त करने चाहिए।

बजरंग दल के पूर्व प्रांत संयोजक विकास त्यागी ने जारी अपने बयान में उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत तुरंत कड़े कदम उठाते हुए तुर्की जैसे देशों से अपने सामरिक, आर्थिक, व्यावसायिक व व्यापारिक सहित अन्य सभी प्रकार के संबंधों को तुरंत खत्म कर देना चाहिए। कहा है कि केवल तुर्की ही नहीं बल्कि चीन, बांग्लादेश व अन्य वे सभी देश जो पाकिस्तान के साथ खड़े हैं, भारत को उन सभी देशों से भी अपने रिश्ते खत्म कर देने चाहिए।

विकास त्यागी ने कहा है कि दोगले देशों से रिश्ते खत्म होने से भारत की आर्थिक व सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा बल्कि उन दोगले देशों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि जो दो नावों की सवारी करना चाहते हैं। उन्हें बर्दाश्त नहीं किया जा सकता हैं। कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया को यह दिखा दिया है की हम दुनिया में किसी भी देश से कम नहीं हैं और अपनी रक्षा व सुरक्षा करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

# एजाज़ अहमद के निधन पर जताया दुख



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** इस्लामी शिक्षण संस्था दारुल उलूम के पूर्व कोषाध्यक्ष एजाज अहमद का बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके इंतकाल पर संस्था के मोहतमिम समेत उलमाओं ने गहरा दुख जताते हुए उनके लिए दुआ ए मगफिरत की।

नगर के एमबीडी चौक स्थित मोहल्ला साबुनग्रान निवासी 82 वर्षीय एजाज अहमद पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को उनका इंतकाल हो गया। उन्होंने करीब 40 साल तक दारुल उलूम में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दीं।

मोहल्ला गुज्जरवाड़ा स्थित मस्जिद में नमाज-ए-जनाजा अदा करने के उपरांत मोहल्ला कोहला बस्ती के कब्रिस्तान में सुपूर्द-ए-खाक किया गया। उनके इंतकाल पर दारुल उलूम के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी, अशरफ उस्मानी, मुफ्ती राशिद आजमी, मुफ्ती मोहम्मदउल्लाह आदि ने गहरा दुख जताया।

# कर्नल सोफिया कुरैशी का होना चाहिए सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ऑल इंडिया जमीयतुल कुरैश (यूथ विंग) के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रिहान अहमद कुरैशी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में विशेष भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह मिसाल बन गई है।

रिहान अहमद कुरैशी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि भारतीय सेना द्वारा किए गए विभिन्न ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह देश की बेटी हैं, उनका जितना सम्मान किया जाए कम है। सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह को शर्म आनी चाहिए। शासन प्रशासन को चाहिए कि उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि दोनों देश की बेटियों को ऐतिहासिक देवबंद की सरजमीन पर सम्मानित करने के लिए उनसे संपर्क साधने का प्रयास किया जा रहा है।

# सेंट मैरी में टॉपर्स को किया सम्मानित

## विद्यार्थियों ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स के सम्मान हेतु एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या सिस्टर शैनेट, स्कूल की मैनेजर सिस्टर फिल्वी, सिस्टर मन्जू व कक्षा 12वीं और 10वीं के टॉपर्स हर्ष प्रताप सिंह व वंशिका चौहान और उनके अभिभावकों तथा अध्यापक विकास सिंह, प्रकाश पंकज व ज्योति अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर सिस्टर शैनेट ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने इस वर्ष जिस उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है, वह न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है। मेहनत, अनुशासन और परिवार व शिक्षकों के सहयोग से ही यह सफलता संभव हो सकी है। कक्षा 12वीं में हर्ष प्रताप सिंह ने प्रथम, रिन्सी ने दूसरा तथा मधुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की हंसिका चौहान ने भी कई विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किये।

कक्षा 10वीं के परिणामों में वंशिका चौहान ने प्रथम, शिवी गुप्ता, अक्षत, आर्या मारवाड़ी, परी चौधरी, अंश कुमार, तनिष्का, काव्यांश और उत्कर्ष जैसे विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थानों पर जगह बनायी।

इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक ईशप्रिय, रूपा सिंह, रोबिन, भानु प्रताप, अक्षरा, ऋचिता, पूनम आदि का सहयोग रहा। सभी टॉपर छात्रों को प्रतीक चिन्ह और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों ने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व की अनुभूति की।

# माता रानी की चौकी में उमड़े श्रद्धालु



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मोहल्ला बाड़वान में आयोजित माता रानी की चौकी में महिलाओं ने जगत जननी मातेश्वरी जगदंबिका भवानी के भजनों और माता रानी की भेंटों की प्रभावी प्रस्तुतियों से धूम मचा दी। इस दौरान सामूहिक रूप में उच्चारित किए गए पारंपरिक जयकारों से भी वातावरण गूंज उठा।

धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं संच. ालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी तथा मां जगदंबा महिला संकीर्तन मंडल की महंत दिलीप रानी के निर्देशन में आयोजित माता रानी की चौकी का शुभारंभ सेवानिवृत शिक्षिका बृजबाला अग्रवाल के संरक्षण में सामूहिक पूजन से किया गया। मां जगदंबा तथा बालाजी महाराज के दरबार से जुड़ी बहनों कृतिका रस्तोगी, रिद्धि रस्तोगी, और सिद्धि रस्तोगी ने अपने भजनों की सामूहिक प्रस्तुति से धूम मचा दी।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक आरती से किया गया। सामूहिक कन्या पूजन के बाद सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया।

# पुलिस कर रही है बिना कारण परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और हरियाणा राज्य की पुलिस पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तीनों राज्यों की पुलिस सहारनपुर का नंबर देख वाहन चालकों को परेशान करती है। बिना वजह चालान तक काट रही है।

शुक्रवार को पंडित सतेंद्र शर्मा ने जारी बयान में कहा कि सहारनपुर जनपद से तीनों राज्य नजदीक पड़ते हैं, जिस कारण अधिकांश लोगों का यहां प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है। आरोप है कि इन राज्यों की पुलिस सहारनपुर नंबर की बाइक, कार या अन्य वाहन देखकर उन्हें रोकती है और बिना वजह परेशान करती है। इतना ही नहीं तुरंत चालान काटने में भी गुरेज नहीं करती।

जिस फुर्ती से पुलिस चालान काटती है, उससे साफ है कि यह सब जान बूझकर किया जा रहा है। यदि कोई यातायात नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने इन राज्यों के उच्चाधिकारियों से मामले में जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर क्रमिक अनशन आज से



## वेतन न मिलने पर बैठक में लिया निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शाखा आरएसएम इंटर कॉलेज की बैठक विद्यालय प्रांगण में आहुत की गई। बैठक में अप्रैल महीने का वेतन न मिलने के विरोध में आज से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर क्रमिक अनशन करने का लिया गया।

बैठक मैं शाखा मंत्री द्वारा अवगत कराया गया की विद्यालय के शिक्षकों का अप्रैल माह का वेतन कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा वेतन बिल जेनरेट करके आज तक विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया गया है। जिस कारण विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मचारी को अप्रैल 2025 का वेतन नहीं मिल पा रहा है। बैठक में शिक्षकों के द्वारा वेतन न मिलने के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ शिक्षकों द्वारा बैंक से ऋण लिया है उसकी ईएमआई जमा नहीं हो पाई है, जिस कारण उनका बैंक का क्रेडिट स्कोर भी डाउन हो रहा है।

बैठक में उपस्थित जिला मंत्री विनोद कुमार ने बताया कि २० मई से विद्यालय में ग्रीष्म अवकाश हो जाएगा और जो विद्यालय में प्रदेश के दूर-दूर के जनपदों के शिक्षक साथी कार्यरत हैं उनका घर जाना है। वेतन न मिलने की स्थिति में उनकी पारिवारिक स्थिति कैसी होगी इस बात पर जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर ध्यान नहीं दे रहे है। देवराज सिंह, अतुल कुमार, असित कुमार, चेतन कुमार, पुखराज सिंह, पुष्पराज सिंह, वीर सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, देवानंद राय, डॉ. एकता विश्नोई, रीता रानी, पुष्पा गहलोत, गायत्री देवी, स्वाति चौहान आदि उपस्थित रहे।

# विवेकानंद के छात्र-छात्राओं का शैक्षिक भ्रमण

## मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की ली जानकारी

**शाह टाइम्स संवददाता**

**चांदपुर।** विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने हरिद्वार में स्थित देश की सबसे बड़ी आयुर्वेदिक कंपनी पतंजलि फूड एंड हर्बल पार्क का भ्रमण किया। कंपनी के एचआर शुभम जय सिंह और संदीप द्वारा सभी छात्र- छात्राओं को पतंजलि कंपनी में बनने वाले सभी प्रोडक्ट्स की जानकारी दी।




सभी छात्र-छात्राओं को आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में जानक. ारी देते हुए बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से हर रोग का इलाज किया जा सकता है, जिसका कोई दुष्प्रभाव भी शरीर पर नहीं होता है। छात्र-छात्राओं ने कंपनी की यूनिट में हर्बल इंडस्ट्रीज, टेबलेट मैन्युफैक्चरिंग, तेल मैन्युफैक्चरिंग, शिलाजीत मैन्युफैक्चरिंग यूनिट, कैप्सूल यूनिट, कॉस्मेटिक इंडस्ट्रीज, सर्फ और शैम्पू प्रोडक्शन, एलो वेरा जेल, जूस और दिव्य फार्मेसी यूनिट और कंपनी के वेयर हाउस आदि का भर्मण किया। कंपनी में संदीप द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए पतंजलि के सभी उत्पादों की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव अतुल चौहान ने बताया कि फार्मा कंपनी का भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी रहता है और उनके उज्जवल भविष्य बनाने में उनकी सहायता करता है।

कंपनी के इस भ्रमण में कॉलेज के विवेकानंद कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) शिवेंद्र अग्रवाल और प्रवक्ता दीपक कुमार, निशा, मोहम्मद सोहेल आदि उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं में कृष्ण कुमार, समीर अहमद, देशपाल सिंह, प्रशांत कुमार, मोहम्मद अजीम, कहकशा परवीन, विशाखा कुमारी आदि उपस्थित रहे।

# धूप और गर्मी की परवाह किए बिना कर रहे पार्टी का प्रचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** मोहल्ला सरायमीर निवासी समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद बिना थके बिना रुके पार्टी का प्रचार प्रसार करने में लगे हैं।



मिली जानकारी के अनुसार शमशाद रशीद अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का ख्वाब लिए गांव गांव और शहर शहर जनसंपर्क कर पार्टी का प्रचार और प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम के तहत ग्राम दोधराजपुर, कयामपुर, मीठापुर नाईवाला में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को जिताने की अपील की। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने का आश्वासन दिया। शमशाद रशीद ने बताया कि उन्हें क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों की लगातार अनुपस्थिति लिए आक्रोशित लोगों की शिकायतें और नाराजगी देखने को मिलती है।

जनसंपर्क में अभियान में ग्राम प्रधान त्रिलोचन सिंह, उपेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह, सतवीर सिंह, करनैल सिंह, सूरज सिंह, राम अवतार सिंह, हेमचंद, दान सिंह, धर्मराज सिंह, अमित चंद, बृजपाल, हरकेश, मुकेश टिंकू इत्यादि लोग साथ रहे।

## एक नजर

### सायमन जैदी ने किया नाम रोशन

**कोतवाली देहात।** कोतवाली देहात जैसे एक छोटे से कस्बे से दिल्ली पढ़ने गई सायमन जैदी पुत्री मौहम्मद शब्बन ने जामिया मिलिया इस्लामिया दिल्ली से क्लास 12जी आर्ट स्ट्रीम में 97% मार्क्स लाकर दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज तथा गांव का नाम रोशन किया सायमन ने 500 में 485 अंक प्राप्त किये।उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता तथा गुरुजन को दिया। सायमन अपनी पढ़ाई को लेकर शुरू से ही गंभीर रही है। सायमन के पिता की गांव में ही वेल्डिंग की दुकान है। सायमन का सपना है कि वो ग्रेजुएशन के बाद सिविल की तैयारी कर देश की सेवा करेंगी।



### प्रदर्शनी की नीलामी 53.60 लाख में छूटी



**धामपुर।** केएम इंटर कॉलेज के खेल के मैदान की नीलामी तहसील धामपुर परिसर में तहसील सभागार में नायब तहसीलदार नहटौर विजय कुमार की अध्ध्यक्षता में नीलामी की बोली कराई गई। जिसमें अधिकतम बोली बलजीत शर्मा द्वारा 53,60,000 (तिरेपन लाख साठ हजार) में बोली गई। इस प्रकार बलजीत शर्मा के पक्ष में यह बोली छुटी। इस नीलामी में कुल 7 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बोली के समय नायब तहसीलदार नहटौर विजय कुमार, पवन कुमार रजिस्टार कानूनगो, सुभाष चन्द प्रधानाचार्य, डॉ. श्यामलाल गुप्ता, हिरदेश कुमार वरिष्ठ सहायक, भानु प्रताप सिंह कनिष्ठ सहायक, योगेश कुमार कनिष्ठ सहायक आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाओलिनी-गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिंड़त

**रोम, वार्ता।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाई। पाओलिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### पीकेएल सीजन-12 के लिए होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**मुम्बई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कबड्डी के नए सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की नजर प्लेऑफ पर



■ **कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरसीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने शेष दोनों मैच महत्वपूर्ण अंतर से जीतने होंगे तथा अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा। विराट कोहली आरसीबी के लिए ताबीज बने हुए हैं, जिन्होंने इस सीजन में 63.12 की औसत से 505 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 32 पारियों में 1,021 रन बनाये है। आरसीबी को उम्मीद है कि वह अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखेंगे। फिल साल्ट की वापसी से टीम को एक और बढ़ावा मिला है, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने सीएसके के खिलाफ 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जो निचले क्रम के लिए खतरा साबित हुई। रजत पाटीदार (239 रन) और टिम डेविड ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भुवनेश्वर और क्रुणाल पांड्या के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव प्रदान करने के साथ, बेंगलुरु संतुलित दिख रही है। हालांकि, यश दयाल और रसिख डार जैसे युवा गेंदबाजों पर दबाव बना रहेगा कि वे मुश्किल समय में अपना संयम बनाए रखें। इस बीच, केकेआर इस मैच में कमजोर स्थिति में है वह पिछले पांच मैचों में केवल दो में ही जीत हासिल कर पाए हैं और उनके अभियान में सामंजस्य की कमी है। आंद्रे रसेल का शानदार प्रदर्शन 'पिछली दो पारियों में 95 रन' उम्मीद जगाता है, जबकि अजिंक्य रहाणे 375 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी सूची में सबसे आगे हैं।

# स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार



**सिडनी, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इन्कार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाये तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुकाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंगलिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

# जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा भारत

● **बीसीसीआई 2-3 खेलों का जिम्मा उठाएगा, राजीव शुक्ला बोले- खेलों के नाम मंत्रालय तय करे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओलिंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कारपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई लेगा। इस योजना पर इस साल काम शुरु हो जाएगा।

बीसीसीआई ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कारपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि ओलिंपिक स्पोर्ट्स के विकास के लिए कारपोरेट जगत की भागेदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओलिंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। हर सेंटर में एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग हर सेंटर में एक-एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लास एंजिलिस ओलिंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है। जहां से कई ओलिंपिक मेडलिस्ट निकले हैं। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का चयन होगा भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबाल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं।



# मुस्तफिजुर के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

■ **मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे बीसीबी ने 18 से 24 मई के लिए एनओसी दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे।

उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। बीसीबी के सीईओ ने कहा था कि हमने एनओसी नहीं मांगा दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- श्मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है।

मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिकारिक संदेश नहीं मिला है।श ऐसे में रहमान के आईपीएल में खेलने पर संदेह था। आईपीएल का शेडड्ूल बांग्लादेश के यूएई दौरे से क्लैश हुआ आईपीएल के बचे मैच का शेडड्ूल और बांग्लादेश के यूएई दौरे का शेडड्ूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ यूएई के लिए रवाना भी हो गए हैं। रहमान ने बुधवार को यूएई के लिए रवाना होने के बाद यह फोटो पोस्ट की थी। 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपये में शामिल किया हैं।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम आगे




**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है। फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है। भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फार्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फार्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है। शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं।

# वानखेड़े में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

■ **रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी मौजूद रहे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है। एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़े स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं।

### बंगाल वॉरियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी। बंगाल वॉरियर्स के नए कोच नवीन कुमार का खेल में शानदार ट्रैक रिकॉर्ड है। उन्होंने 10वें दक्षिण एशियाई खेलों (2006), 15वें एशियाई खेलों (2006), दूसरे विश्वकप (2007) और दूसरे इनडोर एशियाई खेलों (2007) सहित कई टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक जीते हैं। कोच बनाये जाने पर नवीन कुमार ने कहा कि बंगाल वॉरियर्स के साथ मुख्य कोच के रूप में जुड़कर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी टीम विकसित करने का एक रोमांचक अवसर है। मैं खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने और मैदान पर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखने के लिए उत्सुक हूँ। नए सत्र से पहले हमारे पास बहुत समय है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि वॉरियर्स एक चैंपियन टीम बने। बंगाल वॉरियर्स के मुख्य कार्यकारी अपूर्व गुप्ता ने कहा कि नवीन कुमार अपने साथ बहुत सारा अनुभव और रणनीतिक विशेषज्ञता लेकर आए हैं, जो उन्हें हमारी टीम के लिए एक आदर्श नेतृत्व है। उनकी जीतने की मानसिकता और युवा प्रतिभाओं को विकसित करने की क्षमता इस सत्र में हमारी सफलता की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकालें: क्रिकेट वेस्टइंडीज

■ **ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है**

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।

सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है। 2028 खेलों में क्रिकेट की वापसी हमारे युवा क्रिकेटरों को उसी सपने से वंचित नहीं कर सकती जिसने हमारे एथलीटों को प्रेरित किया है। ओलंपिक चार्टर निष्पक्षता, पारदर्शिता पर जोर देता है। हम बस यही मांग कर रहे हैं कि इन सिद्धांतों को न केवल भावना में बल्कि संरचना में भी बरकरार रखा जाए। वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए रास्ता निकाला जाना चाहिए और प्रतिस्पर्धा करने का हकदार है। वेस्टइंडीज, कैरेबियाई द्वीप के रूप में आता हैं और इसके क्रिकेट का संचालन क्रिकेट वेस्टइंडीज बोर्ड (सीडब्ल्यूआई) करता है, लेकिन केवल संप्रभु राष्ट्रों को ही ओलंपिक खेलों में भाग लेने की अनुमति है। पूर्व ोषणा के अनुसार लॉस ऐंजिलिस ओलंपिक में पुरुष और महिला वर्ग की टी-20 प्रतिस्पर्धा में केवल छह देश हिस्सा लेंगे। आईसीसी ने लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 को दिए गए अपने प्रस्ताव में सुझाव दिया था कि छह टीमों को कट-ऑफ तारीख पर टी- 20 रैंकिंग के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया जाए।

# शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह

## लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे, कहा-रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता



**दुबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुलासा किया है। शास्त्री के अनुसार 'कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे।' शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं।

जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। उन्होंने रोहित शर्मा की फार्म पर कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता। विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कोहली के संन्यास पर रवि शास्त्री ने कहा कि मैं विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान था। क्योंकि मुझे लगता है कि विराट में टेस्ट खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से बर्नआउट हो गए शास्त्री ने कहा, श्आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं। तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। कोहली लगातार सुर्खियों में रहने के कारण बर्नआउट (थकान) हो गए। कोहली के दुनियाभर में फैन, लोगो को क्रिकेट देखने प्रेरित किया शास्त्री ने कहा कि कोहली को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है।

पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, चाहे वह दक्षिण अफ्रीका हो, उन्होंने लोगों को खेल देखने के लिए प्रेरित किया। अगर कोहली ने कुछ ठाना, तो अपना 100प्रतिशत दिया कोहली ने भारत को 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दिलाई जो किसी भी भारतीय कप्तान की अब तक की सबसे ज्यादा जीत है। इस पर शास्त्री ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ करने का फैसला किया तो उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया जिसकी बराबरी करना आसान नहीं है एग्रेशन कोहली को दूसरे प्लेयर्स से अलग बनाता है कोहली के एग्रेशन पर शास्त्री ने कहा कि एक खिलाड़ी अपना काम करता है, फिर आप आराम से बैठ जाते हैं। लेकिन कोहली के साथ ऐसा नहीं है, जब टीम आउट हो जाती है तो ऐसा लगता है जैसे उन्हें सभी विकेट लेने हैं, उन्हें सभी कैच लेने हैं, उन्हें मैदान पर सभी फैसले लेने हैं। इतना ज्यादा पार्टिसिपेशन, मुझे लगता कि अगर वह आराम नहीं करता है तो कहीं वह बर्नआउट होने वाला है। मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं होने देता शास्त्री ने बीजीटी में रोहित शर्मा की फार्म पर बात करते हुए कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कप्तान होता तो रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में बाहर नहीं होने देता। शास्त्री-कोहली की जोड़ी सबसे सफल रही शास्त्री ने कोहली के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कोच-कप्तान की जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 में भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जिताई।

# निगम व स्मार्ट सिटी को फोकस करें: शिपू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने निर्माण कार्यो की गुणवत्ता लैब से टेस्ट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निगम का एक गेस्ट हाऊस बनवाने तथा अम्बेडकर स्टेडियम में कैफेटेरिया बनवाने का भी सुझाव दिया। नगरायुक्त निगम के शाकुंभरी सभाकक्ष में अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने नगर निगम व स्मार्ट सिटी को और अधिक गति देने के लिए राजस्व विभाग, इंजीनियरिंग एवं स्मार्ट सिटी पर फोकस करने को कहा।



नगरायुक्त ने टैक्स विभाग को निर्देश दिए कि निगम क्षेत्र के भवनों को आवासीय व गैर आवासीय तथा मिश्रित क्षेत्रों के रुप में अलग-अलग विभाजित कर उनका विवरण तैयार करें। उन्होंने अधिकारियों को टैक्स विभाग का हर रोज रिव्यू करने तथा सम्पत्तियों का मिलान करने के भी निर्देश दिए। निगम के वाहनों में डीजल बचाने के उपायों पर उन्होंने अनेक टिप्स दिए तथा इलेक्ट्रिक बस स्टेशन पर ई चार्जिंग स्टेशन की जानकारी ली। चौराहों और प्रतिमाओं के सौंदर्यीकरण के सम्बंध में अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि कुछ चौराहों/तिराहों का सौंदर्यीकरण पहले से प्रस्तावित है। जिस पर उन्होंने उनकी निविदा प्रक्रिया और विकास कार्य निष्पक्ष, तेज और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्ट्रीट लाइट मरम्मत, सम्पत्ति नाम परिवर्तन, सफाई कार्य, टैक्स कलेक्शन, जन्म मृत्यु पंजीकरण व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए भी समयबद्धता पर जोर दिया। पर्यावरण संतुलन और वृक्षारोपण पर जानकारी लेते हुए उन्होंने पूछा कि रायवाला स्थित निगम के प्रभाकर उद्यान में मियावाकी कितने क्षेत्र में बना है, कितने क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया है, अभी तक क्या-क्या किया गया है और क्या प्रस्तावित है ? उन्होंने इस पर विस्तार से प्रेजेंटेशन देने के निर्देश दिए। बैठक में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, अधिशासी अभियंता वी बी सिंह व आलोक श्रीवास्तव, नगर स्वास्थय अधिकारी प्रवीण शाह तथा लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# मुसलमान बसपा के साथ: सरफराज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मुख्य मंडल प्रभारी हाजी सरफराज राईन व पूर्व एमएलसी डा.मेघराज सिंह ने आज नकुड विधानसभा में सेक्टर कमेटी गठित करते हुए समीक्षा की।

गांव पठेड में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी पूर्व एमएलसी डा. मेघराज सिंह जरावरे ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन को मजबूती बनाने पर जोर दे। मुख्य मंडल प्रभारी हाजी सरफराज राईन ने कहा कि हमें संगठन को जमीनी स्तर पर फिर से मजबूत बनाना है। वर्ष 2027 में चुनाव है इसलिये हमें अभी से तैयारी में जुटना होगा। देश का मुसलमान बसपा के साथ खडा है।

बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी राजेश प्रधान, जिला प्रभारी रजनीश उजाला, जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह, जिला महासचिव रजनीश बंधु, महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, विधानसभा प्रभारी पूर्व प्रमुख ऋषिपाल, वि.सभा अध्यक्ष वीरेंद्र पालीवाल, विधानसभा कमेटी, सैक्टर कमेटी आदि अन्य कार्यकर्ता गण शामिल रहे।

# सांसद इमरान से मिला पीड़ित परिवार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शेखपुरा क्षेत्र में नाबालिग बच्ची गुड़िया के साथ हुए दुष्कर्म की घटना ने पूरे जिले को सदमे में डाल दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद पीड़िता के परिजनों ने कांग्रेस सांसद इमरान मसूद से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।

सांसद इमरान मसूद ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। समाज का हर व्यक्ति पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। सांसद ने यह भी घोषणा की कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराई जाएगी, जिससे अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल पाए।

उन्होंने घटना को बेहद दुखद बताया और कहा कि प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्यवाही कर रहा है।

## वृतांत सुनाया

**चिलकाना।** ग्राम पटनी में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में शिव मंदिर प्रांगण में चल रही श्री राम कथा में प्रवचन करते हुए दिव्य योगी राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि भरत की भक्ति, त्याग, भाई के प्रति प्रेम, प्रजा के प्रति अनुराग एवं देश प्रेम वंदनीय है।

शुक्रवार की कथा में महाराज ने कहा कि भरत मिलाप की कथा भाई-भ्राता के अटूट प्रेम और पारिवा. रिक एकता का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि भगवान राम ने अपने पिता के वचन का पालन किया और अपने भाई भरत के प्रेम को भी स्वीकार किया। भरत मिलाप को भारत में कई जगहों पर उत्सव के रूप में मनाया जाता है, खासकर वाराणसी में, जहां इसे नाटी इमली क्षेत्र में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। धर्म रूपी राम, त्याग और समर्पण रूपी भरत के प्रेम के आगे हार जाते है।

# मौतों पर गंभीर नहीं प्रदेश सरकार: आशु

## देहात विधायक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति के समक्ष उठाए स्वास्थ्य मुद्दे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी से देहात विधायक आशु मलिक ने उत्तर प्रदेश विधानसभा याचिका समिति के समक्ष पिछले एक दशक से जल प्रदूषण के कारण 400 से ज्यादा की मौत का मुद्दा उठाते हुए इस समस्या के निदान के लिए विस्तृत कार्य योजना शासन स्तर पर बनाये जाने की मांग की।



लखनऊ में आयोजित बैठक में देहात विधायक ने कहा कि जनपद के अन्तर्गत हिण्डन, कृष्णा, ढमोला और काली नदी के जलप्रदूषण के कारण गांवों में पिछले एक दशक से चार सौ से अधिक व्यक्तियों की मौत है। जल जनित बीमारियों व कैंसर आदि रोगों से हो गयी है। ढमोला सलेमपुर, भूखडी, पीकी, मढ, गोकलपुर, मुल्ला नगराजपुर, गागलहेडी, हरोडा, तेलीपुरा, पाल्ली, महेश्वरी, सरकडी खुमार, सोना सय्यद माजरा, घन्ना खण्डी, खेडी मेहिद्दीनपुर, मालहेडी, माटकी आदि के गांव दूषित जल के कारण गंभीर रोगों से प्रभावित है। नियम 51 के अन्तर्गत इस विषय को उठाया गया था जिसके बाद प्रभावित क्षेत्रों में सैम्पल लेकर इलाज कराने की व्यवस्था की गयी थी, लेकिन कैम्पों में कैंसर जैसे रोगों के विशेषज्ञ शामिल नही हुए। उन्होने प्रभावित क्षेत्रों में एक कैंसर विशेषज्ञ टीम बनाये जाने की मांग की। इसके अलावा उन्होने कहा कि ग्राम पंचायत शंकलापुरी में वर्ष 2024 में एक स्वास्थ्य केन्द्र बनाया गया था, लेकिन अभी तक उसमें न तो कोई चिकित्सक और न ही कर्मचारी तैनात हुआ।

# दस हजार की रिश्वत लेते पकड़ा वरिष्ठ सहायक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भ्रष्टाचार निवारण संगठन की टीम ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ सहायक राकेश कुमार को 10000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निवारण संगठन के नेतृत्वकर्ता निरीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में यह ट्रैप ऑपरेशन किया गया। शिकायतकर्ता मनोज कुमार पुत्र महेंद्र सिंह, निवासी ग्राम तिवाया, थाना गागलहेड़ी ने बताया कि राकेश कुमार, जो मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के पद पर 5 नवंबर 1999 से कार्यरत हैं, ने मृतक कर्मचारी के आधार पर उनकी नौकरी पक्की करने के एवज में 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

एंटी करप्शन टीम ने शिकायत की जांच के बाद आज दोपहर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में ट्रैप लगाया और राकेश कुमार को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

आरोपी 30 अप्रैल 2038 को सेवानिवृत्त होने वाला है। इस मामले में थाना एंटी करप्शन में अभियोग पंजीकृत किया गया है, जिसकी विवेचना निरीक्षक कुशलवीर सिंह द्वारा की जा रही है।

## टीन शैड व दीवार गिरने से दबकर भैंस की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तेज हवा के कारण टीन शेड और दीवार गिरने से एक ग्रामीण की लगभग डेढ़ लाख रुपये कीमत की भैंस दबकर मर गई। पीड़ित व ग्रामीणों ने तहस. ीलदार से मुआवजा दिलाए जाने की माँग की है।

थानाक्षेत्र के गाँव सम्भलहेड़ी निवासी अर्जुन पुत्र प्रेम ने तहसील कार्यालय पहुँच कर तहसीलदार को एक पत्र सौंप कर बताया कि वह गरीब मजदूर व्यक्ति है और भैंस का दूध बेच कर परिवार का पालन पोषण करता है।16 मई को आयी आँधी के कारण वह टीन शेड और दीवार गिर गई जिसके नीचे उसकी लगभग डेढ़ लाख रुपये की कीमत की भैंस बंधी हुई थी।दीवार और टीन शेड के नीचे दबकर भैंस की मौके पर ही मौत हो गई।

भैंस की मौत से उसके सामने परिवार के पालन पोषण की समस्या खड़ी हो गई है। पीड़ित अर्जुन व ग्रामीणों ने मुआवजा दिलाए जाने की माँग की है।

# अच्छे को सम्मानित व लापरवाह को करें दंडित: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही लापरवाही करने वालों को दण्डित किया जाये।

जिलाधिकारी ने यह बात कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक में कही। डीएम ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अच्छा कार्य करने वाले अध्यापकों को प्रोत्साहित करें और लापरवाही करने वालों पर कडी कार्रवाई करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अवगत कराया कि शिक्षा के नवाचार से जनपद के प्राथमिक विद्यालयो में अप्रेल माह में 1028 विद्यालयों के 8 हजार 500 से अधिक छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। जिस पर जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित करने के साथ पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले 21 अध्यापकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने वाले 12 विद्यालयों को पुरस्कार स्वरूप इन्वर्टर देने के भी निर्देश दिए। जिनमें उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहनपुर गाड़ा, दबकोला कंपोजिट, सरसोंहेड़ी कंपोजिट, प्राथमिक विद्यालय लबक.



ारी, अनवरपुर बरौली, नाफेपुर, ओलरी, नगला वेद बेगमपुर, चकवाली, छज्जा, रामगढ़ और कंपोजिट विद्यालय टोली को इनवर्टर दिया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, परियोजना निदेशक पीडी डीआरडीए प्रणय कृष्ण, डीसी मनरेगा इंद्रजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी कोमल, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चाईना व टर्की का पुतला फूंका

**सहारनपुर।** रायवाला कपड़ा मार्केट के तत्वावधान में व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम नारंग के नेतृत्व में व्यापारियों ने नारेबाजी कर चीन व तुर्की के खिलाफ रोष व्यक्त किया तथा चीन व तुर्की का पुतला आग के हवाले करते हुए दोनों देशों से व्यापार ना करने की शपथ ली।

व्यापार मण्डल के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम नारंग के नेतृत्व में कपड़ा रायवाला चौक पर हुए तथा चीन व तुर्की के खिलाफ नारेबाजी कर रोष व्यक्त किया तथा दोनों देशों का पुतला आग के हवाले किया। इस अवसर पर राधेश्याम नारंग ने कहा कि भारत और पाकिस्तान की जंग में चीन और टर्की ने हमारे दुश्मन देश पाकिस्तान का साथ दिया है। हम इसका कड़ा विरोध करते है और प्रण लेते है कि कभी भी दोनों देशों से कोई व्यापारिक संबंध नहीं रखेंगे जो पहले के ऑर्डर गए हुए है वो ही माल प्राप्त कर आगे कभी भी कोई ऑर्डर नहीं किया जाएगा। उन्होंने भारत की सरकार से मांग करते हुए कहा कि तुर्की और चीन से हर प्रकार के संबंध खत्म करने चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि चीन की आर्थिक स्थिति को तोड़ने के लिए भारतीय व्यापारियों को कम से कम ब्याज पर ज्यादा से ज्यादा लोन दिया जाए टैक्सों में सहूलियत दी जाए ताकि भारतीय व्यापारी कम कीमत पर सस्ते से सस्ता इलेक्ट्रॉनिक और तमाम वस्तुएं बना सके। मुख्य संरक्षक खैराती लाल अरोड़ा, पंसारी बाजार के प्रधान सुभाष धमीजा ने कहा की चीन तो हमारे देश का पूराना दुश्मन है ही लेकिन तुर्की ने भी गद्दारी की है। कार्यक्रम को फल मंडी के प्रधान हाजी परवेज, महामंत्री गुलशन सोनी, अमित माहेश्वरी ने भी सम्बोधित कियास। पुतला फूकने वाले व्यापारियों में कपिल बजाज, विनोद अनेजा, गुल्लू पांचाल, अंकित कोचर, गगन अरोड़ा, रोहित नारंग, गौरव नारंग, दीपक सैनी, सचिन रस्तोगी, मोहित छाबड़ा, गौरव नारंग, गोपाल आदि शामिल रहे।

# भारतीय कुराश टीम में चयन को बहाया पसीना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय कुराश टीम में चयन के लिये आज खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन किया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित चयन प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व मंत्री संजय गर्ग, अंतर्राष्ट्रीय कुराश एसोसिएशन के तकनीकि निदेशक रवि कपूर व विशिष्ट अतिथि पुण्य गर्ग द्वारा किया गया। द इंडियन कुराश एसोसिएशन के महासचिव विक्रान्त कुमार ने बताया कि 31 जुलाई से 5 अगस्त तक कोरिया में होने वाली एशियन कुराश जूनियर व कैडेट चौम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया गया जिसमें देशभर से 18 राज्यो से लगभग 270 खिलाड़ियो व 25 निर्णायको ने प्रतिभाग किया।



कैडेट बालक वर्ग के -38 किग्रा में हरियाणा के अधी, -42 किग्रा में पंजाब के दीपक, -46 किग्रा में हरियाणा के योगेश, -50 में शिवम, -55 में पंजाब के अन्य शर्मा, -60 किग्रा में हरियाणा के शिवम, -65 किग्रा में घनश्याम, -71 में अरविंद, + 83 में हरियाणा के प्रिन्स, जूनियर बालक के अलग-अलग वर्गो में हरियाणा के हिमांशु, तरूण, मोहित, कुणाल, महाराष्ट्र के अजीत, दिल्ली के राज यादव, पंजाब के आरूष, वैभव व हिमाचल के शौर्य,

कैडेट बालिका वर्ग के अलग-अलग वर्गो में पंजाब की करिश्मा, सीमा, तरणदीप, शगुन, हरप्रीत कौर, तमिलनाडु की शोमिनी, हरियाणा की खुशी, जूनियर बालिका के अलग-अलग वर्गो में यूपी की वनिका, पंजाब की हर्षिका, मनिर, इस्मित कौर, मनक, हरनूर कौर, सुखमनप्रीत कौर हरियाणा की खुशी, दिल्ली की जीविका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

उत्तर प्रदेश कुराश एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, माँ शाकुंभरी विश्व विद्यालय के खेल निदेशक संदीप गुप्ता, भारतीय खेल प्राधिकरण की प्रशिक्षक किरन, सोमबीर, राहुल व्यास, अंकुश नागर, डॉ शक्ति, राजेश कुमार, मोहित शर्मा, अंशुल, अंतरिक्ष, मंजू नायल, ध्रुवेश, दिव्यांश, दीक्षा आदि ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# जनमंच व कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने आज दोपहर जनमंच एवं कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कन्वेंशन सेंटर को स्मार्ट सिटी की आय का महत्वपूर्ण जरिया बताते हुए उसे शीघ्र चालू कराने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह व स्मार्ट सिटी के अन्य अभियंताओं के साथ कन्वेंशन सेंटर का निरीक्षण करते हुए भवन निर्माण पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी को आत्म निर्भर बनाने में कन्वेंशन सेंटर एक अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने उसके संचालन के लिए टेंडर प्रक्रिया और विद्युत कनेक्शन कराने के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने कन्वेंशन सेंटर के किचन स्लैब को और थोड़ा ऊपर उठवाने का सुझाव दिया तथा सेंटर के बाहर कराये जा रहे नाली निर्माण कार्य को तीन दिन में पूरा करने को कहा।

नगरायुक्त ने जनमंच का निरीक्षण करते हुए उसके और अधिक सुदृढ़ीकरण पर जोर दिया। उन्होंने इसके लिए जनमंच परिसर के लिए एक ले आऊट बनाने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। उन्होंने जनमंच परिसर और कन्वेशन सेंटर परिसर की साफ सफाई रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता बी के सिंह के अलावा स्मार्ट सिटी के सहायक परियोजना प्रबंधक शिवेंद्र व अन्य अवर अभियंता मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त 70 शिक्षक किए गए सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एससी एसटी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने आज सेवानिवृत्त हुए 70 शिक्षकों को उनके योगदान के लिये सम्मानित किया।

दिल्ली रोड स्थित एक होटल में आयोजित शैक्षिक एवं उन्नयन गोष्ठी में रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम, एडी बेसिक राजेश कुमार सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल एवं वित्त एवं लेखाधिकारी इन्द्रेश कुमार द्वारा प्रदान किया गया। विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि शिक्षक एक दिये के समान है जो अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, क्योंकि उसके दायित्व हमेशा समाज का मार्गदर्शन करते रहते है। जिलाध्यक्ष राकेश नौटियाल ने सभी अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विक्रम सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष कुंवर सिंह बर्मन, जिला कोषाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, मंडल मंत्री बर्मन सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम में लहरी सिंह, प्रमोद नौटियाल, सुधीर कुमार, देवेंद्र कुमार, विश्वास, चंचल कुमार, दीपक कटारिया, संजय सहवाल, अनिल कुमार व श्वेता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता समय सिंह द्वारा की गई।

# पुरस्कार वितरण के साथ प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई।



डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन समापन पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन ने विजेता खिलाडियों को पुरस्कार प्रदान किये। प्रतियोगिता के ब्वायज सिंगल अंडर 12 में अभिनंव चौधरी ने विनर, दिव्यांगश रनरअप, अंडर 15 में उत्कृष चौहान विनर, राज रनरअप, अंडर 19 में उत्कृष चौहान विनर, वंश बतरा रनरअप रहे। गर्ल्स सिंगल अंडर 13 में आराध्या सिंह विनर, पाखी चौधरी रनरअप, अंडर 15 में सृष्टि विर, आराध्या सिंह रनरअप, अंडर 19 में प्रगति गुप्ता विनर, कनिष्का रनरअप रहे। ब्वायज डबल अंडर 13 में अभिनव आर्यवीर विनर, सोहम, प्रेवीर रनरअप, अंडर 15 में अर्जुन बीर सिंह बतरा व उत्कृष चौहान विनर, भाविक अरोरा, आयांश सिंघल रनरअप, अंडर 19 में अभिनव व पयावम विनर, गर्व व राज रनरअप, गर्ल्स डबल अंडर 13 में प्राची व गुरसीन कौर विनर, साजूरी व विभूति रनरअप, अंडर 15 में पाखी व गुरसीन विनर तथा नुपुर व मंजू रनरअप रहे। प्रतियोगिता के रैफरी अंशुल कुमार, मैच कंट्रोलर मनीष कुमार, अम्पायर अंश हांडा, अवि त्यागी, आरव तोमव, राज, नीशू राणा व अनिरूद्ध रहे। अंत में डा.संदीप गुप्ता ने सभी विजेताओं व उपविज. ेताआ को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**गागलहेड़ी।** पुलिस ने हत्या का प्रयास करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जिसको जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने जानकरी देते हुए बताया कि महिला पर धारदार हथियार से हमला करने वाले एक आरोपी रजत पुत्र विनोद निवासी कैलाशपुर को उसके घर से गिरफ्तार किया है । पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि कुछ दिन पहले मेरा मेरे ही गाँव के रहने वाले एक व्यक्ति से किसी बात को लेकर आपस में कहा सुनी हो गयी थी जिससे क्रोधित होकर मैंने उसकी पत्नी पर बलकटी से वार किया जिस कारण उसके हाथ में चोट लग गयी। फिर मैं वहाँ से भाग गया था। पकडे गए आरोपी के पास से एक बलकटी भी बरामद हुई और इसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# सम्पादकीय

शनिवार, 17 मई 2025

## शौर्य का प्रतीक सिंदूर

भारतीय महिला के माथे का सिंदूर न केवल सुहाग का, बल्कि शौर्य का प्रतीक भी है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। यह बात सौ प्रतिशत सही है कि भारतीय महिलाओं का सुहाग सिंदूर से ही प्रतीत होता है, लेकिन जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर महिला के पतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया, तभी से ये सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अभी तो ये केवल ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी है। उनका कहना था कि अभी ऑपरेशन सिंद.ूर जारी है। रक्षा मंत्री ने बताया कि अभी पाकिस्तान को एक मौका दिया जा रहा है कि वह सुधर जाए, नहीं तो अबकी बार उससे भी बड़ा हमला हम करेंगे। उनका यह कहना जवानों में और जोश भर गया। वास्तव में भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। चीन की सेना पैसों के लिए लड़ती है, जबकि भारत की सेना देश के लिए लड़ती है। जिस शौर्य से भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में नाकाम किया है, उससे भारतीय सेना की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोषता है और इसके लिए वह आईएमएफ से धन भी लेता है। आईएमएफ को धन देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि पाकिस्तान किस मद के लिए धन ले रहा है, लेकिन आईएमएफ ने भी शायद आंखें बंद कर ली हैं। भारत ने आईएमएफ को याद दिलाया है कि वह पहले पाकिस्तान से यह पूछे कि वह धन किस लिए ले रहा है, अगर अपने देश के विकास के लिए धन चाहिए, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है। अगर पाक आतंकवाद के लिए धन मांग रहा है, तो फिर भारत अपनी आपत्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठा सकता है। पाकिस्तान ने एक बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वादा किया था कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है, लेकिन उसने धोखा दिया और अब तक धोखा देता आ रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद समर्थित होने के और सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। भारत की मंशा साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं कर देता, उससे किसी प्रकार की कोई बात संभव नहीं है। इसीलिए अब भारत सरकार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट करने हेतु बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजने जा रही है। कांग्रेस ने इस पहल में भाग लेने की सहमति दी है। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। जब पाकिसतान के खिलाफ सबूत एकत्र हो जाएंगे, तब उन्हें यूएन में रखा जाएगा और तब पाकिस्तान दुनिया से अलग-थलग हो जाएगा। भारत की यही रणनीति है। उधर पाक का साथ देने के लिए तुर्की के बायकाट की तैयारी भी भारत ने तेज कर दी हैं। भारत पाकिस्तान के बीच जब तनाव का माहौल था, तब तुर्की ने सबसे पहले पाकिस्तान का साथ दिया था। जिसके बाद से भारत में तुर्की के सेबों का बायकाट ट्रेंड तेजी से चल रहा है। इसके कारण तुर्की को 821 करोड़ का झटका लग सकता है। भारत में तुर्की उत्पादों का बहिष्कार होना शुरू हो गया है, खासकर सेब का। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की, जिसमें ड्रोन की आपूर्ति भी थी। जब से ये सच तुर्की का सामने आ गया, तब से भारत में बॉयकाट का ट्रेंड तेजी से चल रहा है।

### इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह को बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए, हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं, सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है, इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और श्री मोदी छिपे नहीं रह सकते, अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा वड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात श्री मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता**

# हाईपरटेंशन से जन्म लेती हैं अन्य बीमारियां




बदली जीवनशैली के चलते देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोग हाईपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त हैं। हाई बीपी कई दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। इसका नियमित चेकअप जरूरी है। वहीं यदि लक्षण सामने आएं तो डॉक्टरी सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हाईपरटेंशन हमारी सेहत के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा भी बढ़ता है, लेकिन आजकल अनियमित जीवनशैली के चलते कम उम्र के व्यस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। हाईपरटेंशन पीड़ित अधिकतर लोगों को जागरूकता न होने पर पता ही नहीं चलता, जब तक कोई समस्या न खड़ी हो जाए। दुनिया में एक बहुत बड़ी तादाद में लोग हाईपरटेंशन से ग्रस्त हैं जिनमें से दो-तिहाई लोग विकासशील देशों में हैं। भारत की बात करें तो हर तीन में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन की समस्या है। गांवों में 10 प्रतिशत व शहरों में 25 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त हैं। मरीजों में से दो-तिहाई की उम्र 60 साल से कम होती है। वहीं 85 प्रतिशत लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें हाईपरटेंशन के विकार के साथ कोई दूसरी बीमारी भी होती है।

### क्या है हाईपरटेंशन

हृदय हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और उससे ब्लड सर्कुलेशन पूरे शरीर में होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय होने वाले ब्लड के दवाब को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है तब प्रेशर ज्यादा होता है जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं दूसरी बीट से पहले हार्ट रिलेक्स कर रहा होता है तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर में अंतर हो सकता है। व्यक्ति को ब्लड प्रेशर के नंबर जानना जरूरी है यानी सिस्टोलिक (ऊपर वाला) और डायस्टोलिक (नीचे वाला) का पता होना चाहिए। ब्लड प्रेशर दैनिक प्रक्रियाओं से प्रभावित होता है। अगर व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे अधिक हो तो इसे हाईपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर की अवस्था कहते हैं। कई बार हार्ट आर्टरीज पर दबाव पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक हो जाती है। ब्लड सर्कुलेशन बाधित होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए ब्लड प्रेशर के दोनों पॉइंट्स को कंट्रोल करना जरूरी है। खासकर 55-60 साल से ज्यादा उम्र के बाद सिस्टोलिक हाईपरटेंशन का नियमित चेकअप कराना जरूरी है। इससे कार्डियोवेस्कुलर डिजीज होने का खतरा रहता है।

### दो तरह का हाईपरटेंशन

**प्राइमरी हाईपरटेंशन**- इसके अधिकतर मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर का कोई कारण स्पष्ट नहीं होता।

**सेकेंडरी हाईपरटेंशन**-यानी किसी बीमारी या दूसरे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाईपरटेंशन को नियंत्रित रखने के लिए इसके कारण को जानना जरूरी है। करीब 95 प्रतिशत लोगों को बिना किसी कारण से एसेंशियल हाईपरटेंशन है जिसे मेडिसिन और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

मरीजों की बड़ी संख्या है, जिन्हें हाईपरटेंशन के कारणों का पता नहीं लगता, जिनमें कारणों का पता चल जाता है, उनका समुचित इलाज किया जा सकता है। छोटे बच्चों और युवाओं में हाईपरटेंशन के कई सेकेंडरी कारण रहते हैं। जैसे-अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, खाने में नमक की अधिकता, पढ़ाई और कैरियर को लेकर तनाव, मोटापा, किडनी की बीमारी, आर्टरीज में ब्लॉकेज, हार्मोन संबंधी तकलीफ, गर्भावस्था, थायरॉयड, फैमिली हिस्ट्री, स्मोकिंग, एल्कोहल और नमकीन स्नैक्स का अधिक सेवन।

### कैसे जानें हाई ब्लड प्रेशर को

हाईपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इससे ग्रस्त 90 % रोगियों में इसके कोई लक्षण नहीं होते। बढ़ने पर सिरदर्द, धड़कन तेज होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना व थकावट आदि लक्षण होते हैं।

### क्या है रिस्क

सामान्य व्यक्ति में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 और डायसिस्टोलिक 90 से नीचे होना चाहिए। जबकि डायबिटीज के मरीजों में रिस्क बहुत बढ़ जाता है इसलिए उनका ब्लड प्रेशर 130/80 से कम होना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर को पहचानकर सही इलाज न हो तो इसका बढ़ा हुआ स्तर हार्ट, ब्रेन, लिवर, आंखों आदि को क्षति पहुंचाता है। मरीज को कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे- हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, पैरालाइसिस होने का खतरा, रेटिनल हैमरेज, पेरिफरल मस्कुलर डिजीज, किडनी फेल्योर आदि।

### समुचित उपचार है जरूरी

हाईपरटेंशन के मरीज लक्षण या दिक्कत महसूस न होने पर आमतौर पर उपचार कराने से कतराते हैं, लेकिन इससे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दूसरी समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है।

जबकि हाई ब्लड प्रेशर की जांच शुरुआती स्टेज पर होने और समुचित ध्यान रखने पर इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. मरीज को जीवनशैली में बदलाव लाने की सलाह देते हैं। अगर 2 महीने तक मरीज का हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं आता, तो उसे मेडिसिन दी जाती हैं।

### ऐसे करें बचाव

जरूरी है नियमित रूप से हाई ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और जानें कि आपका ब्लड प्रेशर स्टेटस क्या है। अगर आप प्री. हाईपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाने जरूरी हैं। समुचित जांच, सही सलाह और जीवनशैली में बदलाव से सिस्टोलिक हाईपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर युवाओं को अपना ब्लड प्रेशर जरूर चौक कराना चाहिए।

अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा हो तो डॉ. को कंसल्ट करें। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियां हों। केला, मौसमी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटेशियम रिच पदार्थों का सेवन अधिक करें। फास्ट फूड, जंक फूड व वसायुक्त आहार से परहेज करें। ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं। चाय-कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। घर पर ब्लडप्रेशर मॉनीटर से रेगुलर चेक करें। अगर आपका ब्लड प्रेशर काफी समय से 140/90 मिमी एचजी से अधिक हो तो डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें। वॉक, योगा, मेडिटेशन या एक्सरसाइज करें।

# समाज से कब बंद होंगे नफरती बोल

**सोशल मीडिया पर सेना और शहीदों के परिजनों को निशाना बनाते ट्रोलर्स के रवैये से देश में आक्रोश देखा गया। शहीद की विधवा हिमांशी नरवाल द्वारा कश्मीरियों के प्रति सौहार्द की अपील को भी ट्रोल किया गया। राजनीतिक दबाव के चलते मंत्री शाह के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मंत्री को संवेदनशील समय में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए।**

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गई। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था।

निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिए वक्त की आवाज भी थी, लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ गटर की भाषा इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगाई। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिए गुहार लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं, लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की।

यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिए कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि




चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिए अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिए सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल

दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

### जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

### करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुक.ारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका



### कौन थे सैयद राजू

**सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।**

### मजलिस का आगाज


**हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़वी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।**

इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।

### रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610**
**email id-ziaabbaszaidist@gmail.com**



ज़िया अब्बास ज़ैदी

# भारत-अफगान संबंधों में बढ़ी नजदीकियां

## जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात

नई दिल्ली, वार्ता

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार रात अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री मावलवी आमिर खान मुत्ताकी से फोन पर बातचीत की। जयशंकर ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करने के लिए मुत्ताकी को शुक्रिया कहा।

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के उन आरोपों को खारिज कर दिया था, जिनमें कहा गया था कि भारतीय मिसाइलों ने अफगानिस्तान को टारगेट किया। जयशंकर ने इस बात के लिए भी अफगान सरकार का शुक्रिया किया। यह भारत और अफगानिस्तान की तालिबान सरकार के बीच मंत्री स्तर की पहली बातचीत थी। जयशंकर ने कहा कि भारत और अफगान लोगों के बीच जो पुराना दोस्ताना रिश्ता है, उसे दोहराया गया और भविष्य में इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर बातचीत हुई। तालिबान के विदेश मंत्री ने भारत से अफगान व्यापारियों और मरीजों के लिए भारतीय वीजा की सुविधा की मांग की। इसके अलावा भारत में अफगान कैदियों



की रिहाई और स्वदेश वापसी का भी अपील की। जयशंकर ने इन मुद्दों को तुरंत हल करने की बात कही। भारत ने अफगानिस्तान में तालिबान की एंट्री के बाद 25 अगस्त 2021 को तत्काल प्रभाव से वीजा देना बंद कर दिया था।

तालिबान के सत्ता में आने के बाद वहां की सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था। तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद भारत और तालिबान सरकार के बीच बातचीत की शुरुआत जनवरी में हुई थी। जनवरी में विक्रम मिसरी और मुत्ताकी के बीच दुबई में बैठक हुई थी। तब अफगान विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान के लोगों से जुड़ने और उनका समर्थन करने के लिए भारतीय नेतृत्व की सराहना की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय के जाइंट सेक्रेटरी आनंद प्रकाश ने 28 अप्रैल को मुत्ताकी से मुलाकात की थी। उस दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी। अब एस जयशंकर और मुत्ताकी की फोन पर बातचीत हुई है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और तालिबान के विदेश मंत्री मुत्ताकी के बीच 8 जनवरी को दुबई में बातचीत हुई थी। भारत ने अब तक तालिबान सरकार को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है, लेकिन भारत ने पिछले 20 सालों में अफगानिस्तान को 20 हजार करोड़ रुपये की मदद कर चुका है। पिछले साल नवम्बर में तालिबान ने मुंबई स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास में अपना डिप्लोमैट अपाइंट किया था। रूस, चीन, तुर्की, ईरान और उज्बेकिस्तान में पहले से ही अफगान दूतावास हैं। कतर के मीडिया संस्थान अलजजीरा ने कहा कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्तों में धीरे-धीरे नजदीकी बढ़ रही है। एक्सपर्ट राघव शर्मा ने कहा कि भारत जानता है कि तालिबान सरकार को नजरअंदाज करना अब मुमकिन नहीं है। भारत हमेशा अफगानिस्तान को 'रणनीतिक रूप से अहम' देश बताता रहा है। जब तालिबान सत्ता में आया, तो भारत ने उसे लगभग नजरअंदाज कर दिया था और सिर्फ जरूरत पड़ने पर ही ध्यान दिया। तालिबान के पाकिस्तान के रिश्ते अब अच्छे नहीं हैं। ऐसे में वह दुनिया को दिखाना चाहता है कि वे सिर्फ पाकिस्तान के भरोसे नहीं हैं। तालिबान अब भारत जैसे देशों से संपर्क बढ़ाकर यह दिखाना चाहता है कि उनके पास और भी विकल्प हैं और वे सिर्फ पाकिस्तान की कठपुतली नहीं है।

## पंजाब के जालंधर में पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार

**जालंधर।** गुजरात पुलिस ने शुक्रवार को जालंधर पुलिस की मदद से एक संयुक्त ऑपरेशन में पाकिस्तानी जासूस मोहम्मद मुर्तजा अली को जालंधर के भार्गव कैंप क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। इस ऑपरेशन में पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चार मोबाइल फोन और तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोहम्मद मुर्तजा अली गांधी नगर में किराये के मकान में रहता था और वहां एक आलीशान कोठी का निर्माण भी करवा रहा था।




नई दिल्ली। तुर्की के पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी पोस्टर पकड़े हुए।

## हमने 1971 की जंग का बदला लिया: शहबाज शरीफ

### पाक पीएम ने कहा: शांति के लिए बातचीत को तैयार, कश्मीर मुद्दा शामिल करना होगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ नें सैनिकों से बात करते हुए कहा कि, इस जंग में हमने 1971 की जंग का बदला ले लिया है। शहबाज ने पंजाब में कामरा एयरबेस पर पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित करते समय यह बात कही।

इस दौरान उनके साथ डिप्टी पीएम इशाक डार, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, सेना प्रमुख असीम मुनीर, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू भी थे। इसके अलावा उन्होंने भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ शांति के लिए बातचीत करने के



लिए तैयार है, लेकिन इसमें कश्मीर मुद्दे को शामिल करना होगा। वहीं, पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने दावा किया कि पाकिस्तान ने सीजफायर की कोई मांग नहीं की थी। उन्होंने दावा किया कि भारत ने पहले हमला रोका था। भारत-पाक ने 3 बार सीजफायर बढ़ाया इशाक डार ने संसद में दावा किया कि पाकिस्तान और भारत के सैन्य अभियान महा. निदेशकों (डजीएमओ) ने सीजफायर पर चर्चा के लिए हाटलाइन पर बात की। द डान की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि दोनों देशों के डीजीएमओ के बीच अब 18 मई को बातचीत होगी। डार ने संसद में कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 4 दिन तक सीमा पार से ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद सैन्य संघर्ष रोकने के लिए 10 मई को सहमति बनी थी। इसे 12 मई तक बढ़ाया गया और फिर 14 मई और फिर 18 मई तक किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता होगी और सभी समस्याओं का हल निक. ालने पर बात की जाएगी।

## नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 85 किलो हेरोइन बरामद

**तरनतारन।** पंजाब में तरनतारन पुलिस ने ब्रिटेन स्थित ड्रग हैंडलर लल्ली द्वारा संचालित एक सीमा पार, आईएसआई-नियंत्रित-पाकिस्तान आधारित नार्को-तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और उसके भारत स्थित ऑपरेटिव, अमरजोत सिंह उर्फ जोता संधू, गांव भिट्टेवाड़, अमृतसर ग्रामीण निवासी को गिरफ्तार कर उसके पास से 85 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि अमरजोत सीमा पार के तस्करों से खेप प्राप्त कर रहा था और पूरे पंजाब में ड्रग्स की आपूर्ति कर रहा था। उसका निवास नेटवर्क के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में काम करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### यमन से आने वाली मिसाइल को रोका गया: इज़रायल

**यरूशलेम।** इज़रायल ने गुरुवार शाम को यमन से उनकी ओर दागी गई मिसाइल को रोक लिया। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में यह जानकारी दी। इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा, मैगन डेविड एडोम ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, सिवाय कुछ मामलों में घबराहट और आश्रय की ओर भागते समय लोगों के घायल होने के। इज़रायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी न्यूज़ ने वेस्ट बैंक में एलोन श्वुत की इज़राइली बस्ती में मिसा. इल के कुछ हिस्सों के गिरने की फुटेज प्रकाशित की। आईडीएफ ने प्रक्षेपण के बाद तेल अवीव और यरुशलम सहित मध्य इज़रायल के बड़े क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

### अल नाहयान व ट्रम्प ने की साझेदारी बढ़ाने के लिए वार्ता

**अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने गुरुवार को अबू धाबी में राष्ट्रपति भवन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ वार्ता की। जिसमें दोनों देशों की अपनी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई। यूएई की सनकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएएम के अनुसार दोनों नेताओं ने निवेश, ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उद्योग सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। शेख मोहम्मद ने यूएई-अमेरिका संबंधों की गहराई पर प्रकाश डाला, जो उन्होंने कहा कि पांच दशकों से अधिक समय तक फैला हुआ है।

### भारतीय विदेश व्यापार संस्थान का पहला परिसर दुबई में खुला

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले स्वायत्त शैक्षणिक निकाय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) ने भारत से बाहर अपना पहला परिसर संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में शुरू किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह संस्थान की वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार शिक्षा में भारत की भागीदारी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्थान का दुबई परिसर शिक्षा मंत्रालय से अनुमोदन और विदेश मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के साथ संभव हुआ है।

## इजरायल ने किया घातक हवाई हमला, 93 लोगों की मौत

### गाजा के कई क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही, सैकड़ों लोग घायल

**गाजा।** इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच एक बार फिर इजरायल ने गाजा पर जोरदार और घातक हवाई हमला किया। शुक्रवार को हुए ताजा हवाई हमलों में कम से कम 93 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इन हमलों में सैकड़ों लोग घायल भी हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें, तो गाजा के दीर अल-बलाह और खान यूनिस जैसे क्षेत्रों में रातभर बमबारी होती रही।

इतना ही नहीं जबालिया शरणार्थी कैंप और बैत लाहिया जैसे क्षेत्रों से लोग जान बचाकर पैदल, गाड़ियों और गधों पर सवार होकर भागते नजर आए। बता दें कि इजरायल इन दिनों लगातार गाजा पर हमला कर रहा है। ये हमला ऐसे समय में हो रहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मिडिल ईस्ट

**जबालिया शरणार्थी कैंप व बैत लाहिया से लोग जान बचाकर भागते नजर आए**


कें आखिरी दिन के दौरे पर थे। हालांकि ट्रंप ने अपने इस दौरे के माध्यम से कई बार ऐसा संदेश दिया है कि वो गाजा पर ध्यान दे रहे है और इस युद्ध को खत्म करने के प्रयास में लगे हुए हैं।

मामले में एक विस्थापित नागरिक फैसल अल-अत्तर ने कहा कि सेना ने हम पर बम बरसाए, हमने मुश्किल से घर छोड़ा, कुछ भी साथ नहीं ले पाए। हालांकि इजरायली सेना ने दावा किया कि उसने शुक्रवार को 150 से ज्यादा ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल अड्डे और सैन्य ढांचे शामिल थे। साथ ही इजरायली अधिकारियों ने कहा कि ये हमले गाजा में बड़े सैन्य अभियान की तैयारी हैं और अगर हमास बंधकों को नहीं छोड़ता तो यह आपरेशन जल्द शुरू हो सकता है। हालांकि दूसरी ओर इसी सप्ताह एक नई अमे. रिकी समर्थित संस्था शगाजा ह्यूमेनिटेरियन फाउंडेशनश ने घोषणा की है कि वह महीने के अंत तक गाजा में राहत पहुंचाने का कार्य शुरू कर सकती है। इसमें अमेरिकी सैन्य दिग्गज, सुरक्षा विशेषज्ञ और पूर्व राहत समन्वयक शामिल होंगे। ध्यान रहे कि इजरायल और हमास के जारी संघर्ष के बीच ये लगातार तीसरा दिन है जब इजरायल ने गाजा पर घातक हवाई हमला किया है। इससे पहले गुरुवार को इजरायल ने दक्षिण गाजा के खान यूनिस शहर पर हवाई हमला किया था, जिसमें 54 लोगों की जान चली गई, वहीं इससे ज्यादा कई अन्य घायल हो गए।

## हांगकांग में कोरोना के 31 मामले मिले

### सिंगापुर अलर्ट पर, कोविड केस में 28 प्रतिशत इजाफा, चीन-थाईलैंड में भी बढ़ सकते हैं मामले

**हांगकांग।** हांगकांग और सिंगापुर में फिर से कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। हांगकांग में 3 मई तक कोरोना संक्रमण के 31 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें कई मौतें भी शामिल हैं। हांगकांग ने भी यह नहीं बताया कि पहला केस कब आया था। सिर्फ जानक. ारी दी है। इससे पहले सिंगा. पुर ने भी कोविड अलर्ट जारी करते हुए इस साल कोरोना के मामलों पर अपना पहला अपडेट जारी किया है।



सिंगापुर में अप्रैल के आखिरी हफ्ते कोरोना के केसों की संख्या 11110 थी, जो मई के पहले हफ्ते बढ़कर 14200 हो गई है। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। इस साल अब तक कोरोना के 14200 मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, रोजाना आधार पर अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। स्वास्थ अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि महामारी एक बार फिर से विक. राल रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के बाकी हिस्सों में भी देखने को मिल सकता है।

हांगकांग में संक्रामक बीमारियों के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ के मुताबिक कोरोना वायरस के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पाजिटिव पाए जाने का चांस इस साल के हाई पर पहुंच गया है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। थाइलैंड में क्लस्टर आउटब्रेक के ऐसे दो मामले सामने आ चुके हैं।

### नाइजीरिया में लासा बुखार से मरने वालों की संख्या 138 हुई

**अबूजा।** अफ्रीका के सबसे अधिक आबादी वाले देश नाइजीरिया में लासा बुखार के प्रकोप से मरने वालों की संख्या इस साल की शुरुआत से 138 हो गई है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक बयान में, नाइजीरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (एनसीडीसी) ने कहा कि अब तक 717 पुष्ट मामले दर्ज किए गए हैं। एनसीडीसी ने कहा कि इस साल अब तक देश के 36 राज्यों में से कम से कम 18 राज्य वायरल रक्तस्रावी बीमारी से प्रभावित हुए हैं, जिसमें दक्षिणी राज्य ओंडो और उत्तरी राज्य बाउची और तराबा सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां कुल पुष्ट मामलों का 71 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी के अनुसार, इस विकास ने देशव्यापी हस्तक्षेप के बावजूद लगातार हॉटस्पॉट का संकेत दिया है। एनसीडीसी ने कहा कि नवीनतम मृत्यु दर के साथ, मृत्यु दर बढ़कर 19.2 प्रतिशत हो गई है, तथा कुल मिलाकर, हताहतों की संख्या में यह वृद्धि चिंताजनक बनी हुई है।

## पुतिन ने की रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख की नियुक्ति

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेना के जनरल ओलेग साल्युकोव को रूसी सुरक्षा परिषद का उप सचिव नियुक्त किया है। रूसी सरकार द्वारा गुरुवार को प्रकाशित एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। जनरल साल्युकोव को रूसी ग्राउंड फोर्सेज के कमांडर-इन-चीफ के अपने वर्तमान पद से मुक्त कर दिया जाएगा, जिस पद पर वह 2014 से है। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने प्रमुख सैन्य अभियानों की देखरेख की और मॉस्को में रेड स्क्वायर पर विजय दिवस सैन्य परेड की कमान संभाली, जिसमें इस साल 9 मई को आयोजित सबसे हालिया परेड भी शामिल है। तास समाचार एजेंसी ने बताया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 1955 में साराताेव में जन्मे जनरल साल्युकोव दशकों का अनुभव रखने वाले सैन्य अधिकारी हैं।

## हूती ने ली इजरायली हवाई अड्डे पर हमले की जिम्मेदारी

**सना/यरूशलम।** यमन के हूती समूह ने गुरुवार रात कहा कि उसने मध्य इज़रायल में बेन गुरियन हवाई अड्डे पर एक नया बैलिस्टिक मिसाइल हमला किया है, जिसे कथित तौर पर रात में इज़रायली रक्षा प्रणालियों द्वारा रोक दिया गया था।

हूती के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने हूती द्वारा संचालित अल-मसीरा टीवी द्वारा प्रसारित एक बयान में कहा कि हमने हाइप. रसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग करके बेन गुरियन हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक गुणात्मक सैन्य अभियान चलाया। प्रवक्ता ने कहा कि बेन गुरियन हवाई अड्डे पर हवाई नेविगेशन पर प्रतिबंध लगाने के लिए हूतियों का अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक कि इज़रायल गाजा पट्टी के फलस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ़ अपना आक्रमण और नाकाबंदी समाप्त नहीं कर देता। इससे पहले रात में इज़रायल रक्षा बलों ने एक बयान में कहा कि उन्होंने यमन से दागी गई एक मिसाइल को रोक दिया। प्रक्षेपण के बाद, आईडीएफ ने मध्य इज़रायल के क्षेत्रों में निवासियों को एक स्मार्टफोन एप्लिकेशन अलर्ट जारी किया।

## रूस-यूक्रेन जंग खत्म करने पर बातचीत शुरू

### तुर्की में दोनों देशों के प्रतिनिधि मौजूद, ट्रम्प बोले: मेरे बिना कोई डील नहीं हो सकती

**अंकारा।** रूस और यूक्रेन में जंग खत्म करने पर तुर्की में बातचीत शुरू हो गई है। इस्तांबुल में हो रही इस बातचीत में दोनों देशों का प्रतिनिधिमंडल शामिल है, जिसकी मध्यस्थता तुर्की के अधिकारी कर रहे हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा मंत्री रुस्तम उमरोव और रूस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पुतिन के सहयोगी व्लादिमिर मेंडिस्की कर रहे हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच फरवरी 2022 से जंग जारी है। बीते 3 साल में ऐसा पहली बार है जब दोनों देशों के बीच शांति को लेकर सीधी बातचीत हो रही है। बातचीत से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेंलेस्की ने कहा कि यह फैसला उन्होंने इसलिए लिया, क्योंकि वे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन का सम्मान करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी डेलीगेशन में कोई भी ऐसा शख्स शामिल नहीं है जो वास्तव में फैसले लेता हो। इससे पहले शांति वार्ता में हिस्सा लेने के लिए पहले जेलेंस्की और पुतिन के शामिल होने की चर्चाएं थीं लेकिन क्रेमलिन ने कहा कि पुतिन इसमें शामिल नहीं होंगे। पुतिन ने शांति वार्ता में न पहुंचने के फैसले के बाद ट्रम्प ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जब तक पुतिन और मैं एक साथ नहीं आते, तब तक कुछ भी होने वाला है, चाहे आप इसे पसंद करें या नहीं। लेकिन हमें इसे हल करना होगा क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं।

### यूक्रेन ने लड़ाकू मिशन पर एफ-16 जेट से संपर्क खो दिया

**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने लड़ाकू मिशन के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू जेट से संपर्क खो दिया। वायु सेना ने एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पायलट द्वारा तीन हवाई लक्ष्यों को नष्ट करने और विमान की तोप से चौथे को नष्ट करने के बाद विमान में एक आपात स्थिति उत्पन्न हुई, पायलट ने विमान को आबादी वाले क्षेत्रों से दूर ले जाने में कामयाबी हासिल की और फिर विमान से बाहर निकल गया और बाद में उसे ढूंढकर निकाला गया। यूक्रेन ने बताया कि पिछले महीने एक 26 वर्षीय पायलट एफ-16 से जुड़े लड़ाकू मिशन पर मारा गया था।

## बीएलए ने 14 पाक सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली

### कहा: पाकिस्तानी सेना किसी कोने में सुरक्षित नहीं

इस्लामाबाद, वार्ता

**बलूच** लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 14 पाकिस्तानी सैनिकों को मारने की जिम्मेदारी ली है। यह हमला 9 मई को बलूचिस्तान के पंजगुर जिले में पाक सेना की गाड़ी पर हुआ था। बीएलए ने 14 मई को सेना का काफिले पर हमले का एक वीडियो भी जारी किया।



बलूच आर्मी ने पाक सेना के खिलाफ अपने हमलों को आप. रेशन हेरोफ नाम दिया है। बीएलए ने बयान जारी कर कहा, बलूचिस्तान की आजादी का आंदोलन लोगों के समर्थन से मजबूत हो गया है। पाकिस्तानी सेना बलूचिस्तान के किसी कोने में सुरक्षित नहीं है। बीएलए ने आप. रेशन हेरोफ के तहत पिछले कुछ हफ्तों में बलूचिस्तान प्रांत में 58 से अधिक जगहों पर 78 कार्डिनेटेड हमलों की जिम्मेदारी ली है। 11 मई को बीएलए की तरफ से जारी किए गए बयान के मुताबिक इनमें केच, पंजगुर, मस्तुंग, क्वेटा, जमुरान, तोलांगी, कुलुकी और नुशकी इलाके शामिल हैं। यहां बीएलए ने पाकिस्तानी सेना, खुफिया ठिकानों और स्थानीय पुलिस स्टेशनों को निशाना बनाया है। इस बयान में बीएलए ने पाकिस्तान को वैश्विक आतंकवादियों का गढ़ बताया। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उसे आतंकवादी देश घोषित करने की मांग की। बीएलए ने कहा कि वे भविष्य में भी पाकिस्तानी सेना और उनके सहयोगियों पर ऐसे हमले जारी रखेंगे। बलूच नेता मीर यार बलूच ने बुधवार को पाकिस्तान से बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान किया। उन्होंने इसके पीछे दशकों से बलूच लोगों के मानवाधिकार हनन, किडनैपिंग और हिंसा का हवाला दिया। मीर यार बलूच ने एक्स पोस्ट में कहा: बलूचिस्तान के लोगों ने अपना 'राष्ट्रीय फैसला' दे दिया है और दुनिया को अब चुप नहीं रहना चाहिए। आओ हमारा साथ दो। उन्होंने लिखा कि बलूच लोग सड़कों पर हैं और यह उनका राष्ट्रीय फैसला है कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है और दुनिया अब और मूक दर्शक नहीं रह सकती।

**Recruitment For Teaching Staff**

**Required:**
Faculty For MCA

Qualification: As per AICTE/AKTU/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

**ISLAMIA DEGREE COLLEGE**
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to AKTU Lucknow
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com